@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika
दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुरूवार, 17 सितंबर 2026
VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 314 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# 'विदेशी दबाव' वाली बात झूठी

## • यूपीआई चार्ज पर सरकार की सफाई- ग्राहकों के लिए पेमेंट अब भी रहेगा फ्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** यूपीआई को लेकर 'विदेशी दबाव' के आरोपों पर केंद्र सरकार ने बुधवार को सफाई दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई से जुड़े फैसले भारत अपने स्तर पर लेता है और इनमें किसी बाहरी देश का दबाव नहीं है। मंत्रालय के मुताबिक, नई व्यवस्था का उद्देश्य डिजिटल पेमेंट सिस्टम को आर्थिक रूप से टिकाऊ, समावेशी और लोगों के लिए सस्ता बनाए रखना है।

दरअसल, 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 रुपये से अधिक के कुछ यूपीआई मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) लागू किया जाएगा। यह शुल्क ग्राहकों पर नहीं, बल्कि मर्चेंट यानी दुकानदार या कारोबारी पर लगाया जाएगा। 75,000 रुपये या उससे अधिक के ट्रांजैक्शन पर MDR की अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी।

**यूपीआई से पैसे भेजना रहेगा मुफ्त**

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि आम ग्राहकों के लिए यूपीआई पहले की तरह मुफ्त रहेगा। दोस्तों या परिवार के लोगों को पैसे भेजने, दुकानों पर भुगतान करने और क्यूआर कोड स्कैन करने जैसे रोजमर्रा के



भुगतान पर ग्राहक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। खास तौर पर व्यक्ति से व्यक्ति यानी PwP ट्रांजैक्शन इस MDR के दायरे में नहीं आएंगे।

**2,000 रुपये तक के भुगतान पर कोई शुल्क नहीं**

नई व्यवस्था में 2,000 रुपये तक के मर्चेंट यूपीआई भुगतान पर भी कोई MDR नहीं लगेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि 95 प्रतिशत से अधिक मर्चेंट ट्रांजैक्शन 2,000 रुपये से कम के हैं। इसके अलावा, यूपीआई QR के जरिए हर महीने 1 लाख रुपये तक कमाने वाले छोटे व्यापारियों को भी शुल्क से बाहर रखा गया है।

### *जरूरी सेवाओं के लिए 5 रुपये की फ्लैट फीस*

रेल टिकट, ईंधन, टेलीकॉम, इंश्योरेंस और कुछ अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत के बजाय 5 रुपये की फ्लैट फीस लागू होगी। सरकार का कह जरूरी सेवाओं 3 लागत का दबाव कोशिश की गई

### नया एमडीआर डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को करेगा मजबूतः फोनपे सीईओ

**नई दिल्ली।** फोनपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने बुधवार को कहा कि यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लागू किए गए नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) ढांचे के तहत ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को वित्तीय रूप से टिकाऊ बनाने के लिए यह कदम जरूरी है। आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फोनपे के सीईओ समीर निगम ने स्पष्ट किया कि ग्राहक पहले की तरह ही बिना

पटना में छ्झीरम घाटी हमला:

# 13 साल बाद हुआ इंसाफ

## • सभी 10 दोषियों को फांसी

### *कांग्रेस के प्रमुख नेताओं समेत 29 लोगों की हुई थी मौत*

**एजेंसी**

**पटना।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में हुए वीभत्स नक्सली हमलों में से एक 2013 के झीरम घाटी हमले में अदालत का फैसला आ गया है। एनआईए की विशेष अदालत ने सभी 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। जगदलपुर स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने इससे पहले 05 सितंबर को आरोपियों को दोषी करार देते हुए




सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। झीरम घाटी मामले में कुल 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई चली थी। ट्रायल के दौरान एक आरोपी की फांसी की सजा सुनाई है उनमें प्रमिला मोडियम, चैतू लेकाम उर्फ मुन्ना, सुमिता उर्फ पुनेम मोडियम, मुक्का मांडवी, कोसा कवासी उर्फ कोसाराम, आयता मरकाम, मडकामी देवा, जोगा मडकामी, बनजामी सन्ना उर्फ चमरू और महादेव नाग शामिल है। 11वें आरोपी की ट्रायल के दौरान मौत हो गई थी, जबकि चार्जशीट में आरोपी के तौर पर नामजद 28 अन्य लोगों को वॉन्टेड बताया गया है। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के बाद कांग्रेस नेताओं का काफिला सुकमा से जगदलपुर लौट रहा था। इस काफिले में कांग्रेस के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। तभी झीरम घाटी में नक्सलियों ने सड़क पर पेड़ गिराकर काफिले का रास्ता रोक दिया। काफिला रुकते ही नक्सलियों ने हमला कर दिया।

# आगामी 19 सितम्बर से शुरू होने वाले भर्ती अभियान में पुलिस एवं होमगार्ड में लगभग 77 हजार पदों पर भर्ती होगी: मुख्यमंत्री योगी

**कौमी पत्रिका**

लखनऊ, 16 सितम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 1.10 करोड़ वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को 12,000 रुपये वार्षिक पेंशन दी जा रही है। इसकी संख्या और राशि और बढ़ाई जाएगी। प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष 07 शिलान्यास करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने उर्वरक नगर में गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित कल्याण मण्डपम् (कन्वेंशन सेण्टर) का लोकार्पण कर अवलोकन किया। कार्यक्रम में विकास परियोजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण घोषणा से पहले 01 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य है। आगामी 19 सितम्बर से शुरू होने वाले भर्ती अभियान में अकेले पुलिस एवं होमगार्ड में लगभग 77 हजार पदों पर भर्ती होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुछ माह पूर्व जिस स्थान पर डेढ़-दो मीटर का गड्ढा, कूड़ा और गन्दगी थी, आज वहां शानदार कल्याण मण्डपम बनकर तैयार हो चुका है।



अक्टूबर, 2026 को पूर्ण होने के अवसर पर 07 अक्टूबर से एक सप्ताह तक विशेष कार्यक्रम होंगे। इस दौरान योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में 40 करोड़ रुपये लागत की 119 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को बिना भेदभाव रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा सहित विभिन्न विद्यालयों में टी0जी0टी0, पी0जी0टी0 तथा बेसिक शिक्षा परिषद के शहरी क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति के विज्ञापन जारी हो चुके हैं। अगले 06 माह में विधानसभा चुनाव की यहां गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह, बच्चों के मुण्डन संस्कार, प्रवचन, सम्मेलन तथा विकास से सम्बन्धित बैठकों सहित विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। अच्छे जनप्रतिनिधियों के चयन और सकारात्मक सोच से विकास के परिणाम दिखाई देते हैं।

**शेष पृष्ठ 3 पर**

# राहुल के हमलों पर सिंधिया का पलटवार

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। एक समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सिंधिया ने कहा कि राहुल गांधी को हर जगह अमेरिका का भूत नजर आता है और वे कभी



राष्ट्र निर्माण की बात नहीं करते। उन्होंने कहा कि राहुल का ध्यान देश में या विदेश में सिर्फ राष्ट्र को नीचा दिखाने पर रहता है, जबकि देश की जनता नकारात्मक सोच को कोई जगह नहीं देती और भाजपा सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है। सिंधिया ने यह पलटवार राहुल गांधी के उन आरोपों पर किया, जिनमें उन्होंने दावा किया था कि सरकार अमेरिकी दबाव में यूपीआई लेन-देन पर शुल्क लगा रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने के बजाय सीधे खड़े होना चाहिए और इस फैसले को वापस लेना चाहिए। इस पर जवाब देते हुए सिंधिया ने स्पष्ट किया कि आम ग्राहकों पर इसका कोई बोझ नहीं पड़ेगा। ग्राहकों से शुल्क वसूलने की कोई सिफारिश नहीं है और ऐसा करना कानून का उल्लंघन और एक आपराधिक कृत्य माना जाएगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों के बीच आपसी लेन-देन (पीयर-टू-पीयर) पूरी तरह मुफ्त रहेगा, चाहे भेजी जाने वाली रकम कितनी भी हो। सिंधिया ने बताया कि यह शुल्क केवल व्यापारियों पर लागू होगा, वह भी उन व्यापारियों पर जिनका महीने का यूपीआई लेन-देन 1 लाख रुपये से अधिक है। ऐसे व्यापारी कुल संख्या का मात्र 4 प्रतिशत हैं। एनपीसीआई के अनुसार, यह नया नियम 15 अक्टूबर 2026 से लागू होगा।

**शेष पृष्ठ 3 पर**




# तिरुमला तिरुपति देवस्थानम हर श्रद्धालु को देगा दो लाख रुपये का बीमा कवर : चंद्रबाबू नायडू

### दुनिया के उन शहरों में भी श्रीवारी मंदिर स्थापित करने की योजना है, जहां बड़ी संख्या में हिंदू आबादी रहती है।

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कहा कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ मिलकर तिरुमला आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बीमा सुविधा देने का निर्णय लिया है। इसके तहत यात्रा के दौरान प्राकृतिक कारणों से मृत्यु होने पर परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। टीटीडी ने श्रद्धालुओं को आधार आधारित ऑनलाइन बीमा सुविधा से जोड़ने का फैसला किया है। नायडू ने टीटीडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीमा योजना के साथ-साथ तिरुमला और तिरुपति में कई अन्य विकास एवं यात्री सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं भी शुरू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने एसवी संग्रहालय का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि संग्रहालय को टीसीएस ट्रस्ट ने 104 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया है और आगामी पांच वर्षों तक वही ट्रस्ट इसका संचालन करेगा। उन्होंने बताया कि वैकुंठम कॉम्प्लेक्स-1 में 'दुर्लभ दर्शन' नाम से एक हीलिंग एक्सपीरियंस सेंटर स्थापित किया गया है। इसमें मंदिर के इतिहास और भगवान वेंकटेश्वर की भव्यता को प्रदर्शित किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने 25 इलेक्ट्रिक बसें दान की हैं, जबकि सात बसें भारत बायोटेक की ओर से उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने नारायणगिरि सर्कल पर इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नायडू ने कहा कि सरकार श्रीवाणी ट्रस्ट के माध्यम से 5,000 मंदिरों के निर्माण की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य के 65 मंदिर टीटीडी से संबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के उन शहरों में भी श्रीवारी मंदिर स्थापित करने की योजना है, जहां बड़ी संख्या में हिंदू आबादी रहती है। उन्होंने बताया कि मॉरीशस, न्यूजीलैंड और भारत के अन्य हिस्सों से मंदिर निर्माण के लिए अनुरोध मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 2,300 वर्षों के समृद्ध इतिहास वाले तिरुमला को दुनिया के प्रमुख मंदिरों में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने वाले अन्नदानम ट्रस्ट के बारे में बताया कि उसके पास 3,165 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड है। उन्होंने अन्नप्रसादम की गुणवत्ता और व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कही।

## व्यक्ति से मारपीट के आरोप में शिवसेना की महिला पार्षद पर मामला दर्ज

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा में एक सोशल मीडिया मंच पर की गई एक टिप्पणी को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट के आरोप में शिवसेना की महिला पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के बाद पीड़ित और दूसरे पक्ष के एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आरोपी हेमलता सिंह और अन्य प्रमुख फरार हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हेमलता सिंह वसई विरार शहर महानगर पालिका में पार्षद हैं। पुलिस के मुताबिक यह घटना विश्वकर्मा नामक व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद हुई। अपनी शिकायत में विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें अर्जुन दुबे नामक व्यक्ति ने एक होटल में बुलाया। जब विश्वकर्मा वहां पहुंचे तो पार्षद हेमलता ने अपने सहयोगी अमरीश के साथ उनसे कहासुनी हुई। आरोप है कि उन्होंने विश्वकर्मा को धक्का दिया, थप्पड़ मारे और मारपीट की। शिकायत में यह भी आरोप है कि मारपीट में पीड़ित की सोने की चैन छीन ली गई और मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने विश्वकर्मा और पार्षद के सहयोगी मनीष सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## टीएमसी रैली अनुमति पर कलकत्ता हाईकोर्ट में आज सुनवाई

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता हाईकोर्ट 17 सितंबर को महत्वपूर्ण पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करेगा। यह याचिका पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर की गई है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस को हुगली ज़िले के श्रीरामपुर में निजी ज़मीन पर जनसभा आयोजित करने की अदालत की पिछली मंजूरी को चुनौती दी गई है। यह जनसभा मूल रूप से 11 सितंबर को होनी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी थी। राज्य की सुवेंदु सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता बिल्वदल भट्टाचार्य ने अदालत को सूचित किया कि मुख्य न्यायाधीश रवींद्र विट्ठलराव घुगे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ की अनुमति से यह पुनर्विचार याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने घोषणा की है कि पुनर्विचार याचिका पर 17 सितंबर को सुनवाई होगी। सुवेंदु सरकार और निजी ज़मीन के मालिक ने खंडपीठ के समक्ष यह प्रश्न उठाया है कि क्या जगन्नाथ ज्यू ट्रस्टी बोर्ड की ज़मीन पर कोई राजनीतिक रैली, आंदोलन या बैठक आयोजित की जा सकती है। इस मामले में, एक एकल पीठ ने श्रीरामपुर में भीड़-भाड़ वाले जीटी रोड के बजाय उसी निजी ज़मीन पर पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जनसभा आयोजित करने की अनुमति दी थी। अब राज्य सरकार और निजी ज़मीन मालिक दोनों ने इस आदेश को चुनौती दी है, जिस पर अदालत की नज़र है।

## उत्तर प्रदेश में 15,012 शिक्षक पदों पर बंपर भर्ती शुरू, ओटीआर अनिवार्यू

लखनऊ(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। राज्य सरकार ने 15,012 शिक्षक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है, जिसकी घोषणा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने की है। इन पदों पर आवेदन करने के लिए वन-टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य होगा। यह भर्ती तब आई है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले छह महीनों में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया है, जो मिशन रोज़गार का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में 9.30 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां दी हैं। कुल 15,012 पदों में असिस्टेंट टीचर और पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) शामिल हैं। इनमें माध्यमिक शिक्षा विभाग में असिस्टेंट टीचर (प्राइमरी से जुड़े) के 897 पद, बेसिक शिक्षा विभाग में असिस्टेंट टीचर (शहरी) के 11,508 पद और लेक्चरर कैडर (पीजीटी) के 2,607 पदों पर भर्ती की जाएगी। आयोग के चेयरमैन डॉ. प्रशांत कुमार ने 15 सितंबर को इन भर्तियों के विज्ञापन जारी किए।

## बिहार में बाढ़ का कहर :50 लाख प्रभावित, शिवराज ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

पटना(एजेंसी)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दे दिया है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ स्थिति का जायजा लिया, जहां लगातार बारिश और नदियों के उफान से करीब 50 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।
केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने हाजीपुर सहित कई इलाकों का दौरा कर बताया कि पानी का स्तर 2016 की बाढ़ से भी ऊपर है। उन्होंने कहा कि केले और मक्के जैसी फसलें 10 दिनों से अधिक समय तक पानी में डूबी रहने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इसके अलावा, हजारों घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं और पशुधन को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर वे स्वयं हालात का जायजा लेने आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार संकट से निपटने में राज्य के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और बिहार को हर संभव सहायता दी जाएगी।

# लोगों ने मेरा साथ दिया तो याद रखिए आप जैसे गुंडों को यूपी से पलायन करना पड़ेगा

**-सांसद चंद्रशेखर का आरोप- फार्म हाउस में मेरी हत्या करने का षड्यंत्र रचा गया**



**नगीना, एजेंसी।**
भीम आर्मी चीफ और नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। पिछले साल जिस महिला ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था अब वह भारत लौट आई है। इसके बाद से ही सियासी विवाद बढ़ गया है। करीब 3 दिन पहले चंद्रशेखर आजाद और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड के समर्थक आपस में भिड़ गए और धक्का-मुक्की तक मामला पहुंच गया। अब चंद्रशेखर ने एक्स पर खुलासा किया।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चंद्रशेखर ने मंगलवार देर रात एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि एक फार्म हाउस में मेरी हत्या करने का षड्यंत्र रचा गया है। मैं यह बात बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं। मेरे पास जो सूचनाएं और स्रोत हैं, वे गलत नहीं हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए और हत्या की साजिश से लेकर बाराबंकी हिंसा में शामिल लोगों की भूमिका सामने लाई जाए। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि मैं अपने विरोधियों से भी कहना चाहता हूं कि मौत तो एक दिन आनी है, मौत से डरकर जिया नहीं जा सकता। अगर मेरी मौत आपके हाथों लिखी होगी तो वह भी हो जाएगी, लेकिन अगर आप अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हुए और मेरे लोगों ने मुझे ताकत, हिम्मत और मेरा साथ दे दिया, तो याद रखिए, आप जैसे गुंडों को उत्तर प्रदेश से पलायन करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज सवाल सिर्फ मेरी सुरक्षा का नहीं है। जब सुरक्षा प्राप्त एक चुने हुए जनप्रतिनिधि और सांसद के साथ दिनदहाड़े पत्थरबाजी की जाए, पेट्रोल-डीजल जैसी ज्वलनशील चीजों से गाड़ी में आग लगाने की कोशिश की जाए और आरोपी इतने बेखौफ हों, तो सोचिए इस प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों की सुरक्षा और न्याय की स्थिति क्या होगी.
भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि मैं अपने साथियों से कहना चाहता हूं कि डरने की जरूरत नहीं है। संघर्ष जारी रहेगा। मौत से डरकर जिया नहीं जा सकता। बता दें बाराबंकी में 3 दिन पहले चंद्रशेखर और उनकी पूर्व गर्लफ्रेंड रोहिणी घावरी के समर्थक भिड़ गए थे। चंद्रशेखर लखनऊ से 1 हजार कार्यकर्ताओं के साथ गोंडा में कारोबारी विनोद साहनी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बैरिकेडिंग कर चंद्रशेखर को रोक दिया। इसी बीच रोहिणी घावरी के सैकड़ों समर्थक पहुंच गए। दोनों पक्षों में बहस हुई देखते ही देखते धक्का-मुक्की होने लगी। पुलिस ने किसी तरह रोहिणी के समर्थकों को हटाया और चंद्रशेखर को पुलिस निरीक्षण भवन के पास ले गई। वहां सांसद सड़क पर बैठ गए। 20-25 मिनट बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ लौट गए।

## मणिपुर में अशांति जारी : दो कुकी महिलाओं की गोली मारकर हत्या, कई फार्महाउस खाक

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में जातीय हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तामेंगलोंग जिले के लीसांगफाई गांव में दो कुकी महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद कई फार्महाउसों में भी आग लगा दी गई। यह घटना राज्य में 3 मई 2023 को शुरू हुई जातीय हिंसा की भयावहता को दिखाता है, जिसमें अब तक (अगस्त तक के आंकड़ों के अनुसार) 306 लोगों की जान जा चुकी है और 49 लोग अभी भी लापता हैं।
मृतकों की पहचान किमजालहाई सिंगसोंग और फलनैचोंग सितल्हो के रूप में हुई है, जो इसी गांव की निवासी थीं। फलनैचोंग खेत में लकड़ियां बटोर रही थीं, तभी उन्हें निशाना बनाया गया, जबकि नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद हाल ही में गांव लौटी किमजालहाई अपने माता-पिता की खेती में मदद कर रही थीं। यह घटना 13 सितंबर को तामेंगलोंग के टोलेन और नोनी के लोंगपी गांव में हुई अलग-अलग वारदातों के तीन दिन बाद हुई है, जहां एक दंपति सहित 4 कुकी लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस साल फरवरी से नागा और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुए नए संघर्ष में अब तक कम से कम 40 लोगों की मौत हो चुकी है। इसी बीच, कांगपोकपी जिले के चावांगकिनिंग नागा गांव में मंगलवार रात संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दो घरों को जला दिया। इस दौरान उग्रवादियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच करीब छह घंटे तक रुक-रुककर गोलीबारी हुई। इन हिंसक घटनाओं के विरोध में कुकी-जो काउंसिल (केजेडसी) ने कुकी बहुल जिलों के नागरिक संगठनों से मारे गए कुकी लोगों के शवों को दफनाने से इंकार करने को कहा है, जिन्हें फिलहाल नजदीकी कोल्ड स्टोरेज में रखा जाएगा। काउंसिल ने केंद्र और मणिपुर सरकार से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## यूसीसी पर पवार गुट की प्रतिक्रिया: यह सिर्फ मुसलमानों का सवाल नहीं



**मुंबई, एजेंसी।**
समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर देश में जारी बहस के बीच, शरद पवार गुट ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। एनसीपी (एसपी) नेता जितेंद्र आव्हाड ने मुद्दे पर टिप्पणी कर कहा कि कानूनी व्यवस्था में किसी भी तरह की गड़बड़ी से बचना चाहिए और यूसीसी को केवल मुस्लिम समुदाय से जोड़कर देखना एक बड़ी गलतफहमी है।
पवार गुट के नेता आव्हाड ने कहा कि यह सवाल सिर्फ मुसलमानों का नहीं है और इस किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आदिवासी समुदायों, सिखों और पारसियों की अपनी अलग-अलग धार्मिक नीतियां और विधियां हैं। आव्हाड के अनुसार, इन सभी विविधताओं को ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि विविधता ही देश की ताकत रही है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान अनेकता में एकता से है।
यह प्रतिक्रिया तब आई है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में घोषणा की थी कि 2029 से पहले 21 एनडीए शासित राज्य यूसीसी को लागू किया जाएगा। वर्तमान में, केवल उत्तराखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां यूसीसी लागू है, जबकि असम, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों की विधानसभाओं से यह पारित हो चुका है, लेकिन अभी तक इस कानून को अमल में नहीं लाया गया है।
केंद्रीय मंत्री शाह के बयान के बाद एनडीए के भीतर भी मतभेद सामने आए हैं। बिहार में जेडीयू नेता श्याम रजक ने स्पष्ट किया है कि उनके राज्य में यूसीसी लागू नहीं होगा। वहीं, बीजेपी के सहयोगी चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा ने भी सीधे तौर पर इसका समर्थन करने के बजाय देखो और इंतजार करो (वेट एंड वॉच) का रुख अपनाया है। दूसरी ओर, असदुद्दीन ओवैसी सहित कई मुस्लिम नेताओं ने यूसीसी का पुरजोर विरोध किया है, जिसे आव्हाड ने एक व्यापक भारतीय संदर्भ में देखने की बात कही है।

# नीतीश कुमार ने 18 को बुलाई अहम बैठक, यूसीसी पर चर्चा होने की उम्मीद

**-अमित शाह के यूसीसी के ऐलान के बाद बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज**



**पटना, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर किए गए ऐलान के बाद बिहार में नई राजनीतिक सरगर्मी शुरू हो गई है। पूर्व सीएम और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार ने पार्टी के सांसदों, विधायकों और विधान परिषद के सदस्यों की बैठक बुलाई है। यह बैठक 18 सितंबर को पटना में होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में यूसीसी पर चर्चा होने की उम्मीद है और एजेंडे में फरक्का जल संधि भी शामिल हो सकती है।
यह घटनाक्रम अमित शाह के उस बयान के कुछ दिनों बाद हुआ है जिसमें उन्होंने कहा था कि 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार वाले सभी 21 राज्यों में यूसीसी लागू किया जाएगा। इस घोषणा ने नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। खासकर जेडीयू जैसे एनडीए सहयोगियों के बीच। यह बैठक इसलिए अहम है क्योंकि जेडीयू ने अब तक यूसीसी पर सावधानी भरा रुख अपनाया है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि पार्टी अपना रुख तय करने से पहले प्रस्तावित कानून की जांच करेगी।
रिपोर्ट के मुताबिक चौधरी ने कहा कि पार्टी को अभी यूसीसी कानून की डिटेल्स के बारे में जानकारी नहीं है और वह अपनी कोई भी चिंता केंद्रीय गृह मंत्री तक पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में जल्दबाजी करने की कोई वजह नहीं है। चौधरी ने कहा कि अगर हमें इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगता है, तो हम बिना किसी वजह के इसका विरोध क्यों करेंगे? और अगर चिंता की कोई बात होगी, तो उसे केंद्रीय गृह मंत्री को बताया जाएगा।
जेडीयू के नेशनल वर्किंग प्रेसिडेंट संजय कुमार झा ने संकेत दिया है कि पार्टी यूसीसी के मुद्दे पर अमित शाह से बातचीत करेगी। जेडीयू के 12 लोकसभा सांसद हैं, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का एक अहम हिस्सा है और बिहार में बीजेपी के साथ मिलकर सरकार चला रही है।

## पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के घर बप्पा के दर्शन किए

**गृह मंत्री अमित शाह ने भी टेका मत्था**



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गणपति उत्सव के पावन अवसर पर देश के बड़े राजनेताओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश के दर्शन किए और देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नई दिल्ली स्थित आवास पहुंचे, जहां उन्होंने गणपति बप्पा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आरती उतारी।
इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। उन्होंने धोती-कुर्ता और सिर पर महाराष्ट्र की पारंपरिक टोपी धारण कर रखी थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर इस विशेष क्षण की तस्वीरें साझा करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कामना की कि भगवान श्री गणेश सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री के अपने आवास पर आने पर आभार व्यक्त किया और इसे अपने परिवार के लिए सौभाग्य बताया। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी पीयूष गोयल के आवास पर पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए और शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। दूसरी ओर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई पहुंचकर गणेश उत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के कल्याण का आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात, गृह मंत्री महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आवास पर भी गए, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ बप्पा के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान राजनीतिक दिग्गजों के इन आयोजनों से देश भर में गणेश चतुर्थी का उल्लास और अधिक बढ़ गया। विभिन्न नेताओं के इन आयोजनों ने उत्सव के पारंपरिक और सांस्कृतिक महत्व को और प्रगाढ़ किया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।

## सीएम थलपति के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ दर्ज हुए केस

**-डीएमके सांसद-विधायकों की बढ़ रहीं मुश्किलें**

**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु में मुख्यमंत्री थलपति विजय के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक बयान देना विपक्षी दल डीएमके के नेताओं को महंगा पड़ गया है। मुख्यमंत्री की पार्टी, टीवीके सरकार ने डीएमके के एक सांसद और दो विधायकों को निशाने पर लेते हुए उन पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। यह कार्रवाई डीएमके द्वारा आयोजित एक राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन से जुड़ी है। बीते 12 सितंबर को डीएमके ने पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था, जिसमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री विजय और राज्य के कानून मंत्री सीटीआर निर्मल कुमार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। अब पुलिस ने इन आरोपों के आधार पर डीएमके नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में डीएमके सांसद ए राजा, डीएमके विधायक पीके सेकरबाबू और वसंतम के कार्तिकेयन के नाम शामिल हैं।
यह कार्रवाई चेन्नई में डीएमके सांसद ए राजा पर मुख्यमंत्री विजय के खिलाफ अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने, आपत्तिजनक बयान देने और सार्वजनिक शांति भंग करने की कोशिश के आरोपों के बाद हुई है। इससे पहले, राजा ने कानून मंत्री के लिए भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था, हालांकि बाद में पार्टी सांसद कनिमोझी की नसीहत के बाद उन्होंने अपने बयान वापस ले लिए थे। इस बीच, चेन्नई पुलिस ने 12 सितंबर के प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विजय के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में विधायक सेकरबाबू पर अलग से भी मामला दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त, कल्लाकुरिची में पुलिस ने विधायक कार्तिकेयन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की चार धाराओं के तहत गंभीर आरोप लगाए हैं और उनके खिलाफ भी केस दर्ज किया है।
गौरतलब है कि तमिलनाडु में इस वक्त भ्रष्टाचार को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त घमासान जारी है। डीएमके एक ओर जहां मुख्यमंत्री विजय की सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है, वहीं मुख्यमंत्री विजय ने भी डीएमके को पिछली सरकार की फाइलें खोलने की चेतावनी देकर जवाबी हमला किया है। मुख्यमंत्री विजय ने विधानसभा में डीएमके पर हमला बोलते हुए पूर्व सरकार के मिस्टर क्लीन होने के दावों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के दस्तावेजों का हवाला देते हुए डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन और उनके बेटे व विपक्ष के नेता उधयनिधि स्टालिन को भी घेरा था, जिससे राजनीतिक पारा और चढ़ गया। इसके बाद, मुख्यमंत्री विजय के एक इशारे ने भी भारी बवाल मचा दिया।

# चार दशक पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, अब यूसीसी की होगी दस्तक

**नई दिल्ली,, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। शाह ने कहा है कि भाजपा-एनडीए शासित 21 राज्यों में 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले यूसीसी कानून लागू कर दिया जाएगा। हालांकि, इस घोषणा के तुरंत बाद भाजपा की सहयोगी जेडीयू ने बिहार में यूसीसी लागू करने से इनकार कर दिया। शाह ने तीन तलाक खत्म करने का उदाहरण देते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाओं को समान अधिकार मिले हैं और अब यूसीसी भी लागू होगा। यह मुद्दा नया नहीं है, दरअसल, सुप्रीम कोर्ट पिछले चार दशकों से भी अधिक समय से यूसीसी की आवश्यकता पर जोर दे रहा है, लेकिन राजनीतिक नफा-नुकसान के चलते सरकारों ने इस पर खास ध्यान नहीं दिया।
यूसीसी का अर्थ है देश के सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने जैसे सिविल मामलों में धर्म-आधारित पर्सनल लॉ की जगह एक समान कानूनी व्यवस्था। इसका संवैधानिक आधार अनुच्छेद 44 है, जो नीति-निर्देशक तत्वों में शामिल है, यानी इसे सीधे अदालत के जरिए लागू नहीं कराया जा सकता। कानून बनाना संसद या विधानसभाओं का काम है। बावजूद इसके, सुप्रीम कोर्ट ने कई बार सरकारों का ध्यान इस ओर खींचा है।
सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार 1985 के




मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में यूसीसी की जरूरत पर जोर दिया था। यह फैसला मुस्लिम महिला के गुजारा भत्ता अधिकार से जुड़ा था और इसने यूसीसी को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रमुख संवैधानिक मुद्दे के रूप में स्थापित किया। इसके बाद, 1995 के सरला मुद्गल बनाम भारत सरकार मामले में कोर्ट ने फिर सरकार को याद दिलाया कि विवाह और उत्तराधिकार जैसे मामले धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के हैं और अनुच्छेद 44 पर 'फ्रेश तरीके से फैसला' लेने को कहा। 2003 में जॉन वल्लमट्टम बनाम भारत सरकार और 2019 में जोस पाउलो कुटिन्हो बनाम मारिया लुइज वैलेंटिना पेरेइरा मामलों में भी सुप्रीम कोर्ट ने संसद को कॉमन सिविल कोड बनाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया। हालिया सुनवाई में भी कोर्ट ने महिलाओं के समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए यूसीसी को एक प्रभावी रास्ता बताया, लेकिन स्पष्ट किया कि इसे लागू करना विधायिका का ही काम है।
सवाल उठता है कि सुप्रीम कोर्ट के बार-बार कहने के बावजूद सरकारों ने इस पर कदम क्यों नहीं उठाए? इसकी मुख्य वजहें राजनीतिक संवेदनशीलता, अल्पसंख्यक समुदायों की आशंकाएं और यूसीसी का असल स्वरूप तय करने की जटिलता रही हैं। पर्सनल लॉ में बदलाव धार्मिक पहचान और सामाजिक परंपराओं से जुड़ा होने के कारण हमेशा एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। सरकारों को डर रहा कि बिना पर्याप्त बातचीत के इसे लागू करने पर धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप के रूप में देखा जा सकता है। इसके अलावा, विभिन्न धर्मों के नियमों को एक समान कानून में ढालना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक सहमति का अभाव भी एक बड़ी वजह रही है, जैसा कि अमित शाह के हालिया बयान पर जेडीयू का रुख दिखाता है।

## राहुल के हमलों पर सिंधिया का पलटवार

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

उन्होंने बताया कि 2,000 रुपये तक के लेन-देन पर शुल्क शून्य रहेगा। देश के 360 लाख करोड़ रुपये के कुल यूपीआई लेन-देन में से 96 प्रतिशत लेन-देन 2,000 रुपये से कम के होते हैं। इसका अर्थ यह है कि शुल्क सिर्फ 4 प्रतिशत लेन-देन पर ही लगेगा। 2,000 से 75,000 रुपये के लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क तय है, जबकि 75,000 रुपये से ऊपर की रकम पर अधिकतम सीमा 300 रुपये रखी गई है। 1 लाख रुपये से कम मासिक कारोबार वाले व्यापारियों पर कोई देनदारी नहीं होगी। वहीं बिजली-पानी बिल, रेल टिकट, बीमा और पेट्रोल-डीजल की खरीद पर व्यापारियों के लिए अधिकतम शुल्क केवल 5 रुपये तय किया गया है। सिंधिया ने तुलना करते हुए बताया कि क्रेडिट कार्ड पर 1.5 से 2.5 प्रतिशत और डेबिट कार्ड पर 0.9 प्रतिशत खर्च आता है, जबकि यूपीआई पर इसे सिर्फ 0.4 प्रतिशत रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक बच्चा पढ़-लिखकर परिवार को सहारा देता है, उसी तरह इस व्यवस्था को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह मॉडल लाया गया है। इस राशि से सर्वर और तकनीकी नेटवर्क मजबूत होगा और ग्रामीण व्यापारियों को जोड़ने के लिए सब्सिडी फंड बनेगा। सरकार ने साफ किया है कि एमडीआर कोई सरकारी टैक्स नहीं है और न ही इसे सरकार या एनपीसीआई अपने पास रखती है, बल्कि इसे बैंकों और पेमेंट ऐप कंपनियों के बीच व्यवस्था के संचालन के लिए बांटा जाता है।

## एलपीजी टैंकर पलटा, गैस के रिसाव से मची अफरा-तफरी

मैनपुरी। मैनपुरी के दन्नाहार क्षेत्र में देर रात एलपीजी गैस से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इस घटना के बाद टैंकर से गैस का तेजी से रिसाव होने लगा, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल अधिकृत कंपनी व फायर ब्रिगेड को सूचित किया। गैस रिसाव से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस ने आगरा-मैनपुरी रोड पर यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। घिरोर कस्बा बाईपास और सिंधिया तिराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को रोका जा रहा है। किसी भी वाहन को घटना स्थल की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है। इंडियन ऑयल के अधिकारियों के अनुसार, टैंकर के पानी में डूबने से उसका नोजल और मीटर दब गए हैं, जिससे टैंकर में मौजूद गैस की मात्रा का अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है। लगातार हो रहे गैस रिसाव के कारण जब तक टैंकर से गैस पूरी तरह नहीं निकल जाती, तब तक कोई भी बचाव कार्य संभव नहीं है।

## राजधानी में बेटे-बेटी को स्कूल भेजने के बाद दंपती की मौत

लखनऊ। बख्शी का तालाब के मदारीपुर गांव में मंगलवार दोपहर एक दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 35 वर्षीय आशीष प्रजापति और उसकी 30 वर्षीय पत्नी क्षमता प्रजापति घर के कमरे में मृत मिले। बताया जा रहा है कि दंपती ने अपने बेटे और बेटी को स्कूल भेजने के बाद यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी बख्शी का तालाब के साथ पुलिस टीम और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला का शव चारपाई पर मिला, जबकि आशीष का शव फंदे से लटका हुआ था। इसी आधार पर पुलिस सूत्रों ने आशंका जताई है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या की और इसके बाद खुद आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस की ओर से अभी इस संबंध में कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं बताया गया है। मौत की वास्तविक वजह और घटनाक्रम की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी। प्रारंभिक तौर पर घटना के पीछे गृह कलह की बात सामने आ रही है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की जांच और साक्ष्य संकलन की कार्रवाई जारी है।

## गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में लावारिस कुत्ते का आतंक

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी सोसाइटी-एक में एक छात्रा पर लावारिस कुत्तों ने हमला कर दिया। यह घटना सोसाइटी परिसर के भीतर हुई, जिससे छात्रा घायल हो गई। कुत्तों के हमले का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुत्तों के हमले के बाद छात्रा के सिर पर चोट आई है। इस गंभीर मामले पर सोसाइटी की एओए कुछ भी कहने से इनकार कर रही है। एओए की चुप्पी से निवासियों में नाराजगी है। इस घटना ने सोसाइटी में लावारिस कुत्तों की समस्या को उजागर किया है। निवासियों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### स्कूटी सवार महिला को ट्रक ने मारी टक्कर

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। ट्रक की चपेट में आने से महिला का सिर अगले पहिये के नीचे आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान अमृता गुप्ता पत्नी वरुण गुप्ता, निवासी राजनगर एक्सटेंशन के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया।

# आगामी 19 सितम्बर से शुरू होने वाले भर्ती अभियान में पुलिस एवं होमगार्ड में लगभग 77 हजार पदों पर भर्ती होगी: मुख्यमंत्री योगी

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विधायक निधि के उपयोग की कार्ययोजना बनाते समय गोरखपुर महानगर में ऐसे 09 स्थान चिन्हित किए गए, जहां महंगे होटल या बड़े बारात घर उपलब्ध नहीं थे। इन स्थलों पर कुछ कल्याण मण्डपम विधायक निधि, कुछ नगर निगम और कुछ विकास प्राधिकरण के माध्यम से विकसित किए जा रहे हैं। बाबा गम्भीरनाथ वार्ड मानबेला, वार्ड संख्या-22 तुलसीराम जंगल तुलसीराम बिछिया, वार्ड संख्या-10 महादेव नगर मौजा जंगल बेनी माधव तथा वार्ड संख्या-80 रामीनगर मौजा बसारतपुर में कल्याण मण्डपम बनकर लोकार्पित हो चुके हैं और जनता उनका उपयोग कर रही है। वार्ड संख्या-54 उर्वरक नगर में कल्याण मण्डपम का आज लोकार्पण हुआ है। महादेव झारखण्डी टुकड़ा नम्बर-2 वार्ड संख्या-7, महादेव झारखण्डी टुकड़ा नम्बर-3 तथा वार्ड संख्या-2 बाबा राघव दास, मौजा सेमरा में निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त विधायक निधि से एक और कल्याण मण्डपम स्वीकृत किया गया है। इस प्रकार गोरखपुर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 10 कल्याण मण्डपम उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी भी शहर में नागरिकों का जीवन स्तर वहां उपलब्ध नागरिक सुविधाओं से निर्धारित होता है। होटल, रेस्टोरेंट, कल्याण मण्डपम, कन्वेंशन सेण्टर और बारात घर जैसी सुविधाओं के साथ कानून का राज और सुरक्षित वातावरण भी आवश्यक है। वर्ष 2017 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है। आज लोग पर्व-त्योहार और सामाजिक कार्यक्रम सुरक्षित वातावरण में कर सकते हैं तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। सुरक्षा के साथ आधारभूत ढांचे का विकास भी आवश्यक है। गोरखपुर में बरगदवा-नकहा-स्पोर्ट्स कॉलेज-पादरी बाजार होते हुए मोहद्दीपुर तक 04-लेन, नकहा में पुल, रेलवे ओवरब्रिज और अन्य चौड़ी सड़कों से आवागमन सुगम हुआ है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बन्द फर्टिलाइजर कारखाने को पुनः प्रारम्भ किया गया, जिसकी जगमगाहट आज गोरखपुर के बदलते स्वरूप की पहचान बन रही है। स्पोर्ट्स कॉलेज में नई सुविधाओं के विस्तार के साथ फर्टिलाइजर में सैनिक स्कूल शुरू होने से स्थानीय बच्चों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन्सेफेलाइटिस से बड़ी संख्या में बच्चों की मृत्यु होती थी। उन्होंने सांसद रहते हुए इस समस्या के समाधान के लिए आन्दोलन किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार ने प्रभावी रणनीति के माध्यम से दो वर्ष में 40 वर्षों से चली आ रही इस गम्भीर समस्या पर नियन्त्रण प्राप्त किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज गोरखपुर में एम्स, बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज समेत उच्चस्तरीय चिकित्सा संस्थान उपलब्ध हैं। गोरखनाथ-स्पोर्ट्स कॉलेज मार्ग, फर्टिलाइजर-झंगिया गेट मार्ग तथा असुरन चौराहा-मेडिकल कॉलेज-भटहट मार्ग का 04-लेन निर्माण हुआ है। रुस्तमपुर, आजाद चौक और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में फ्लाईओवर से यातायात सुगम हुआ है। रामगढ़ताल का कायाकल्प कर उसे पर्यटन के महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। सरकार गरीबों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को बिना भेदभाव जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। गरीब परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न, आवास, शौचालय और 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिल रहा है। बेटियों की शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद अब तक लगभग साढ़े 09 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। वर्ष 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया में वसूली और सौदेबाजी के आरोप लगते थे, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता था। वर्तमान सरकार ने पारदर्शी भर्ती व्यवस्था के माध्यम से युवाओं को अवसर उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, संस्थान उपलब्ध हैं। गोरखनाथ-स्पोर्ट्स कॉलेज मार्ग, फर्टिलाइजर-झंगिया गेट मार्ग तथा असुरन चौराहा-मेडिकल कॉलेज-भटहटबल्कि देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन का रूप विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला राज्य है। आज उत्तर प्रदेश देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में शामिल है। एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो, एयर कनेक्टिविटी और नए हवाई अड्डों के साथ औद्योगिक गतिविधियां ब?ी हैं। गोरखपुर में 500 से अधिक उद्योग स्थापित हुए हैं और लगभग 50,000 युवाओं को रोजगार मिला है। गीडा में गोरखपुर के साथ देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती और सिद्धार्थनगर सहित आसपास के जिलों के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। अब युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता कम हुई है। विकास स्पष्ट नीति, स्वच्छ नीयत और जनता को केन्द्र में रखकर लिए गए निर्णयों का परिणाम है। डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में गोरखपुर और पूरे प्रदेश में विकास को नई गति दी है। बदले हुए वातावरण में समाज को बांटने वाले तत्वों से सावधान रहना होगा। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर विभाजन विकास की गति को प्रभावित करता है। बेहतर वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को विकास, सुशासन और सुरक्षा के संकल्प के साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री जी ने उर्वरक नगर के कल्याण मण्डपम की सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां विशाल प्रांगण, पार्किंग एवं भोजनालय की व्यवस्था है। दो मंजिला भवन में बड़ा हॉल, मिनी हॉल और चार कमरे हैं। उन्होंने निर्माणाधीन कल्याण मण्डपमों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गोरखपुर के विधान परिषद सदस्य डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, विधायक श्री फतेह बहादुर, श्री विपिन सिंह, श्री महेन्द्र पाल सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, श्री श्रीराम चौहान, डॉ0 विमलेश पासवान, इंजी0 सरवन कुमार निषाद, गोरखपुर के महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


**NAME CHANGE**
I, ARPITA DAS D/o MILAN DAS R/o TOWER NO-11 UNIT NO-601 FRESCO NIRVANA COUNTRY SECTOR-50 SOHNA ROAD GURGAON-122018 HARYANA HAVE CHANGED MY NAME TO ARPPITA DAS FOR ALL PURPOSE

**NAME CHANGE**
I, Manoj Kumar Sabharwal s/o Chaman Lal Sabharwal R/o G-28, Second Floor, Bali Nagar, Ramesh Nagar, Delhi-110015 have changed my name to Manoj Sabharwal for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, HAMAISA W/o Naiyum Iqbal R/o Tehsil-Nuh, Dist-Mewat, Ferozepur, Namak(156), Ferozepur Namak, Gurgaon, Haryana-122107 have changed my name to HAMESHA.

**NAME CHANGE**
I, NAYIM IQBAL KHAN S/o ABDUL KARIM R/o Tehsil-Nuh, Dist-Mewat, Ferozepur, Namak(156), Ferozepur Namak, Gurgaon, Haryana-122107 have changed my name to NAYIM IQBAL.

**PUBLIC NOTICE**
**NAME CORRECTION**
I, Prakash Chand Aggarwal S/o Late Shri Mohan Lal Aggarwal R/o WZ-605B, Gali No.2, Nirankari Bhawan, Raj Nagar -1, Palam Village, South West Delhi -110045, hereby state that in the Death Certificate of my father, Late Shri Mohan Lal Aggarwal, the name of his father (my grandfather) has been wrongly written as "Late Shri Govind Lal." The correct name of my Grand Father is "Late Shri Govind Ram Aggarwal" so "Late Shri Govind Lal" and "Late Shri Govind Ram Aggarwal" is the name of one and the same person it should be considered for all purposes.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Ravindra Kumar Sharma S/o Murari Lal Sharma R/o D-1234, Laxmi Garden, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed my name and shall hereafter be known as Ravi Kumar

**NAME CHANGE**
I, OM PARKASH S/O SHYAM LAL R/O E-25 B29/414 INDIRA CAMP TRILOK PURI DELHI-110091 have changed my name to RAMAGYA PRASAD for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I SAVALI CHINNA GANGAIAH legally father of Army No. - 17026708w, Rank - CFN, Name - SAVALI SIVA GANGAIAH, Presently Residing At - 2/20 Nanganurupalle - Post-Meenapuram, Teh - Proddatur, Dist - Kadapa, State- Andra Pradesh, Pin - 516362, have changed my name from SAVALI CHINNA GANGAIAH to SAVALI GANGAIAH for all future purposes, Vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SUKRITI DUBEY D/O ANIL KUMAR DUBEY R/O 2 D 511 512 Nilaya Greens, Hum Tum Road, National Highway 58 Meerut Road, Raj Nagar Extension, Shahpur Nij Morta, PO: Morta, DIST:Ghaziabad, Uttar Pradesh 201003, declare that name of my father has been wrongly written as ANIL KUMAR in my all educational documents. The actual name of my father is ANIL KUMAR DUBEY which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Gafur S/o Ajij R/o Jani Buzurg, Jani Buzurg, PO: Jani, Dist: Meerut, Uttar Pradesh - 250501 have changed my name and shall hereafter be known as Gaffar

**NAME CHANGE**
I, Vipin Kumar S/o Tejveer Singh R/o 1028/11, Near Deepak Palace, North Rampuri- 2, Muzaffarnagar, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh - 251002 have changed the name of my minor Son Vishu aged 7 years and he shall hereafter be known as Ayansh

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SUSHILA DEVI W/o RUP CHAND, R/o 8/268, Rajender Nagar, Sector-3, Sahibabad, Ghaziabad-201005, declare that name of mine and my husband has been wrongly written as SUSHILA SHARMA and ROOP CHAND in my aadhaar card no.706777673269. The actual name of mine and my husband are SUSHILA DEVI and RUP CHAND, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, RAFIQ AHMAD S/O MANZOOR AHMED R/O HOUSE NO. N1, SARJAN SINGH PARK, NEW DELHI, NDMC, SOUTH DELHI, DELHI - 110003, HAVE CHAANGED MY NAME FROM RAFIQUE AND RAFEEQ AHMAD TO RAFIQ AHMAD FOR ALL PURPOSES.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SADHANA KUMARI D/o PREM HARI R/o Sarakari School, ratan garhi, Untasani, Aligarh, Uttar Pradesh, 202165, have changed my name and shall hereafter be known as PARUL. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
I, Ankit Garg S/o Narendra Kumar Garg R/o Sitaram Sadan, opposite Kanya Pathshala School, Mohalla Mahajanan, Muradnagar, Ghaziabad, U.P. 201206, have changed the name of my minor daughter ITIKA GARG aged 4 Years and She shall hereafter be known as TANISHKA GARG. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
I, Rajpal Singh Rathaur S/o Dungar Singh R/o Chotpur Colony, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301 have changed my name to Raj Pal Singh for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Bilal Ahmed / Bilal / Mohd Bilal s/o Mohd Yousuf R/o H. No. F-322, Gali No.10, Ph-1, Bhagirathi Vihar, North East Delhi-110094 have changed my name to Mohd Bilal Ahmed for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Subhash Chandra Vaishya S/o Shivshankar Umar R/O RZ G 62 G/F KH 77/ 162 & 38 50ft road Nihal vihar Nangloi, New Delhi 110041 have changed my name from Subhash Chandra Vaishya to Subhash Gupta for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Mohammad Deen S/o Nasir Mumtaz R/o 8971,Gali Burush Wali, Naya Mohalla, Pul Bangash, Azad Market, Delhi -110006, have changed my name to Mohd Deen permanently.

**NAME CHANGE**
I, JAI SAL, S/O RAJ KUMAR , R/O HOUSE NO - E - 20/9, STREET NO - 07, BHAJANPURA, SUBHASH VIHAR, NORTH GHONDA, NORTH EAST DELHI - 110053, HEREBY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO JAISAL FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NAME CHANGE**
I MAHADEV PANDEY / M P PANDEY S/O VIDYA DUTT PADNEY R/O FLAT NO-647, 2ND FLOOR, ARUN VIHAR, SECTOR-37, NOIDA, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201303. have changed my name to MAHADEV PRASAD PANDEY for all purposes.

**NAME CHANGE**
I SAVALI YELLAMA legally mother of Army No. - 17026708w, Rank - cfn, Name - Savali Siva Gangaiah, Presently Residing At - 2/20 Nanganurupalle, Post- meenapuram, Teh - Proddatur, Dist - kadapa, State- Andra Pradesh, Pin - 516362, have changed my from SAVALI YELLAMA to SAVALI YELLAMMA for all future purposes Vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public, Delhi.

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I SAVALI GANGAIAH legally father of Army No. - 17026708w, Rank - CFN, Name - SAVALI SIVA GANGAIAH, Presently Residing At - 2/20 Nanganurupalle - Post-Meenapuram, Teh - Proddatur, Dist - Kadapa, State- Andra Pradesh, Pin - 516362, In my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 15/03/1971 instead of my correct date of birth as 01/01/1971 for all future purposes, Vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, KHALEEL S/o ANWAR AHMED R/o C-28 D.D.A Flats, Turkman Gate, Delhi G.P.O Delhi 110006 have changed my name to KHALEEL AHMED Permanently

**NAME CHANGE**
It is for general information that, I RISHI NANDINI BHARDWAJ W/o RAJESH CHATURVEDI R/o House No.-203, Tower-B, The Golden Palm Society, Sector-168, Noida, Gautam Buddha Nagar, U.P. 201305, declare that name of mine has been wrongly written as NANDINI CHATURVEDI in my minor daughter namely KAVYANJALI CHATURVEDI aged 13 years in her Birth Certificate. The actual name of mine is RISHI NANDINI BHARDWAJ. which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, MAYANK BABU S/o VISHUN AKHILESH R/o H. No. 153, Wazidpur, Sector 63, Noida, Gautam Buddha Nagar, U.P. 201301, have changed the name of my minor daughter ARSHI aged 10 Years and She shall hereafter be known as AARUSHI BABU. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, ABIDA USMANI D/o MOHD SALAM, R/o H. No. 2883-2885, SECOND FLOOR, BULBULI KHANA, BAZAR SITA RAM, DELHI-110006, declare that the names of my father and my mother have been wrongly written as SALAAM USMANI and NAIMA SALAAM in my class 10th, 12th and all EDUCATIONAL QUALIFICATIONS DOCUMENTS. The actual names of my father and my mother are MOHD SALAM and NAEEMA respectively, which may be amended accordingly and used for all purposes. It is certified that I have complied with all other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
I, MOHD ANWAR S/o CHAND KHAN R/o C-28 D.D.A Flats, Turkman Gate, Delhi G.P.O Delhi 110006 have changed my name to ANWAR AHMAD Permanently

**NAME CHANGE**
I, ZOYA D/O AHTESHAM AHMAD R/O H NO-73, GORWAN, KOTWALI, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001 have changed my name to ZOYA MOIN for all purposes.

**NAME CHANGE**
I, AHTESHAM AHMED S/O MAINUDDIN SIDDIQUI R/O H NO-73, GORWAN, KOTWALI, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001 have changed my name to AHTESHAM AHMAD for all purposes.

**NAME CHANGE**
I, RUMANA W/O AHTESHAM AHMAD R/O H NO-73, GORWAN, KOTWALI, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001 have changed my name to RUMANA AHTESHAM for all purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, PRADEEP KUMAR MISHRA S/O MANGLA PRASAD MISHRA R/O H.NO. C-2/11, GALI NO. 9, MUKUND VIHAR, KARAWAL NAGAR, NORTH EAST DELHI, DELHI-110094 declare that name of mine and my father has been wrongly written as RAJU MISHRA and M P MISHRA in my Driving License No. DL05 20069157708. The actual name of mine and my father are PRADEEP KUMAR MISHRA and MANGLA PRASAD MISHRA, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, AYALA APPALANARASA mother of No-17035012M, Rank-HMT, Name-AVALA MANIKANTA residing at VILL-RAMANNAPALEM, PO-BAYYAVARAM, TEHSIL-KASIMKOTA, DISTT-VISAKHAPATNAM, ANDHRA PRADESH-531031 have changed my name from AYALA APPALANARASA to AVALA APPALANARASA for all future purposes vide Affidavit Dated 11/09/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I SHIVAM SINGH CHAUHAN S/o RAMESH SINGH CHAUHAN R/o A – 171 , Gali No. – 10 , Pradhan Enclave ,PO : Burari , Dist : North Delhi , Delhi – 110084 , declare that the name of my father has been wrongly written as RAMESH CHAUHAN in my 10th and 12thclass Educational Documents . The actual name of my Father is RAMESH SINGH CHAUHAN Which may be amended accordingly .

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, KAPIL KUMAR, S/O GOPAL SINGH, Permanent Residing at SARSWA, DAURALA, MEERUT, UTTAR PRADESH-250221, Presently residing at ROOM NO.206 AT HOUSE NO.578, VILLAGE BIJWASAN NEW DELHI-110061 declare that name of my mother has been wrongly written as OMBIRI DEVI in my 10th class educational documents. The actual name of my mother is RAMBIRI respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, PUSHPANJALI DEVI wife of No.-15228485A, Rank-HAV, Name-SHISHU KUMAR SINGH residing at VILL-JAMUARA, PO-KARMA, DIST-ROHTAS, BIHAR-802212, have changed my name from PUSHPANJALI DEVI to PUSHPANJALI KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME AND DATE OF BIRTH CHANGE**
I, FAKIR DUTT CHANDOLA father of JC-293829P, Rank-NB SUB, Name-DHARMA NAND CHANDOLA residing at VPO-CHHAT-TARPUR DAM, DIST-UDHAM SINGH NAGAR, UTTARAKHAND-263153, have changed my name from FAKIR DUTT CHANDOLA to FAKEER DATT CHANDOLA for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1949 instead of my correct date of birth as 10/09/1948 Vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public Delhi

**NAME CHANGE**
I, BHAGIRATHI DEVI mother of JC-293829P, Rank-NB SUB, Name-DHARMA NAND CHANDOLA residing at VPO-CHHAT-TARPUR DAM, DIST-UDHAM SINGH NAGAR, UTTARAKHAND-263153, have changed my name from BHAGIRATHI DEVI to BHAGRATHI DEVI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1956 instead of my correct date of birth as 04/06/1951 vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री चमन पुत्र स्वर्गीय श्री अज़ीज़ु रहमान, निवासी B-355, संगम पार्क, मलका गंज, S.O., जिला नॉर्थ दिल्ली, नई दिल्ली-110007, एतद्द्वारा अपने पुत्र श्री स्वालिन एवं उसकी पत्नी श्रीमती अनम को उनके आचरण एवं पारिवारिक संबंधों के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्तियों तथा उनमें अपने अधिकार/हित से बेदखल (Disown) करता हूँ। उक्त दोनों को मेरी वर्तमान अथवा भविष्य में अर्जित/प्राप्त होने वाली किसी भी चल-अचल संपत्ति, धन-संपत्ति अथवा अन्य परिसंपत्ति में मेरे द्वारा स्वेच्छा से एवं विधि-सम्मत रूप से किए गए किसी हस्तांतरण/वसीयत/दस्तावेज के अधीन अधिकार के अतिरिक्त कोई अधिकार, दावा या हित नहीं होगा, चाहे ऐसी संपत्ति दिल्ली में अथवा भारत के किसी अन्य स्थान पर स्थित हो। मैं यह भी घोषित करता हूँ कि श्री स्वालिन एवं श्रीमती अनम मेरे द्वारा मेरी ओर से किसी भी संपत्ति, बैंक खाते अथवा अन्य वित्तीय/कानूनी मामले में अधिकृत अथवा प्रतिनिधि नहीं हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त दोनों के साथ मेरी ओर से किसी प्रकार का संपत्ति संबंधी लेन-देन न करें। यदि कोई व्यक्ति उनके साथ मेरी संपत्ति के संबंध में कोई लेन-देन करता है, तो वह अपने जोखिम एवं जिम्मेदारी पर करेगा।
**श्री चमन**
**पुत्र स्वर्गीय श्री अज़ीज़ु रहमान**
**B-355, संगम पार्क, मलका गंज,**
**S.O., जिला नॉर्थ दिल्ली,**
**नई दिल्ली-110007**
द्वारा-
**निश्चल शर्मा अधिवक्ता**
101, Central Market, Dakshin Puri, New Delhi-110062

**NAME CHANGE**
I, NO-15500675P Rank-LD Name-SIRSE VINAYAK BABURAO residing at VPO-GHARNI, TEHSIL-CHAKUR, DIST-LATUR, MAHARASHTRA-413513, have changed my wife's name from JYOTI RAMESHWAR SAWRE to SIRSE JYOTI VINAYAK for all future purposes vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as DIVYA KUMARI D/o SHANKAR SHAH R/o RC 84, Shiv Park, Khora colony Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201001, have changed my name and shall hereafter be known as DIVYA SHAH. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
I, ISHA MADAN D/O ASHOK MADAN R/O B4-001 EASTERN HEIGHTS MAKANPUR NYAY KHAND-3 INDRAPURAM GHAZIABAD UP-201014 have changed my name to ISHA for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, RAJ EEBA LOCHAN SAMAL S/o RAHAS BIHARI SAMAL R/o H NO-11/C GALI NO-1 HANS ENCLAVE SECTOR 33 GURGAON-122001 HARYANA HAVE CHANGED MY NAME TO RAJEEB LOCHAN SAMAL FOR ALL PURPOSE

**NAME CHANGE**
I, Kayuri Savla, W/O Krishna Chhabra, 103 Tower 8, Unitech Harmony, Sec 50, Gurgaon- 122018 have changed my name to Kayuri Chhabra for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा कुमारी और श्री मनीष कुमार, स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी, एक्सटेंशन नंबर 1, तहसील और जिला फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित गाँव इत्मादपुर की ज़मीन (रेक्टेंगल नंबर 13, किला नंबर 23, 24 और 17) पर बने प्लॉट नंबर 9 (ब्लॉक नंबर 16, एरिया 466.33 वर्ग गज) के ग्राउंड फ्लोर के सामने वाले पूरे हिस्से (एरिया 1000 वर्ग फुट) को खरीदने का इरादा रखते हैं। यह खरीद स्वर्गीय श्री राम नारायण के बेटे श्री नंद किशोर द्वारा 13.10.2025 को रजिस्टर्ड GPA (डॉक्यूमेंट नंबर 3412/2025), ATS और वसीयत के ज़रिए की जा रही है। बताया गया है कि यह प्रॉपर्टी सभी तरह के बोझ, लियन, चार्ज, मॉर्गेज, क्लेम और किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों से मुक्त है। कृपया यह भी ध्यान दें कि इस प्रॉपर्टी के लिए बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, गाजियाबाद से फाइनेंसिंग का प्रस्ताव है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का अधिकार, हक, हित, दावा, आपत्ति, भार, बंधक अथवा अन्य कोई तृतीय-पक्ष हित हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अपने दावे/आपत्ति की सूचना संबंधित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल-
kumarw@wvashwani@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform that Smt. Geeta Devi Wife of Sh. Praveen Kumar has agreed to create mortgage the described property in favour of My client AADHAR HOUSING FINANCE LIMITED, DELHI GOVINDPURI BRANCH, after execution of sale deed in her favour. Seller(s) Namely Sh. Vipin Kumar Son of Sh. Vedprakash have agreed to sell his property "Plot No. 35, Area Measuring 100 Sq. Yds., Out of Khasra No. 657, Situated at Village Kherli Hafizpur, Tehsil and District Gautam Budh Nagar" Hence any other co-sharer(s)/or any other legal heir(s) or any previous owner(s) of the above-mentioned property or any other concerned parties (including but not limited to Banks, Financial institutions, NBFCs, HFCs, Govt. Authorities or Semi -Govt. Authorities/bodies) having any claim against or in respect of the said property or any part thereof by way of sale, exchange, mortgage (equitable or deposit of title deed otherwise) gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, Sub-lease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise, how/who-soever are hereby requested to notify the same in writing to the Undersigned with supporting documentary evidence at the address mentioned herein below within 7 days, from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person(s) shall be considered to have been waived and/or abandoned and my client AHFL shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage on the above-mentioned property.
Dated: 17-09-2026 Advocate Ghanshyam Singh,
Place : Delhi Ch. E-713 Karkardooma Courts, Delhi-110032; Ph-8810212071

**NAME CHANGE**
I, NO- 15828525N, Rank- L/NK Name-KADAM SUSHANT ANANDRAO residing at VPO-ARALIHATTI, TEHSIL- ATHANI, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591232, have changed my mother's name from BHARATI to BHARATI ANANDARAO KADAM for all future purposes vide Affidavit dated 16/09/2026 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, REHMANI W/o Hanif R/o VPO. Ali Med, Tehsil Hathin, Palwal, Haryana -121103, have changed my name to RAHMANI permanently.



**NAME CHANGE**
It is for general information that I SHIVAM SINGH CHAUHAN S/o RAMESH SINGH CHAUHAN R/o A – 171 , Gali No. – 10 , Pradhan Enclave ,PO : Burari , Dist : North Delhi , Delhi – 110084 , declare that the name of my father has been wrongly written as RAMESH CHAUHAN in my 10th and 12thclass Educational Documents . The actual name of my Father is RAMESH SINGH CHAUHAN Which may be amended accordingly .

**NAME CHANGE**
I, Kayuri Savla, W/O Krishna Chhabra, 103 Tower 8, Unitech Harmony, Sec 50, Gurgaon- 122018 have changed my name to Kayuri Chhabra for all future purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, KAPIL KUMAR, S/O GOPAL SINGH, Permanent Residing at SARSWA, DAURALA, MEERUT, UTTAR PRADESH-250221, Presently residing at ROOM NO.206 AT HOUSE NO.578, VILLAGE BIJWASAN NEW DELHI-110061 declare that name of my mother has been wrongly written as OMBIRI DEVI in my 10th class educational documents. The actual name of my mother is RAMBIRI respectively, which may be amended accordingly.



**सार्वजनिक सूचना**
मेरी मुवक्किला श्रीमती संतरा पत्नी स्वर्गीय लक्ष्मण निवासी बी-174, जे.जे. कॉलोनी, खानपुर, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली -110062, ने अपने पुत्र ललित और पुत्रवधू नेहा से उनके दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी संबंध समाप्त कर अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई उनसे कोई लेन देन अथवा कार्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी मुवक्किला की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**(Sunil Kumar) Advocate**
Chamber No. 655, Lawyer's Block, Saket Disctrict Court New Delhi-110017

**PUBLIC NOTICE**
GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT MR. SUNIL KUMAR IS OWNER AND IN POSSESSION OF "PORTION OF FIRST FLOOR, LHS, ADMEASURING 79.43 SQ. MTRS., BUILT ON PROPERTY MUNICIPAL OLD NO.1260 & NEW NO.1969, TOTAL LAND ADMEASURING 175 SQ. MTRS., SITUATED AT GALI NEELA WALI, MOHALLA IMLI, BAZAR SITA RAM, DELHI-110006 ("SAID PROPERTY") AND ACQUIRED THE SAID PROPERTY VIDE TWO DEEDS I.E. (1.) RELINQUISHMENT DEED DATED 22.02.2010 EXECUTED BY 1) MR. RAJ KUMAR SHARMA, 2) MR. RAHUL SHARMA, 3) MRS. USHA, 4) MRS. REKHA SHARMA & 5) MR. AMIT GUPTA AS ATTORNEY OF MRS. MITHLESH GUPTA IN FAVOUR OF MR. SUNIL SHARMA IN RESPECT OF THEIR UNDIVIDED 5/7TH SHARE OF PROPERTY MUNICIPAL OLD NO.1260 & NEW NO.1969, ADMEASURING 175 SQ. MTRS. & (2.) RELINQUISHMENT DEED DATED 01.12.2010 EXECUTED BY MRS. RENU SHARMA IN FAVOUR OF MR. SUNIL SHARMA IN RESPECT OF HER UNDIVIDED 1/7TH SHARE OF PROPERTY MUNICIPAL OLD NO.1260 & NEW NO.1969, ADMEASURING 175 SQ. MTRS EXECUTED AFTER THE DEATH OF MR. BANWARI LAL DIED ON 27.06.2009 AND HIS FIRST WIFE AND HIS SECOND WIFE MRS. SUSHILA SHARMA. NOW MRS. ANITA DEVI KUKRETI IS GOING TO PURCHASE THE SAID PROPERTY FROM OWNER / SELLER MR. SUNIL KUMAR, WHICH WILL BE MORTGAGED WITH TRU HOME FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST HOUSING LOAN FOR PURCHASING OF SAID PROPERTY. PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER AND RELEVANT DOCUMENTS TO UNDERSIGNED IF ANYONE HAS AN OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION.
**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, E-BLOCK, MANSAROVAR PARK, SHAHDARA, DELHI-110032.
MOBILE NO. 9999042521.

**NAME CHANGE**
I hitherto Known as ANIL KUMAR alias ANIL KUMAR GUPTA S/O Late SAT NARAIN Residing at House No. 139 – 140 , 3rd Floor , BLK – B PKT 8 , Sec 3, Rohini PO : Rohini Sector – 7 , Dist : North West Delhi , Delhi – 110085 have changed my name and shall hereafter be known as ANIL KUMAR GUPTA .

**NAME CHANGE**
It is for general information that I MOHD AFTAB S/o CHUNO R/o Jhuggi No. CN 211 Thokar No. 10 , Near M B Road Laxmi Nagar , Shakar Pur Baramad , PO : Shakarpur , Dist : East Delhi , Delhi – 110092 declare that the name of my Father has been wrongly written as AHRAR AHMED in my 10th Class Educational Documents . The actual name of my Father is CHUNO Which may be amended accordingly .

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform the general public and all concerned that Ms. Nishita Khatter, W/o Mr. Rupesh Sharma, resident of House No 618/27,Madanpuri Gali No 9,Gurgaon, has severed/disassociated herself from the financial, social, business, Family matters and other dealings of Mr. Rupesh Sharma with effect from 01.08.2026. Accordingly, Mr. Rupesh Sharma shall have no authority to represent, act for, transact on behalf of, or create any financial, contractual, business , Family commitments or other liability in the name of Ms. Nishita Khatter,.The general public and all other concerned persons are hereby informed that Ms. Nishita Khatter shall not be responsible for, transaction, commitment, representation, liability or dealing undertaken by Mr. Rupesh Sharma in his individual capacity Any person dealing with Mr. Rupesh Sharma shall do so at his/her own risk and responsibility, and Ms. Nishita Khatter shall not be liable for any such unauthorised transaction or commitment. This public notice is issued for information of the general public and all concerned.
**Name- Ms. Nishita Khatter**
W/o Mr. Rupesh Sharma
Address: House No 618/27, Madanpuri Gali No 9,Gurgaon

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Poonam Madan W/o Mr. Rajesh Kumar Madan is the owner of Freehold Residential Property No. C-19/2, area measuring 33 Sq. Yds., i.e., 27.59 Sq. Mtrs., out of Mu. No. 18, Killa No. 21 & Mu. No. 19, Killa No. 25, Situated at Abadi of Gali No. 6, New Gobind Pura, in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi110051. by virtue of Regd. IGPA, Notarized ATS & Will dated 23.09.2008 duly registered Vide Document No. 10033, in Book No. 4, Volume No. 2854, on Pages No. 113-117, on dated 23.09.2008, in the office of SR- VIII, New Delhi/Delhi & Regd. Declaration Deed dated 10.02.2026 duly regd. Vide Doc. No. 2026/4/IV/348, in Book No. 4, Vol. No. 5317, on Pages No. 57 to 64, on dated 16.02.2026, in the office SR- East Geeta Colony., now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and same property sold to be Mohd. Tarif and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar New Delhi.
If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211, Sector-3, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010
(Contact at 09958871432)



**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# सीएम अनाउंसमेंट, निरोगी हरियाणा और समाधान शिविरों की बारीकि से मॉनिटरिंग करें सीएमजीजीए: मुख्यमंत्री नायब सैनी

**मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) की बैठक**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सीएमजीजीए द्वारा किए गए कार्यों का रिव्यू किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव डॉ. यशपाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सीएमजीजीए का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर शासन व्यवस्था को मजबूत करना, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाना और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अतः



सभी सीएमजीजीए अपने-अपने जिलों में क्रियान्वित सरकारी योजनाओं पर बारीकि से नजर बनाकर रखें और समय-समय पर उनकी मूल्यांकन रिपोर्ट सीएम कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिला में सीएम अनाउंसमेंट की स्थिति पर बारिकी से रिपोर्ट तैयार करें, कौन सी परियोजना किस वजह से रूकी हुई है, उसकी डिटेल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके साथ-साथ निरोगी हरियाणा योजना की ग्राउंड जीरो पर क्या स्थिति है, इसकी भी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जिला व सबडिविजन स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का मूल्यांकन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का औचक निरीक्षण करें और वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सभी सीएमजीजीए को प्रदेश के स्पोर्टस स्टेडियम और व्यायामशालाओं की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिला के विकास कार्यों को लेकर आयोजित होने वाली मासिक बैठक में सभी सीएमजीजीए हिस्सा लें और सीएम अनाउंसमेंट की वास्तविक स्थिति से अवगत करवाएं। उन्होंने ई-रजिस्ट्री पोर्टल को लेकर भी रिव्यू किया। इसमें सीएमजीजीए द्वारा बताई गई खामियों पर जल्द से जल्द विभाग की बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर बताई गई खामियों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा जिन तथ्यों पर रिपोर्ट तैयार की जाती है, उन पर विशेष फोकस करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, नगर निकायों से जुड़े विषयों, एनजीओ मैपिंग, ई-आफिस, सीएफएमएस, एसीआर जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सेवाओं का रिव्यू किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के सरकारी अस्पताओं को लेकर जल्द से जल्द सभी सीएमओ की बैठक बुलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रदेश में जलभराव जैसी स्थिति से निपटने के लिए मानसून और नॉन मानसून सीजन के लिए एक एसओपी बनाने के भी निर्देश दिए।

## लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें राजस्व अधिकारी, लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः डॉ. आनंद कुमार शर्मा

एजेंसी

**करनाल।** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग से जुड़े कार्य सीधे आम जनता के हितों से जुड़े हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निशानदेही, जमाबंदी, इंतकाल, ततीमा कटिंग, टोकन पेंडेंसी और कोर्ट केसों से संबंधित जितने भी मामले लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि आमजन को अपने कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए सभी अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करें। यदि कोई अधिकारी इस संबंध में लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में डीसी ने अच्छी रिकवरी करने वाले पटवारियों की सराहना की और कम रिकवरी वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने व इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन अवार्डस.जीओवी.आईएन पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो। आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए।

## पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**पलवल।** जिला सलाहकार समिति (पीएनडीटी) की बैठक सिविल सर्जन कार्यालय पलवल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. राहुल कुमार ने की। बैठक में समिति की सदस्य डॉ. पिंकी (एनजीओ प्रतिनिधि), अल्पना मित्तल (पलवल डोनर्स क्लब), डॉ. कृतिका तंवर (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नागरिक अस्पताल पलवल), डॉ. सरफराज (माइक्रोबायोलॉजिस्ट) तथा डॉ. वासुदेव (बाल रोग विशेषज्ञ) उपस्थित रहे। बैठक में पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं अस्पतालों से प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समिति ने बंसल नर्सिंग होम पलवल तथा संजीवनी अस्पताल होडल में पीएनडीटी के तहत अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण के नवीनीकरण संबंधी आवेदनों पर चर्चा की। इसी प्रकार अमिता मैटरनिटी होम एवं द हार्ट लैब पलवल तथा राहुल नर्सिंग होम और गोयल नर्सिंग होम पलवल के अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीकरण नवीनीकरण संबंधी आवेदनों पर भी विचार किया गया।

## हरियाणवी लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव : डीसी

**झज्जर।** जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर डीसी वर्षा खांगवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुत करने के लिए शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में जिला के पांचों ब्लॉक से पहुंची सांस्कृतिक टीम ने विभिन्न विधाओं में भाग लेते हुए अपनी कला एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव में सोलो डांस, ग्रुप डांस, रागनी और स्किट सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को हरियाणवी लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि सांस्कृतिक महोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## ‘विकसित भारत-2047’ के लक्ष्य को नई मजबूती प्रदान करेगा ‘सेवा संकल्प अभियान’ : गौरव गौतम

**सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा राष्ट्रव्यापी ‘सेवा संकल्प अभियान’**

एजेंसी

**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी कार्य राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और शासन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से शुरू किया जा रहा ‘सेवा संकल्प अभियान’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनहित और सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर ‘विकसित भारत-2047’ के लक्ष्य को मजबूत करेगा। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने ‘सेवा संकल्प अभियान’ की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय स्थित सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ‘आशीर्वाद का दीया’, ‘सेवा सेतु’, ‘सेवा मेरा योगदान’ और




‘सेवा ज्योति यात्रा’ जैसी पहलों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, लाभार्थियों एवं समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम को ‘सेवा संकल्प अभियान’ की रूप रेखा से अवगत कराया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि ‘सेवा संकल्प अभियान 2026’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाने वाला एक राष्ट्रव्यापी महव्यापी अभियान है। ‘सेवा संकल्प अभियान’ के तहत प्रदेशभर में सेवा, अंत्योदय उत्थान, जनकल्याण और जरूरतमंद लोगों की सहायता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ‘सेवा संकल्प अभियान’ के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न मॉड्यूल की तैयारियों को जल्द से जल्द अंतिम रूप देकर अभियान को भव्य और दिव्य बनाएं। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन 25 वर्षों की निरंतर जनसेवा का प्रतीक। अभियान के के तहत ‘आशीर्वाद का दीया और रक्तदान’ जैसे कार्यक्रमों के साथ अभियान का भव्य आगाज होगा।

## सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत जिले में होंगे जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम : अखिल पिलानी

**17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, विभिन्न गतिविधियों से जुड़ेंगे आमजन**

**नूंह (एजेंसी)।** उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले में सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत अनेक जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार कार्यक्रमों की तैयारियां समय पर पूरी करें तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों एवं आमजन को इन गतिविधियों से जोड़ते हुए कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उपायुक्त जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान-2026 का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें ‘आशीर्वाद का दीया’, ‘मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा’, ‘नमो सेवा-अनकही कहानियां’, ‘आंगन मिलन सेवा’, ‘सेवा की कहानी’, ‘सेवा ज्योति कलश यात्रा-विकसित भारत का संकल्प’, ‘सेवा मेरा योगदान’, ‘सेवा सेतु अभियान’, ‘सेवा के रंग, राष्ट्र के संग’, ‘सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज’ तथा ‘सुशासन सेवा संवाद’ सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं।

## मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0 से विवादों के आपसी सहमति से समाधान का सुनहरा अवसर : सीजेएम हरीश गोयल

**30 सितंबर तक मध्यस्थता योग्य मामलों की होगी पहचान**

एजेंसी

**पलवल।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हरीश गोयल ने आमजन को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में देशव्यापी विशेष अभियान ‘मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0’ चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित ऐसे मामलों का सौहार्दपूर्ण, त्वरित एवं कम खर्चीला समाधान सुनिश्चित करना है, जिनमें आपसी समझौते की संभावना मौजूद है। सीजेएम हरीश गोयल ने



बताया कि अभियान के तहत 1 अगस्त से 30 सितंबर, 2026 तक मध्यस्थता के माध्यम से समाधान योग्य मामलों की पहचान की जा रही है। इसके बाद 1 अक्टूबर, 2026 से ‘मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0’ अभियान का विधिवत शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, चेक बाउंस यानी धारा 138 एन.आई. एक्ट के मामले, वाणिज्यिक एवं व्यापारिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, विभागीय वसूली, संपत्ति विभाजन, बेदखली एवं किरायेदारी विवाद, भूमि अधिग्रहण तथा अन्य उपयुक्त सिविल मामलों को मध्यस्थता के लिए चिन्हित किया जा रहा है।

## एडीसी राहुल मोदी ने नाहड़ खंड में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

एजेंसी

**रेवाड़ी।** एडीसी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, रेवाड़ी राहुल मोदी की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में जिला परिषद एवं डीआरडीए की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नाहड़ खंड से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान नाहड़ खंड में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लंबित कार्यों तथा निर्धारित लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली गई। एडीसी राहुल मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम विंडो एवं जन संवाद, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, जी राम जी सैचुरेटेड मोड परियोजनाओं, मुख्यमंत्री घोषणाओं, एवं हरियाणा ग्रामीण विकास योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एडीसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यकारी अभियंता पंचायती राज नरेंद्र गुलिया, पी ओ अर्जुन लाल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनिल कुमार , जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यलय से विवेक यादव व अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाएगा सेवा संकल्प अभियान : आरती सिंह राव

**हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रेसवार्ता कर अभियान के बारे में दी जानकारी**

एजेंसी

**रेवाड़ी।** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पूरे हरियाणा में 17 सितंबर से 17 अक्तूबर, 2026 तक ‘सेवा संकल्प अभियान’ चलाया जाएगा।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सेवा संकल्प अभियान’ के संदर्भ में जिला भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। कार्यालय में पहुंचने पर मंत्री आरती सिंह राव और विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का भाजपा जिला प्रभारी प्रो. मदन लाल गोयल और भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने स्वागत एवं अभिवादन किया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि यह




अभियान प्रधानमंत्री के सेवा-संकल्प के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, उनके जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने और विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का व्यापक जन अभियान होगा। उन्होंने कहा कि ‘सेवा संकल्प अभियान’ का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ‘सेवा दिवस’ से होगा। इस दिन रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे और शाम को ‘आशीर्वाद का दीया’ कार्यक्रम होगा। रेवाड़ी के माजरा एम्स में भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। इसके साथ साथ पूरे जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने हरियाणा के प्रत्येक परिवार से आह्वान किया कि 17 सितंबर की शाम 7 बजे अपने घर में ‘आशीर्वाद का दीया’ अवश्य जलाएं। जब हर घर में सेवा और संकल्प का दीप जलेगा, तो पूरा हरियाणा प्रधानमंत्री के प्रति अपनी आत्मीयता और आभार की भावना से जगमग हो उठेगा। मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत सभी विद्यालयों में चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की परिवर्तन यात्रा को नुक्कड़ नाटकों, संगीत, संवाद और भावनात्मक प्रस्तुतियों के जरिए गांव-गांव पहुंचाया जाएगा।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने दिए आवश्यक निर्देश

***विधानसभा स्तर पर भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम होंगे***

एजेंसी

**हिसार1** 7 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत निर्धारित सभी गतिविधियों की तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं और प्रत्येक कार्यक्रम का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ पात्र नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाना है। उन्होंने अधिकारियों



को कहा कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए सभी कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित समय और कार्ययोजना के अनुसार किया जाए। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सेवा, जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के दौरान विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध करवाने के साथ-साथ जरूरत के अनुसार घर-द्वार तक सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि अभियान के पहले दिन 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया और रक्तदान मॉड्यूल के तहत कार्यक्रम होंगे। सेवा चित्र मॉड्यूल के तहत शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जबकि सेवा स्मरण के अंतर्गत कला एवं संस्कृति विभाग की सांस्कृतिक टीमों द्वारा निर्धारित विषयों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जाएगा। आंगन का मिलन मॉड्यूल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण सहित अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## मुख्यमंत्री राहत कोष की समीक्षा बैठक आयोजित, 12 में से 6 आवेदन आर्थिक सहायता के लिए स्वीकृत

एजेंसी

**हिसार।** राज्य सरकार द्वारा गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को उपचार में आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को इलाज के लिए अधिकतम एक लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों की निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच करते हुए उनका शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र मरीजों को उपचार के लिए समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान कुल 12 आवेदन में से 6 स्वीकृत किए गए। उपायुक्त ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत कैंसर, किडनी, हृदय रोग सहित 25 गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। योजना के तहत वित्तीय सहायता की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है। पात्र व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय संबंधित चिकित्सा संस्थान द्वारा जारी उपचार के संभावित खर्च का विवरण, चिकित्सा एवं ओपीडी बिल सहित आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करना आवश्यक है। इसके साथ ही परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा रिहायशी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृत आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक अथवा लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है।

## सोने-चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।**

भारत सहित दुनिया भर के बाजारों में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी की आशंकाओं के बाद भी भारतीय और वैश्विक बाजारों में सोने और चांदी में ये तेजी आई। आमतौर पर दरों में बढ़त से इन कीमती धातुओं पर दबाव पड़ता है, वहीं निवेशकों ने इस बीच जबरदस्त खरीदारी का रुख अपनाया। घरेलू वायदा बाजार (एमसीएक्स) पर सोना 1,291 रुपये और चांदी 3,667 रुपये तक ऊपर आयी, जिससे निवेशकों को थोड़ी राहत मिली।बाजार को उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व अपनी आगामी नीतिगत घोषणा में ब्याज दरों में 25 बेसिस अंक की बढ़ोतरी करेगा। इस तरह के फैसले अक्सर डॉलर को मजबूत करते हैं और सोने-चांदी को कम आकर्षक बनाते हैं क्योंकि ये बिना ब्याज वाली संपत्तियां हैं। हालांकि, बुधवार की शुरुआत इसके विपरीत दोनों धातुओं में तेजी देखी गई। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने के वायदा भाव की शुरुआत ही तेजी के साथ हुई।एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर अनुबंध 976 रुपये की तेजी के साथ 1,51,785 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। सुबह यह अनुबंध 1,291 रुपये की जोरदार उछाल के साथ 1,52,100 रुपये के भाव पर खुला था, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,50,809 रुपये था। दिन के कारोबार में इसने 1,52,100 रुपये का उच्च स्तर और 1,51,691 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि इस साल सोने के वायदा भाव ने 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे।

दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव में भी उतनी ही तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाला चांदी का बेंचमार्क अनुबंध 3,082 रुपये की तेजी के साथ 2,35,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रहा था। वहीं अंतराष्ट्रीय बाजारों में भी बहुमूल्य धातुओं में चमक बरकरार रही। वैश्विक वायदा बाजार कॉमेक्स पर सोना 42.80 डॉलर की तेजी के साथ 4,375.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था, जबकि यह 4,333.50 डॉलर प्रति औंस पर खुला था।।

## बीएसई पर टाटा केमिकल्स के शेयर में 20 फीसदी की तेजी

**नई दिल्ली।**

टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में मंगलवार को तेजी रही। टाटा केमिकल्स का शेयर 20 फीसदी चढ़ा। आरबीआई के टाटा संस के प्रमुख निवेश कंपनी का पंजीकरण वापस करने के आवेदन को खारिज करने की खबरों के बीच यह तेजी आई है। बीएसई पर टाटा केमिकल्स के शेयर में 20 फीसदी की तेजी आई। टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन का शेयर 15.24 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 5.89 फीसदी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का 5.47 फीसदी, टाटा एल्क्सी का 4.28 फीसदी, टाटा पावर का 3.41 फीसदी, टाटा कम्युनिकेशंस का 3.21 फीसदी, टाटा स्टील का 1.96 फीसदी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का 1.72 फीसदी चढ़ा। सूत्रों ने शनिवार को बताया था कि आरबीआई ने टाटा संस के प्रमुख निवेश कंपनी के रूप में एनबीएफसी पंजीकरण वापस लेने के आवेदन को खारिज कर दिया है। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी के लिए शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की राह खुल गई है।

## पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई उतार-चढ़ाव नहीं, यह है शहरों का हाल

**नई दिल्ली।**

जब से 2000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर चार्जेस की घोषणा हुई है लोगों चार्जेस का डर सता रहा है। 15 अक्टूबर से 2000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर एमडीआर शुल्क लागू हो जाएगा। सरकार ने इसके लिए अभी वक्त दिया है। इसके बाद से अब लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि क्या पेट्रोल और डीजल के दाम में भी बदलाव हुआ है? बुधवार को पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई उतार-चढ़ाव नहीं है। शहर में पेट्रोल-डीजल के दाम इस प्रकार हैं।

| शहर | पेट्रोल की कीमत |
|---|---|
| दिल्ली | 102.12 रुपए प्रति लीटर |
| मुंबई | 111.31 रुपए प्रति लीटर |
| कोलकाता | 113.51 रुपए प्रति लीटर |
| चेन्नई | 107.78 रुपए प्रति लीटर |
| शहर | डीजल की कीमत |
| दिल्ली | 95.20 रुपए प्रति लीटर |
| मुंबई | 97.97 रुपए प्रति लीटर |
| कोलकाता | 99.82 रुपए प्रति लीटर |
| चेन्नई | 99.56 रुपए प्रति लीटर |

# भारत का वस्तु निर्यात सालाना अगस्त में 26.1 फीसदी बढ़कर 43.81 अरब डॉलर रहा

**-यह निर्यात में देश का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन**

**नई दिल्ली।**

भारत का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.1 फीसदी बढ़कर 43.81 अरब डॉलर हो गया है। यह निर्यात में देश का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। इस दौरान देश के व्यापार घाटे में भी कमी देखने को मिली है, जो अगस्त में 26.86 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 27.22 अरब डॉलर पर था। इस साल जुलाई में व्यापार घाटा 32 अरब डॉलर था। अगस्त में वस्तु आयात सालाना आधार पर 26 फीसदी बढ़कर 72.67 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि इस साल जुलाई में 76.22 अरब डॉलर था। मासिक आधार पर अगस्त में निर्यात में भी कमी दर्ज की गई है, जो कि जुलाई में 44.24 अरब डॉलर पर था।

वाणिज्य मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि निर्यात में बढ़ोतरी इंजीनियरिंग के सामान, पेट्रोलियम उत्पादों, केमिकल और टेक्सटाइल की वजह से हुई और इनकी सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, ईयू और ब्रिक्स देशों से थी। आंकड़ों के मुताबिक इस साल अगस्त में सोने का आयात गिरकर 2.3 अरब डॉलर रह गया, जो अगस्त 2025 के 5.4 अरब डॉलर के आंकड़े से आधे से भी कम था। आरबीआई के इस महीने की शुरुआत में जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा 4.2 अरब डॉलर रहा।

पश्चिमी एशिया संकट के कारण ग्लोबल मार्केट में तेल, एलपीजी और फर्टिलाइजर की कीमतें बढ़ने के बावजूद यह जीडीपी का 0.5 फीसदी बना रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में सीएडी का अनुमान जीडीपी का 0.4 फीसदी था।

रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट (बैंक) या एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट स्कीम की वजह से डॉलर के इनफ्लो में जबरदस्त बढ़ोतरी के बाद, भारत दुनिया में विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है। डेटा से पता चलता है कि 4 सितंबर को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 44.9 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड 785.7 अरब डॉलर हो गया, जिससे भारत ने रूस को चौथे स्थान से हटा दिया और अब वह चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद चौथे स्थान पर है।

## घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें स्थिर, तेल कंपनियों ने नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली।**

आज यानी बुधवार को घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें पूरी तरह स्थिर हैं। सरकारी तेल कंपनियों ने इनमें कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, कमर्शियल सिलेंडर के रेट इस महीने की पहली तारीख को बदले गए थे। तब कीमतों में मामूली 9.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। घरेलू सिलेंडर के रेट आखिरी बार 7 जून 2026 को बदले थे। उस दौरान कीमतों में 29 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, तब से लेकर अब तक कीमतें पूरी तरह से स्थिर हैं।रिपोर्ट के मुताबिक 7 मार्च 2026- भू-राजनीतिक तनाव और अंतर्राष्ट्रीय क्रूड ऑयल मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव के कारण कीमतों में 60 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। 7 जून 2026 को कीमतों में 29 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जिससे दिल्ली में रेट बढ़कर 913 से 942 रुपए हो गए थे। यमन के ईरान-समर्थक हूथी विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब के बुनियादी ढांचे और तेल रिफाइनरियों पर किए गए ताजा हमलों के बाद वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ गई है। इन हमलों से सप्लाई में रुकावट आने की आशंका गहरा गई है, जिससे ब्रेंट क्रूड की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई और अमेरिकी तेल डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 105 डॉलर के स्तर को पार कर गया। आज भी क्रूड ऑयल अपने ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहा है। वैश्विक मानक माना जाने वाला ब्रेंट क्रूड 107.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट की कीमत 104.86 डॉलर प्रति बैरल है।

## ऑनर मैजिक 9 सीरीज को खास कैमरा फीचर्स के साथ करेगी पेश

**नई दिल्ली।**

स्मार्टफोन निर्माता ऑनर कंपनी अपनी आगामी मैजिक 9 सीरीज को बेहद खास कैमरा फीचर्स के साथ पेश करने की तैयारी कर रही है। इस सीरीज में 55 मेगापिक्सेल का चौकोर आकार वाला 'एआइल आई' फ्रंट कैमरा दिया जाएगा। ऑनर का दावा है कि यह चौकोर फ्रंट कैमरे वाला पहला एंड्रॉयड फोन होगा। 'एआइल आई' कैमरे को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह फोन को वर्टिकल या हॉरिजॉन्टल दिशा में इस्तेमाल करने के दौरान अधिक लचीलापन दे सके। इससे सेल्फी, ग्रुप फोटो और वीडियो शूट करते समय व्यापक दृश्य क्षेत्र मिलने की उम्मीद है। हालांकि, यह कैमरा मैजिक 9 सीरीज के सभी मॉडलों में नहीं मिलेगा। कंपनी के अनुसार, चौकोर फ्रंट कैमरा मैजिक 9 प्रो मैक्स और मानक मैजिक 9 मॉडल में दिया जाएगा। कैमरा सिस्टम की बात करें तो मैजिक 9 सीरीज में पीछे की तरफ ट्रिपल कैमरा सेटअप मिलने की जानकारी सामने आई है। इसमें दो 200 मेगापिक्सेल के एआरआरआई कैमरा सेंसर शामिल होंगे। इसके अलावा ऑनर 500 मिलीमीटर का टेलीकन्वर्टर भी पेश करेगा, जो दूर की वस्तुओं की तस्वीरें लेने के लिए उपयोगी हो सकता है। केवल बड़े मेगापिक्सेल वाले कैमरों के बजाय एक संपूर्ण कैमरा सिस्टम के तौर पर विकसित किया गया है। कैमरा फीचर्स के लिहाज से यह सीरीज प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में काफी चर्चा बटोर सकती है। कंपनी वीडियो रिकॉर्डिंग को भी खास बनाने की तैयारी में है और फोन में नया एआरआरआई सिनेमा मोड मिलने की उम्मीद है। मैजिक 9 प्रो मैक्स के रियर कैमरा मॉड्यूल को 'गाइड्स आई' नाम का नया डिजाइन दिया गया है। ऑनर के मुताबिक, इसका डिजाइन एआरआरआई के एफिलेक्स 35 कैमरे से प्रेरित है। कंपनी के मुताबिक, कैमरे के चौकोर डिजाइन से सेंसर को अधिक जगह मिलती है, जिससे तस्वीरों और वीडियो में बेहतर फ्रेमिंग की सुविधा मिल सकती है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 332, निफ्टी 99 अंक उछला**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 332.63 अंक टूटकर 74,336.45 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 99.00 अंक की तेजी के साथ ही 23,217.60 पर बंद हुआ। आज बीएसई के कुल 4561 शेयरों में तेजी रही जबकि 2344 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 227 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी में जिन शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त आई है उनमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, आईटीसी, एक्सिस बैंक और एसबीआई शामिल थे। इसके विपरीत, टीसीएस, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट रही। आज आईटी और फार्मा को छोड़कर लगभग सभी इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए। विशेष रूप से, एफएमसीजी और पीएसयू बैंक इंडेक्स में 1 फीसदी से अधिक की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स बिना किसी बड़े बदलाव के बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में हल्की गिरावट दर्ज की गयी।बाजार में इस तेजी के पीछे कई कारण जिम्मेदार रहे। प्रमुख कारणों में से एक वैल्यू बाइंग थी, जो लगातार दो कारोबारी सत्रों में गिरावट के बाद निचले स्तरों पर देखी गई। वहीं विश्लेषकों का मानना है कि निफ्टी 50 और सेंसेक्स दोनों ही ओवरसोल्ड क्षेत्र में थे, जिसने मौजूदा स्तरों से तकनीकी उछाल (टेक्निकल बाउंस) की संभावना को जन्म दिया। आज बाजार को आगे बढ़ाने में एफएमसीजी, ऑटो और फाइनेंशियल शेयरों में हुई खरीदारी का सबसे अधिक योगदान रहा। विशेष रूप से, निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में पिछले पांच सत्रों की गिरावट के बाद बढ़त दर्ज की गई। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लगभग 2फीसदी की तेजी आई, जिससे वे निफ्टी 50 के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे।जानकारों के अनुसार, संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कमजोर मूल्य संरचना के कारण बाजार के सेंटिमेंट पर दबाव बना हुआ है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। सुबह सेंसेक्स 373.05 अंक करीब 0.51 फीसदी बढ़कर 74,377.87 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी 123.60 अंक ऊपर आकर 23,242.20 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। निफ्टी50 इंडेक्स में नेस्ले इंडिया, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे बड़े शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे बुधवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजारों में भी मिश्रित कारोबार रहा। जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे कारोबार कर रहा था, जो वैश्विक अनिश्चितता को दर्शाता है, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी बढ़त के साथ खुला। इससे पहले, मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में भी कमजोरी का रुख रहा। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज नीचे आया। वहीं एसएंडपी 500 में भी गिरावट रही, और नैस्डैक कंपोजिट भी गिरा। अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड की यील्ड में तेजी जारी है, मंगलवार को 10 वर्षीय अमेरिकी ट्रेजरी नोट की यील्ड बढ़कर 5.04 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो लगभग दो दशकों में इसका सबसे ऊंचा स्तर है। बॉन्ड यील्ड में यह बढ़ोतरी बाजार में बढ़ती ब्याज दरों की चिंताओं को उजागर करती है, जिसका इक्विटी बाजारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# आरबीआई ने डॉलर-रुपया की अदला-बदली सुविधा से 136.37 अरब डॉलर जुटाए

**अब टिकाऊ और बिना कर्ज वाली विदेशी पूंजी पर जोर जरूरी**

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि उसने अपनी विशेष डॉलर-रुपया विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत 136.37 अरब डॉलर रकम जुटाई है। इसमें विदेशी मुद्रा अनिवासी या एफसीएनआर (बी) जमा की हिस्सेदारी 127.23 अरब डॉलर रही है। यह कुल रकम का 93 फीसदी है। आरबीआई को उम्मीद से कहीं ज्यादा रकम मिली और यही वजह रही कि उसने एफसीएनआर (बी) स्वैप सुविधा एक महीने पहले ही बंद कर दी थी। विदेशी मुद्रा का इतना बड़ा प्रवाह भुगतान संतुलन और रुपया दोनों को बहुत जरूरी मदद देता है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह पहली बार नहीं है जब ऐसी कोई योजना शुरू की गई है। 2013 में 'टेपर टैंट्रम' के बाद भी ऐसी ही एक योजना शुरू की गई थी। हालांकि, 2013 के उलट इस बार यह योजना ऐसे समय में शुरू की गई है जब बाजार को इस साल भुगतान संतुलन सुनिश्चित करने के लिए रकम की जरूरत महसूस हो सकती है। हालांकि, 2013 के विपरीत चालू खाते का घाटा मामूली स्तर पर बना हुआ है। यह वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 0.7 फीसदी और वर्ष 2024-25 में 0.6 फीसदी पर रहा।

कैलेंडर वर्ष 2025 में करीब 19 अरब डॉलर का विदेशी पोर्टफोलियो निवेश देश से बाहर निकल गया था और वर्ष 2026 में अब तक करीब 25 अरब डॉलर रकम भारतीय बाजार से बाहर हो चुकी है। अकेले मार्च 2026 में 13 अरब डॉलर रकम की निकासी हुई।

## इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री ने पकड़ी जबरदस्त रफ्तार

**नई दिल्ली।**

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में वर्ष 2026 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी है। इस दौरान 1.48 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी हुई, जबकि हाइब्रिड कारों की बिक्री लगभग 57,855 यूनिट रही, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की ढाई गुना अधिक बिक्री को दर्शाती है। शीर्ष 20 इलेक्ट्रिक मॉडलों की कुल बिक्री 1,39,024 यूनिट रही, जो पिछले साल की समान अवधि (83,229 यूनिट) की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। बिक्री के आंकड़ों में एमजी विंडसर 19,080 यूनिट के साथ सबसे आगे रही, हालांकि इसकी बिक्री पिछले साल से थोड़ी कम हुई। दूसरे स्थान पर महिंद्रा एक्सईवी 9एस ने 18,074 यूनिट के साथ जगह बनाई, जिसके बाद टाटा नेक्सन ईवी ने 16,567 यूनिट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो पिछले साल की तुलना में इसकी बिक्री में खासे सुधार को दर्शाता है। टाटा पंच ईवी (15,683 यूनिट) और महिंद्रा एक्सईवी 9ई (11,242 यूनिट) ने भी मजबूत प्रदर्शन किया।

# भारत का व्यापार घाटा अगस्त में 26.86 अरब डॉलर के निचले स्तर पर पहुंचा

**यह गिरावट मुख्य रूप से माल निर्यात में हुई मजबूत वृद्धि के कारण आई**

**-नई दिल्ली।**

भारत का व्यापार घाटा अगस्त में पिछले साल इस माह में दर्ज 27.22 अरब डॉलर और जुलाई में दर्ज 32 अरब डॉलर की तुलना में कमी होकर पांच माह के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया है। यह गिरावट मुख्य रूप से माल निर्यात में हुई मजबूत वृद्धि के कारण आई, जिसने माल आयात में हुई बढ़ोतरी को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 26 फीसदी बढ़कर 43.81 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 14 फीसदी बढ़कर 70.67 अरब डॉलर पर पहुंच गया। निर्यात में वृद्धि की गति जून 2022 के बाद से सबसे तेज रही।

वाणिज्य विभाग ने अगस्त में सेवा निर्यात का अनुमान 38.87 अरब डॉलर लगाया है, जो पिछले अगस्त की तुलना में करीब 25 फीसदी ज्यादा है, जबकि सेवा आयात 37 फीसदी बढ़कर 21.42 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इससे 17.45 अरब डॉलर का सेवा व्यापार अधिशेष रहने का अनुमान है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस महीने के अंत में सेवा व्यापार पर अंतिम डेटा जारी करने की उम्मीद है। आंकड़ों की जानकारी देते हुए वाणिज्य सचिव ने बताया कि यह असाधारण वृद्धि विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और प्रमुख भागीदार देशों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि हमने इंजीनियरिंग वस्तुओं, पेट्रोलियम उत्पादों, रसायनों और वस्त्रों में अच्छा प्रदर्शन देखा है। साथ ही, अमेरिका, यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिक्स राष्ट्रों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बड़ी मांग आई है।' इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर करीब 24 फीसदी बढ़कर 12.32 अरब डॉलर हो गया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात अगस्त में पिछले साल के 2.93 अरब डॉलर से करीब दोगुना होकर 5.55 अरब डॉलर हो गया।रिपोर्ट के मुताबिक पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 63 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 6.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## गौतम अडानी दुनिया के अमीर लोगों की सूची में खिसककर 20वें स्थान पर पहुंचे

**संपत्ति 42000 करोड़ रुपए से ज्यादा कम हुई, अंबानी को भी लगा तगड़ा झटका**

**नई दिल्ली।**

दुनिया के अरबपतियों में भारत के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी का रुतबा कम हो गया है। अडानी संपत्ति एक झटके में ही 42000 करोड़ रुपए से ज्यादा कम हो गई और ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में खिसककर 20वें स्थान पर आ गए। दूसरी ओर मुकेश अंबानी को भी 17000 करोड़ रुपए से ज्यादा का घाटा हुआ। अडानी की संपत्ति में गिरावट की वजह अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट रही, जबकि अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों ने चोट पहुंचाई है।बता दें दुनिया के अरबपतियों की दौलत में उछाल या गिरावट की सबसे बड़ी वजह उनके शेयर्स होते हैं। मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के नेटवर्थ का बड़ा हिस्सा उनकी कंपनियों के शेयरों का है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अडानी को मंगलवार को 4.44 अरब डॉलर यानी 42000 करोड़ रुपए से ज्यादा का झटका लगा। अब उनका नेटवर्थ 105 अरब डॉलर रह गया है। वहीं अंबानी को 1.78 अरब डॉलर यानी करीब 17000 करोड़ रुपए की चोट पहुंची है। उनका नेटवर्थ 81.3 अरब डॉलर रह गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 1.47 फीसदी टूटकर 1239 रुपए पर बंद हुए।

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेज गिरावट के बीच अडानी ग्रुप के शेयरों पर भी दबाव देखने को मिला। एनएसई के मंगलवार के कारोबार के आंकड़ों के मुताबिक अडानी ग्रुप के प्रमुख शेयरों में अडानी एंटरप्राइजेज 4.29फीसदी गिरकर 2,928.60, जबकि अडानी पावर 3.80फीसदी टूटकर 202 पर बंद हुआ। वहीं अडानी पोर्ट्स एंड सेज करीब 2.88फीसदी गिरकर 1,713.80 पर बंद हुआ। अडानी ग्रीन एनर्जी 2.05फीसदी की गिरावट के साथ 1,255 पर आ गया। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में भी 1.86फीसदी की कमजोरी रही और शेयर करीब 1,347.50 पर बंद हुआ। वहीं अडानी टोटल गैस करीब 2.46फीसदी गिरकर 580.15 और अंबुजा सीमेंट्स 2.58फीसदी टूटकर 381.75 रुपए पर रहा।

अडानी शेयरों में यह कमजोरी व्यापक बाजार की गिरावट के बीच आई। मंगलवार को निफ्टी 1.19फीसदी गिरकर 23,118.60 और सेंसेक्स 1.04फीसदी टूटकर 74,003.82 पर बंद हुआ। ऊंचे कच्चे तेल के दाम और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने मार्केट सेंटिमेंट्स पर दबाव बनाया।

## आरबीआई ने टाटा संस की लिस्टिंग से पहले बंबई हाईकोर्ट में की कैविएट दाखिल

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने बंबई हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल की है। यह कदम टाटा संस को अनिवार्य रूप से स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध करने संबंधी आरबीआई के हालिया निर्देश को चुनौती देने वाली संभावित याचिका के मद्देनजर उठाया है। एक सूत्र के मुताबिक आरबीआई की इस कानूनी पहल ने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के लिए आरबीआई की सूचीबद्धता संबंधी निर्देश को कोर्ट में चुनौती देने की गुंजाइश सीमित कर दी है। सूत्र ने बताया कि आरबीआई द्वारा कैविएट दायर किए जाने की सूचना टाटा संस को भी दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 11 सितंबर, 2026 को जारी एक पत्र में आरबीआई ने मार्च 2024 में टाटा संस की ओर से खुद को मुख्य निवेश कंपनी के रूप में पंजीकरण खत्म करने के अनुरोध वाले आवेदन को खारिज कर दिया है। इससे कंपनी को जल्द स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कराना जरूरी हो गया है। आरबीआई की ओर से पहले सूचीबद्धता का निर्देश देना और उसके तुरंत बाद कैविएट दायर करना इस बात का संकेत है कि टाटा संस की सूचीबद्धता अब टलने वाली नहीं है, भले ही टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा इसका विरोध कर रहे हों। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी है। इसने पिछले साल एक प्रस्ताव पारित कर सूचीबद्धता का विरोध किया था और यह चाहता था कि टाटा संस भी इस रुख का समर्थन करे।

रिपोर्ट के मुताबिक टाटा संस 2024 में कर्ज मुक्त कंपनी बन गई थी और सीआईसी के रूप में अपना पंजीकरण खत्म कराने के लिए आवेदन किया था ताकि कंपनी निजी बनी रह सके। हालांकि अब माना जा रहा है कि संगठन के भीतर जारी उथल-पुथल के बीच टाटा संस सूचीबद्धता के पक्ष में है। यह उथल-पुथल करीब दो साल पहले रतन टाटा के निधन के बाद शुरू हुई थी। पिछले शनिवार को आरबीआई से सूचीबद्धता का आदेश मिलने के बाद से ही इस निर्देश को लेकर कानूनी चुनौती की अटकलें लगाई जा रही थीं। माना जा रहा है कि यह कैविएट शनिवार को ही दाखिल कर दी गई थी।

एक सूत्र के मुताबिक टाटा ट्रस्ट्स के लिए अदालत का रुख करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ट्रस्ट के न्यासियों के बीच सूचीबद्धता के मुद्दे पर मतभेद हैं। कानूनी रूप से कैविएट एक ऐसी सूचना या आवेदन है, जिसे कोई व्यक्ति या संस्था संभावित कानूनी चुनौती की आशंका में अदालत में दाखिल करती है।

# कच्चे तेल की कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई। कच्चा तेल (ब्रेंट क्रूड) का नवंबर वायदा करीब 0.43 फीसदी नीचे आकर 108.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड का अक्टूबर वायदा लगभग 0.84 फीसदी की गिरावट के साथ 104.94 डॉलर प्रति बैरल पर है। कच्चे तेल में आज की इस गिरावट का मुख्य कारण अमेरिका से जारी भंडार के आंकड़े हैं।

अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट (एपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, 11 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में अमेरिका का कच्चे तेल का भंडार अप्रत्याशित रूप से 71.4 लाख बैरल बढ़ गया। बाजार विश्लेषकों को इसके विपरीत लगभग 18 लाख बैरल की कमी की उम्मीद थी। भंडार में उम्मीद से कहीं अधिक बढ़ोतरी आमतौर पर मांग में कमजोरी का स्पष्ट संकेत मानी जाती है और इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर दबाव के रूप में देखने को मिलता है।सिर्फ कच्चे तेल का ही नहीं, बल्कि पेट्रोल और डीजल जैसे तैयार ईंधन के भंडार में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जिसने अमेरिकी बाजार में तेल की मांग को लेकर चिंताएं और बढ़ा दी हैं। यही वजह है कि पश्चिम एशिया से सप्लाई को लेकर जारी भू-राजनीतिक खतरों और तनाव के बावजूद आज कच्चे तेल में बिकवाली का माहौल हावी है।हालांकि, इस गिरावट से ठीक पहले मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार उछाल आया था। ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई दोनों ही 3 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा चढ़े थे और मई के बाद अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। मौजूदा समय में कच्चे तेल के बाजार में दो बातें एक साथ काम कर रही हैं।

# श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा व सुशासन के स्वंर्णिम 25 वर्ष



सुरेश पचौरी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में स्वीदेशी चिंतन आधुनिक देश की आर्थिक, सांस्कृषतिक और आध्यीात्मिक चिंतन का आधार बन रहा है। कुल मिलाकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से भारत तरक्की के नये सोपान नापते हुए आगे बढ़ रहा है, साथ ही पूरी तरह सुरक्षित भी है। आज जिस बढ़ते भारत को भारतवासी देख रहे हैं, वह संकल्प से सिद्धि का सुफल है।

नये भारत के शिल्परकार श्री नरेन्द्र मोदी अपनी अनवरत जनसेवा व राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूरे करने जा रहे हैं। यह यात्रा 7 अक्टूबर, 2001 को शुरू हुई थी, जब उन्होंने 12 वर्ष 7 माह तक गुजरात के सफल मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में प्रथम बार शपथ ली। तब से लेकर आज तक उन्होंने जनसेवा से राष्ट्रसेवा के मंत्र को जी कर दिखाया है और उनकी इस यात्रा की गति न धीमी हुई और न रू?की, बल्कि कीर्तिमान स्थाउपित करते हुये सतत जारी है।



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 17 सितम्बमर, 2026 को अपने जीवन के 75 वर्ष पूरे करने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 17 अक्ट्रोबर तक सेवा संकल्पन अभियान प्रारंभ करने जा रही है, जब उनके सुशासन के 25 वर्ष पूरे होंगे। 12 वर्ष 7 माह तक गुजरात के मुख्यमंत्री और कमोबेश इतनी ही अवधि के उनके प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि उन्होंने जनसेवा का कीर्तिमान और प्रतिमान रच दिया।

गुजरात के मेहसाणा जिले के एक छोटे से गांव बड़नगर से शुरू हुई उनकी जीवन यात्रा में आए तमाम उतार-चढ़ाव के बीच लगन, निष्ठान, परिश्रम, त्या ग, दृढ़ इच्छोशक्ति और राष्ट्रकप्रेम के चलते वे भारतीय राजनीति के शलाका पुरुष बन चुके हैं। वे आज सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ही नहीं जाने-पहचाने जाते, वरन आज वे विश्वन के अग्रणी शीर्ष नेताओं में शुमार हो चुके हैं। श्री नरेन्द्र मोदी को 36 देशों ने अपने सर्वोच्चम सम्माशन से विभूषित किया है। वे ऐसे तपे-तपाए जननेता हैं, जिनमें कुंदन की कठोरता भी है और चंदन की शीतलता भी विद्यमान है। उनके चिंतन में राष्ट्र, राष्ट्रेबोध एवं राष्ट्रीहित सर्वोपरि है और इसी उदात्त भावना से ओतप्रोत होकर उन्हों्ने किशोरावस्थीा में अपना घर-द्वार छोड़कर जनसेवा की ओर जो कदम बढ़ाए, वे आज तक नहीं रुके।

उन्होंवने दशकों से लंबित फैसलों को पूरा किया - चाहे धारा 370 की समाप्ति हो, भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो या सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा हो। विज्ञान के क्षेत्र में चंद्रयान-3 की सफलता से लेकर मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक, उनके हर कदम ने भारत को सशक्त बनाया है। स्वच्छ भारत से जल जीवन मिशन तक, उज्जसवला योजना से आयुष्मान भारत तक, किसान सम्मान निधि से लखपति दीदियों की आत्मनिर्भरता तक - हर योजना का एक ही ध्येय रहा है कि सबका जीवन बेहतर हो, भारत समर्थ बने। ये 25 वर्ष सिर्फ सत्ता के नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के विश्वास और एक दूरदर्शी नेता के तप, त्याग और नेतृत्व की गाथा है।

प्रधानमंत्री के रूप में विगत लगभग साढ़े बारह वर्षों के दौरान मोदी जी ने भारत को आत्मतनिर्भर बनाने के लिए उन कार्ययोजनाओं को अमली जामा पहनाया, जिसका भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया गया था। चाहे वह सामाजिक-आर्थिक बदलाव हों, चाहे प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों, सांस्कृतिक धरोहरों आदि का संरक्षण हो या फिर देश के किसानों के कल्याण के लिए कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था हो, सब पर विशेष ध्यान दिया गया। मोदी जी के मार्गदर्शन में युवाओं में नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ाने के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया और डिजिटल स्किल इंडिया जैसी योजनाओं का सूत्रपात हुआ है।

श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्रगति की रफ्तार दिन-ब-दिन बढ़ती नजर आ रही है। आम आदमी के जीवन में खुशहाली आई, समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के जीवन में सुधार आया, दुनिया में भारत के मान-सम्मान में वृद्धि हुई, पड़ोसी देश पाकिस्तान को ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान मुंह की खानी पड़ी। श्री मोदी देश हित में इतने दृढ़प्रतिज्ञ हैं कि दुनिया की कोई ताकत आज तक उन्हें अपने सिद्धांतों से न तो डिगा सकी है और न ही झुका सकी है। उनका यह आत्मबल न सिर्फ करोड़ों भारतवासियों बल्कि विश्वु के दीगर मुल्कों में रहने वाले भारतवासियों को संबल प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हमारी जीडीपी वृद्धि दर भी 7.8% है। रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। देश विरोधियों और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति परिणाममूलक है।

प्रधानमंत्री ने सरकार की योजनाओं के केन्द्र बिन्दु में हमेशा ह्यआम आदमीह्ल को रखा। इस सोच के साथ गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मसलन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के करोड़ों परिवारों को पक्के घर दिए गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों शौचालयों का खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कराया गया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान कर उनके स्वामस्थ्ये और गरिमा की रक्षा की गई। बेहतर स्वोस्थ्ि सुविधा के मद्देनजर आयुष्माचन भारत योजना शुरू की गई, जिससे लगभग 60 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्यर बीमा का सुरक्षा कवच मिला। जल जीवन मिशन से हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। आधारभूत संरचना की बात की जाये तो प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्र की रीढ़ मानते हुए इसमें भारी निवेश किया। सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और डिजिटलीकरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है। ग्रामीण भारत में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में मेट्रो और स्मार्ट सिटी जैसी योजनाएं मूर्तरूप ले रही हैं। कर्मयोगी श्री नरेन्द्र मोदी ने अपना जीवन सर्वे भवन्तुर सुखिनः के भाव को चरितार्थ करते हुए राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। वे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वानस का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। मोदी जी के नेतृत्वी वाली केन्द्रग सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 2 अक्टूबिर 2014 को स्वपच्छत भारत अभियान की शुरूआत की गई। पिछले साढ़े 12 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। साथ ही उज्जूवला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ो लोग लाभान्वित हुये हैं। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के सम्मीन, युवाओं के सामर्थ्यप, किसानों की समृद्धि व महिलाओं के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण का विशेष आधार बनाया। श्री मोदी ने अपने विजन में अन्नदाता किसान को सदैव अपनी प्राथमिकता में रखा। उन्होंने किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए अनेक योजनाओं का प्रावधान किया। उनकी सोच बहुत स्पष्ट है कि कृषि आजीविका का साधन मात्र न रहे, बल्कि यह लाभ का व्यवसाय बने। फिलहाल किसानों के सम्मान स्वरूप उन्हें दी जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सालाना 6 हजार रुपए की सीधी सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन बहुत साफ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। पीएम फसल बीमा योजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएमआरकेवाई) से अन्न दाता लाभान्वित हो रहे हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, परम्परागत कृषि विकास योजनाओं जैसी जनहितैषी पहल से उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार हुआ है। श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में रेल नेटवर्क का व्यापक ऐतिहासिक उपलब्धि सहित विस्तार हो रहा है। महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। केन्द् सरकार का लक्ष्यर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, जिनमें से लगभग डेढ़ करोड़ लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों का आत्मदसम्माान बढ़ा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्वस वाली केन्द् सरकार ने देश में लगभग 2 लाख से अधिक आयुष्माान आरोग्यल मंदिर खोले हैं। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी ने स्विदेशी वैक्सीरन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना संकल्पव विरासत का, संरक्षण भी और विकास भी के परिणाम स्वषरूप अयोध्यो में रामलला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठी सम्पन्न? हुई। काशी में बाबा विश्वानाथ कॉरिडोर, उज्जैरन में महाकाल लोक, केदारनाथ धाम का नवनिर्माण, बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास, करतार साहब कॉरिडोर को खुलवाना, हेमकुण्डड साहब और गिरनार में रोपवे बनाना, नमामि गंगे योजना, तिरुवल्लीर में कल्चकरल सेन्टीर बनाना आदि उल्लेखनीय कार्यों से भारत आत्मैगौरव के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्वण में स्वीदेशी चिंतन आधुनिक देश की आर्थिक, सांस्कृषतिक और आध्यीात्मिक चिंतन का आधार बन रहा है। कुल मिलाकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से भारत तरक्की के नये सोपान नापते हुए आगे बढ़ रहा है, साथ ही पूरी तरह सुरक्षित भी है। आज जिस बढ़ते भारत को भारतवासी देख रहे हैं, वह संकल्प से सिद्धि का सुफल है। यह गर्व का विषय है कि वाइब्रेंट गुजरात के विजन ने देश को निवेश का मॉडल दिया और ब्रिक्स 2026 के शिखर सम्मेलन ने भारत को विश्वगुरु के मंच पर प्रतिष्ठाापित किया। श्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रशसेवा यात्रा पर विहंगम दृष्टिपात करें तो विकास से वैश्विक नेतृत्वन तक भारत के कदम आगे ही बढ़ते जा रहे हैं।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं)

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार की शपथ!

हमारे समाज में भ्रष्टाचार का वायरस व्यवस्था की रगों में किस कदर घर कर चुका है उसकी बानगी पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों की हरकत से उजागर हुई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल होता दिखा, जिसमें पार्षद राउंड टेबल के चारों ओर खड़े होकर शपथ लेते नजर आए कि वे भ्रष्टाचार की कमाई के बंटवारे में ईमानदारी दिखाएंगे। इस घटना के बाद खासा बवाल मचा कि कैसे भ्रष्टाचार की कमाई के लिए भी बाकायदा सिंडिकेट रूप में काम किया जा रहा है। यह वाकया हमारे समाज में व्यवस्था की सड़न को तो दशार्ता ही है, साथ ही भ्रष्टाचारियों के दुस्साहस को भी सामने लाता है। यह घटना हमारी लोकतंत्र की छोटी इकाई में चुने गए नुमाइंदों के चरित्र, सोच और इरादों को तो दशार्ती है, समाज में जीवन मूल्यों के पराभव के बिंब भी उकेरती है। समाज को यह भी संदेश देती है कि हम छोटे-छोटे लालचों के लिये कैसे पार्षद चुनते हैं। जाति, धर्म व क्षेत्र तथा संकुचित आकांक्षाओं के लिये घटिया प्रतिनिधियों को स्थानीय निकायों में अपने हितों पर कुठाराघात के लिये चुनते हैं। यह तो भविष्य बताएगा कि आने वाले समय में इन पार्षदों के खिलाफ पार्टी विशेष की तरफ से क्या कार्रवाई होती है, लेकिन यह घटना भारतीय समाज में घर करते भ्रष्टाचार की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति को जरूर उजागर कर गयी। जब देश आजाद हुआ तो राजस्थान में एक विधायक ऐसा चुना गया, जिसके पास जयपुर जाकर शपथग्रहण में शामिल होने का बस किराया भी नहीं था। बाद में लोगों ने चंदा एकत्र करके उस विधायक को जयपुर भेजा था। आज हमारी जनप्रतिनिधि संस्थाओं में सैकड़ों करोड़पति-अरबपति जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति समाज में आर्थिक विषमता की तसवीर उकेरती है। गाहे-बगाहे सामने आने वाले आंकड़े बताते हैं कि विधायक व सांसद बनने के बाद उनकी आय दिन दोगुनी-रात चौगुनी गति से बढ़ती है। अगले चुनाव में वे अपनी संपत्ति का जो दिखाई दे सकने वाला ब्योरा जारी करते हैं, उसमें यह समृद्धि स्पष्ट नजर आती है।

## चिंतन-मनन

### प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं। अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञासु तथा सचेत रहा जाए। जो जिसके विषय में जितना अधिक जिज्ञासु एवं सचेत रहता है, वह उसकेविषय में उतनी ही गहरी खोज करता है और निश्चय ही उसे पा लेता है।

# सोशल मीडिया पर बच्चों की सुरक्षा और मेटा की जवाबदेही



सुनील कुमार महला

सोशल मीडिया मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के प्रसार को लेकर केंद्र सरकार के कड़े रुख के बाद मेटा( अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी) का भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों की जानकारी देने पर सहमत होना स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन इसे मंजिल के बजाय एक लंबी लड़ाई की शुरूआत के रूप में देखा जाना चाहिए। आज का युग डिजिटल युग है और इस डिजिटल युग में डिजिटल दुनिया के बढ़ते खतरों से बच्चों को बचाने के लिए तकनीकी कंपनियों, सरकार और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच जवाबदेही का स्पष्ट तंत्र बनाना अब जरूरी हो गया है। दरअसल, जुलाई 2026 में सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण एवं दुरुपयोग से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले कथित विज्ञापनों की रिपोर्ट सामने आने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा-फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप की मूल कंपनी के अधिकारियों को तलब किया तथा संबंधित विज्ञापनों और सामग्री को हटाने और यह स्पष्ट करने को कहा कि ऐसी सामग्री उसके मंच पर कैसे उपलब्ध हुई। यहां पाठकों को बताता चलूं कि इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए मेटा के अधिकारियों से जवाब मांगा और इसके वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया। इस पूरे घटनाक्रम की गंभीरता इसलिए और बढ़ जाती है, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआइ) ने आपत्तिजनक सामग्री तैयार करना पहले की तुलना में आसान बना दिया है। सरल शब्दों में कहें तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल ने जहां रचनात्मकता और तकनीकी क्षमताओं को नई ऊंचाई दी है, वहीं इसके दुरुपयोग से आपत्तिजनक और भ्रामक सामग्री तैयार करना भी पहले की तुलना में आसान हो गया है। वास्तव में, तकनीक का यह दुरुपयोग केवल सामग्री के प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे बच्चों को निशाना बनाने वाले नए तौर-तरीकों का खतरा भी बढ़ रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी केवल ऐसी सामग्री को हटाने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। वास्तव में, उन्हें ऐसी सामग्री तैयार करने, प्रसारित करने या उसके लिए उपयोगकताओं को आकर्षित करने वाले खातों और नेटवर्क की पहचान करने तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समय रहते आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी।

भारत सरकार ने इस मामले में स्पष्ट किया है कि भारत में काम करने वाले सोशल मीडिया मंचों को भारतीय कानूनों और नियामकीय व्यवस्था का पालन करना होगा। सरकार और मेटा के बीच हुई चचाओं में बाल यौन शोषण सामग्री चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल-सीएसएएम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआइ) से निर्मित आपत्तिजनक सामग्री, डीपफेक, सामग्री की निगरानी, एल्गोरिदम और मानवीय निगरानी जैसे मुद्दे प्रमुख रहे हैं। गौरतलब है कि 2026 में लागू और संशोधित नियामकीय व्यवस्था के तहत सोशल मीडिया मध्यस्थों पर अवैध और हानिकारक सामग्री के विरुद्ध अधिक कठोर दायित्व निर्धारित किए गए हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि सरकार या सक्षम न्यायालय के निर्देश पर ऐसी सामग्री को हटाने की समय-सीमा भी घटाकर तीन घंटे की गई है। इतना ही नहीं, गैर-सहमति वाली निजी अथवा अंतरंग सामग्री के संबंध में भी कठोर समय-सीमा निर्धारित की गई है।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से भारत को क्या लाभ?



प्रहलाद सबनानी

दिनांक 12 एवं 13 सितम्बर 2026 को ब्रिक्स का 18वां शिखर सम्मेलन दिल्ली के भारत मंडपम में सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। ब्रिक्स का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक सहयोग बढ़ाना है। इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों के साथ ही 10 अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री एवं उच्च स्तर के अधिकारी शामिल हुए। वर्ष 2025-26 के लिए भारत को ब्रिक्स का अध्यक्ष बनाया गया था, अतः भारत ने इस वर्ष ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी एवं अध्यक्षता की। ब्रिक्स के माध्यम से विश्व की 11 प्रमुख उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं एवं विकासशील देशों को एक मंच प्रदान किया जाता है। ब्रिक्स में शामिल देशों की कुल आबादी विश्व की कुल जनसंख्या का 49.5 प्रतिशत है और विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है तथा वैश्विक व्यापार में 26 प्रतिशत की भागीदारी है। इससे वैश्विक स्तर पर ब्रिक्स का महत्व स्वयं ही स्पष्ट हो जाता है। ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और वित्तीय स्थिति, दूरसंचार, कृषि, श्रम, रोजगार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, व्यापार और विश्व व्यापार संगठन सहित वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श करते है। इस वर्ष के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की थीम ह्लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माणह्व रखी गई थी। शिखर सम्मेलन में 45 पन्नों एवं 140 बिंदुओं के ह्लनई दिल्ली घोषणापत्रह्व को समस्त सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया था। इस सम्मेलन की यह सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि इस सम्मेलन में आपस में कुछ विरोधाभासी विचार रखने वाले देश (ईरान, साऊदी अरब एवं संयुक्त अरब अमीरात) भी शामिल थे। ईरान के राष्ट्रपति एवं यूएई के राष्ट्रपति के बीच शिखर सम्मेलन के बीच आपस में वार्ता सम्पन्न हुई थी, जबकि दोनों देशों के बीच अमेरिका-ईरान युद्ध के संदर्भ में तनाव की स्थिति कायम है।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ब्रिक्स की स्थापना अमेरिका में हुई है। वर्ष 2006 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर ब्रिक विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में ब्रिक को औपचारिक रूप दिया गया था। ब्रिक का पहिला उद्घाटन शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में आयोजित किया गया था। वर्ष 2010 में न्यूयॉर्क में ब्रिक विदेश मंत्रियों की बैठक में दक्षिण अफ्रीका को शामिल करने के साथ ब्रिक को ब्रिक्स में विस्तारित करने पर सहमति हुई थी। तदनुसार, दक्षिण अफ्रीका ने 2011 में सान्या में तीसरे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जनवरी 2024 से और इंडोनेशिया जनवरी 2025 में ब्रिकस के पूर्ण सदस्य बने। इसके बाद बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम 2025 में भागीदार देशों के रूप में ब्रिक्स में शामिल हुए।

भारत के प्रधानमंत्री ने अपने उदबोधन में उक्त ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कई आवश्यक एवं महत्वपूर्ण विषयों की ओर समस्त सदस्यों का ध्यान आकर्षित किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले कई उत्पादों के निर्यात पर भारी भरकम टैरिफ लगाया था, इसी प्रकार चीन ने भी आवश्यक मिनरल के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध लगाए थे, इस प्रकार की स्थित पुनः न बनें इस हेतु यह सुझाव दिया गया है कि तकनीकी एवं आवश्यक मिनेरल्स को विभिन्न देशों द्वारा हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए इसका सीधा सीधा विपरीत प्रभाव विकासशील देशों के विकास पर पड़ता है। जब हम वैश्विक स्तर पर एक परिवार की बात करते हैं तो प्राकृतिक संसाधनों पर इस धरा पर निवासरत पूरी मानवजाति का समान अधिकार है। इसके उपयोग को कुछ देशों द्वारा रोका नहीं जाना चाहिए। भारतीय सनातन संस्कृति में तो प्रकृति को मां के समान माना जाता है, अतः प्रकृति का शोषण नहीं बल्कि आवश्यकता अनुसार दोहन होना चाहिए। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन भी आवश्यक है। विकास और पर्यावरण एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं केवल आवश्यता है कि दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाय। हाल ही के समय में महामारी, जलवायु आपदाओं एवं सप्लाई चैन में रुकावटों ने दिखाया है कि विभिन्न देश एक दूसरे पर किस प्रकार निर्भर है। एक देश में आया संकट दूसरे देश को भी प्रभावित करता हुआ दिखाई दे रहा है। ब्रिक्स के सदस्य देशों को आपस में सहयोग बढ़ाने तथा सप्लाई चैन को मजबूती प्रदान करने की ओर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच आपस में छोटे कारोबारों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए और उन्हें नए बाजार और पर्याप्त वित्त की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के प्रयास भी होने चाहिए ताकि रोजगार के नए अवसर निर्मित हों और अंतिम पंक्ति पर खड़े नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जा सके। इसके लिए ह्लब्रिक्स कनेक्टह्व के माध्यम से गरीब नागरिकों को काम के लिए आवश्यक कौशल सीखने, रोजगार के अवसर बढ़ाने एवं मातृशक्ति को अधिक काम के मौके देने का प्रयास किया जाना चाहिए। छोटे कारोबारियों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से इफ्क्रुर टरटए पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। इससे छोटे कारोबारी नए बाजारों से जुड़ सकेंगें। ब्रिक्स देशों में कार्य कर रहे स्टार्टअप्स को आपस में जोड़ने के लिए ब्रिक्स इनक्युबेटर नेट्वर्क बनाया जा सकता है। इसी प्रकार, नए और बड़े स्तर के नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रिक्स स्टार्टअप इनोवेशन फंड भी बनाया जा सकता है। ब्रिक्स देश आपस में कारोबार को सरल बनाने के उद्देश्य से स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ साथ, अलग अलग देशों के ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट सिस्टम को आपस में जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। इससे एक देश के नागरिकों को दूसरे देश के नागरिकों को राशि भेजना बहुत आसान होगा और अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता कम होगी।

ब्रिक्स स्थापना से भारत को विशेष लाभ हुआ है। सामरिक दृष्टि से भारत का वैश्विक स्तर पर महत्व बढ़ा है। भारत आज न केवल ब्रिक्स बल्कि जी-20, जी-7, क्वाड, एससीओ जैसे वैश्विक संस्थानों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है एवं अन्य देश आंज भारत की आवाज को गम्भीरता से सुन रहे हैं। विभिन्न देशों के नागरिक आज सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपनाने हेतु लालायित हैं क्योंकि इस संदर्भ में भारत के व्यवहार से ये देश अत्यधिक प्रभावित हैं। साथ ही, भारत को कई प्रकार के आर्थिक लाभ भी होने जा रहे हैं और भारत में विदेशी निवेश बढ़ने की सम्भावना बनी है। ब्रिक्स के 21 सदस्य देशों के बीच आपसी समझदारी बढ़ी है और इससे इन देशों के बीच आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। आतंकवाद के खिलाफ मजबूत संदेश गया है कि भारत किसी भी कीमत पर आतंकवाद को पनपने नहीं देगा। नई दिल्ली घोषणापत्र में रूस एवं चीन सहित समस्त ब्रिक्स सदस्य देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भी की है। इसमें यह भी कहा गया है कि आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ मिलकर कार्यवाही करनी चाहिए। साथ ही, आतंकियों तक पहुंचने वाली फंडिंग को रोकने और उन्हें सुरक्षित ठिकाने देने वालों पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए। भारत आज ग्लोबल साउथ की आवाज बन रहा है। इस क्षेत्र के देश भारत पर भरोसा करने लगे हैं। इससे भारतीय रुपए की वैश्विक स्तर पर साख बढ़ सकती है क्योंकि ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं। यूपीआई एवं रूपे कार्ड की स्वीकार्यता कई देशों में अब बढ़ रही है। आपस में स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने से भारतीय रुपए को मजबूती मिलेगी एवं इससे मंहगाई बढ़ने की गति कम होगी। ब्रिक्स ने वर्ष 2015 में डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की स्थापना की थी। इस बैंक ने भारत को 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का ऋण प्रदान किया है।

**संक्षिप्त समाचार**

## आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना जारी रखेगा इजरायल: नेतन्याहू

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि इजरायल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ एक और बड़ी जीत हासिल की है और लेबनान के सुरक्षा क्षेत्र में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का अभियान जारी रहेगा। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नेतन्याहू के हवाले से कहा, 'हमने हिजबुल्लाह के खिलाफ एक और बड़ी जीत हासिल की है। हमने ब्यूफोर्ट रिज और अली अल-ताहेर रिज पर उसके प्रमुख आतंकवादी गढ़ों को नष्ट कर दिया है। हमारी नीति स्पष्ट है कि लेबनान के सुरक्षा क्षेत्र में मौजूद आतंकवादी ढांचे को खत्म करना जारी रहेगा। इजरायल के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' नेतन्याहू ने इजरायल के दुश्मनों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने अब भी सबक नहीं सीखा और दोबारा हमला करने का विकल्प चुना, तो उन्हें पहले से भी अधिक भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अभी कुछ काम बाकी है और ईश्वर की मदद से उसे भी पूरा किया जाएगा। इस बीच, पिछले महीने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा था कि इजरायल और लेबनान के बीच रोम में हुई ताजा वार्ता में सीमा विवाद और कैदियों की वापसी के मुद्दे पर सकारात्मक प्रगति हुई है। 7 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में आउन ने बताया था कि रोम वार्ता में चार प्रमुख मुद्दों- युद्धविराम, घरों को ढहाने की कार्रवाई, सीमा और कैदियों की वापसी तथा पायलट क्षेत्रों की पहचान पर चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि इन मुद्दों पर जल्द ही व्यावहारिक कदम सामने आएंगे।

## केरल की व्लॉगर अरुणिमा ने अफगानिस्तान में गिरफ्तारी का दावा किया

**काबुल, एजेंसी।** केरल की एक प्रसिद्ध महिला ट्रैवल व्लॉगर अरुणिमा ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें अफगानिस्तान के बामियान में 'मुजाहिदीन' ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने भारतीय दूतावास से संपर्क करने के लिए मदद मांगी। अपनी फेसबुक पेज पर उन्होंने एक पोस्ट साझा की। इसमें स्थानीय अधिकारियों के एक कथित आधिकारिक संदेश का अनुवाद था, जिसके अनुसार उन्हें मुजाहिदीन ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अपडेट में कहा, 'मैं अफगानिस्तान में परेशानी में हूं। मैं बामियान में हूं।' पीटीआई इस पोस्ट की सत्यता की पुष्टि नहीं कर सका। विदेश मंत्रालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पोस्ट में गिरफ्तारी की परिस्थितियों या उन्हें हिरासत में लेने वालों के बारे में अधिक विवरण नहीं था।

## लीबिया में फंसे 171 सोमाली प्रवासी घर लौटे

**सोमाली , एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की पहल पर एक विशेष चार्टर उड़ान के माध्यम से 171 सोमाली प्रवासियों को लीबिया से वापस घर भेजा गया। लीबिया में फंसे 171 सोमाली प्रवासियों में तीन नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। आईओएम ने बताया कि बेहतर जीवन की तलाश में प्रवासियों का ये समूह कई देशों से गुजरते हुए लीबिया पहुंचे थे। वहां मानव तस्करों के चंगुल में फंसने के बाद इन्हें शोषण, दुर्व्यवहार और कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। प्रवासियों की विशेष फ्लाइट सबसे पहले उत्तरी सोमालिया के हरगेइसा में उतरी, जहां 42 प्रवासी उतरे। इसके बाद शेष यात्री राजधानी मोगादिशु पहुंचे, जहां अधिकारियों और उनके परिजनों ने उनका स्वागत किया।

## भारतीयों को अब उज्बेकिस्तान में 30 दिन तक वीजा-मुक्त प्रवेश

**ताशकंद, एजेंसी।** उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतावास ने यात्रा संबंधी नई जानकारी साझा करते हुए कहा कि चुनिंदा देशों के वैध मल्टीपल-एंट्री वीजा रखने वाले भारतीय नागरिक उज्बेकिस्तान में 30 दिन तक बिना उज्बेक वीजा के रह सकते हैं। इसके लिए यात्रियों के पास संबंधित देशों का वैध बिजनेस या टूरिस्ट वीजा और अपने देश या किसी तीसरे देश का कन्फर्म रिटर्न या आगे की यात्रा का हवाई टिकट होना जरूरी है। दूतावास के अनुसार, यह सुविधा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, शेंगेन समझौते वाले देशों, ब्रिटेन और अमेरिका के वैध मल्टीपल-एंट्री वीजा धारकों को मिलेगी।

# ट्रंप को चुनौती देगा कनाडा?: अमेरिका से निवेश खींचने की तैयारी में कार्नी, समिट में जुटेंगे 300 दिग्गज सीईओ

**टोरंटो, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि कारखाने और निवेश दक्षिण की ओर यानी अमेरिका आएं। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को उम्मीद है कि वे अरबों डॉलर का निवेश उत्तर की ओर यानी कनाडा की तरफ ला सकते हैं।

**कनाडा इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होंगे 300 सीईओ :** इस हफ्ते कार्नी के 'कनाडा इन्वेस्टमेंट समिट' के लिए दुनिया की कुछ सबसे बड़ी इन्वेस्टमेंट कंपनियों के लगभग 300 सीईओ और सीनियर एग्जीक्यूटिव टोरंटो के यॉर्कविले इलाके में मौजूद 'फोर सीजन्स' होटल में इकट्ठा हो रहे हैं। ये निवेशक मिलकर 120 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की संपत्ति का प्रबंधन करते हैं। इससे उस पूंजी के बड़े पैमाने का पता चलता है जिसे कार्नी हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि कनाडा अरबों डॉलर का नया निवेश आकर्षित करने और अमेरिका पर अपनी आर्थिक निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है।

**पीएम कार्नी ने क्या कहा था? :** पिछले हफ्ते अल्बर्टा के बैनफ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्नी ने कहा, 'कनाडा की पहचान सिर्फ अमेरिका के पड़ोस में होने तक सीमित नहीं है। हमारे पास वह सब कुछ है जिसकी दुनिया को जरूरत है।' कार्नी ने कनाडा के विशाल



ऊर्जा और जरूरी खनिजों के संसाधनों, वहां के पढ़े-लिखे वर्कफोर्स और उन ट्रेड एग्रीमेंट्स की ओर इशारा किया, जिनकी वजह से कनाडा में मौजूद कंपनियों को दुनिया भर में लगभग 1.5 अरब ग्राहकों तक पहुंच मिलती है। कनाडा को भरोसा है कि वह ट्रंप का सामना कर सकता है और अपने निवेश के स्रोतों में विविधता ला सकता है। लेकिन यह शिखर सम्मेलन कनाडा के लिए एक नाजुक समय पर हो रहा है। व्यापार वार्ता 21 अगस्त को विफल हो गई, जिसके बाद ट्रंप ने लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर के कनाडाई सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद वाशिंगटन ने फिर से दबाव बढ़ाते हुए कुछ कनाडाई आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की और बड़े, दीर्घकालिक अमेरिकी सरकारी अनुबंधों से कनाडाई उत्पादों को बाहर करने की दिशा में कदम उठाए।

ट्रंप के टैरिफ और मैन्युफैक्चरिंग को बॉर्डर के दक्षिण में ले जाने की कोशिशें उस चीज को कमजोर कर रही हैं, जो लंबे समय से विदेशी निवेशकों के लिए देश के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक थी। कॉन्टिनेंटल फ्री ट्रेड के तहत विशाल अमेरिकी बाजार तक भरोसेमंद पहुंच।

**वित्त मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने क्या कहा :** जब पूछा गया कि क्या कनाडा ट्रंप के साथ ट्रेड डील के बिना लंबे समय तक टिक सकता है, तो वित्त मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि ओटावा प्रभावित व्यवसायों और कर्मचारियों की मदद करने के लिए तैयार है। शैम्पेन ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'हमारे पास अपने उद्योगों और कर्मचारियों की मदद करने के लिए जरूरी संसाधन हैं - चाहे कितना भी समय लगे या जो कुछ भी करना पड़े।' सरकार ने सोमवार को यह भी कहा कि वह 1 अरब अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक के निवेश के लिए कर संबंधी निर्णयों को प्राथमिकता देगी, जिससे बड़े निवेशकों को पूंजी लगाने से पहले अधिक निश्चितता मिलेगी।

**कनाडा पर दांव लगाने पर कार्नी ने क्या कहा:** कार्नी वैश्विक निवेशकों से व्यापार युद्ध को नजरअंदाज करते हुए कनाडा पर दांव लगाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही ट्रंप के नेतृत्व में तेजी से अप्रत्याशित होते जा रहे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कनाडा के कानून के शासन और विश्वसनीयता की तुलना स्पष्ट रूप से कर रहे हैं। कार्नी ने कहा, 'निवेशकों को एक ऐसा देश मिलेगा जो कानून के शासन का सम्मान करता है और एक ऐसा देश जो भरोसेमंद है। दुनिया में ऐसा संयोजन बहुत कम देखने को मिलता है। यह एक आकर्षक संयोजन है।'

इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक पूंजी को महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी, रक्षा, उन्नत विनिर्माण और ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख परियोजनाओं के साथ जोड़ना है। सोमवार को एक बड़े निवेश की घोषणा की गई। बेल कनाडा ने कहा कि वह सस्केचेवान में पहले से निर्माणाधीन एआई डेटा-सेंटर परियोजना को चार गुना बढ़ाएगी, जिससे 1.2 गीगावाट की सुविधा का मार्ग प्रशस्त होगा और कुल अनुमानित पूंजी निवेश 50 अरब कनाडाई डॉलर (36 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक हो जाएगा।

# 2028 में यूएस प्रेसिडेंट इलेक्शन, अभी से ही सुगबुगाहट तेज

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के होने वाले चुनाव में अभी देरी है। लेकिन इसपर अभी से चर्चा शुरू हो गई। आयरलैंड के शैनन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मीडिया ने उम्मीदवारी को लेकर सवाल पूछा। उनसे पूछा गया कि क्या वह 2028 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का समर्थन करेंगे, तो उन्होंने सावधानी भरे अंदाज में कहा कि अभी इसके बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दबाजी होगी। यह बातचीत तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति आयरलैंड के शैनन में एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे।

**बहुत सारे काबिल लोगों की टीम है :** मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, 'अभी इसके बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दबाजी होगी। मेरा मतलब है, अभी बहुत जल्दी है। मुझे लगता है कि वह बहुत बढ़िया हैं। हमारे पास बहुत से बेहतरीन लोग हैं। हमारे पास, जैसा कि कहा जाता है, बहुत सारे काबिल लोगों की एक बड़ी टीम है।' जब उनसे पूछा गया कि वेंस के मुकाबले कौन सबसे मजबूत दावेदार हो सकता है, तो ट्रंप ने कहा, 'देखिए, मुझे लगता है कि वे सभी बहुत अच्छे हैं, और जेडी तो शानदार हैं; उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है।

**2028 में चुनाव, 2026 में चर्चा :** अगस्त, 2026 में एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि ओवल ऑफिस में एक बैठक के



दौरान, ट्रंप ने अपने उपराष्ट्रपति की संभावित उम्मीदवारी पर बात की थी। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों से कहा था, 'आखिरकार, हमें जेडी को ही चुनना है।' रिपोर्ट में कहा गया कि था कि हालांकि उन निजी टिप्पणियों से संकेत मिला था कि वे भविष्य में वेंस का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सलाहकारों ने इशारा किया था कि राष्ट्रपति ने अभी तक अपने उत्तराधिकारी के बारे में कोई पक्का फैसला नहीं किया है।

**राष्ट्रपति ट्रंप कर रहे थे तुलना :** रिपोर्ट में कहा गया कि यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच तुलना कर रहे थे। उस दौरान हुई अंदरूनी चर्चाओं से पता चला कि ट्रंप अक्सर अपने सहयोगियों से दोनों की तुलना करने वाले सवाल पूछते रहते थे, यहां तक कि 'मरीन वन' में यात्रा के दौरान भी वे अनौपचारिक रूप से स्टाफ की राय लेते थे। हालांकि अगस्त में एक प्रमुख सलाहकार ने बताया था कि ट्रंप ने निजी तौर पर यह मान लिया है कि वेंस ही MAGA आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे।

## सऊदी अरब में 11 करोड़ टन यूरेनियम वाला खनिज मिला:मदीना में रेयर अर्थ मिनरल्स भी मिले

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के मदीना इलाके में करीब 11 करोड़ टन यूरेनियम वाला खनिज मिला है। यहां यूरेनियम के साथ रेयर अर्थ मिनरल्स भी पाए गए हैं। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान ने वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह खोज मदीना के जबल सैयद प्रोजेक्ट में हुई है। यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु ऊर्जा और हथियार बनाने में होता है। सऊदी अरब पहले से ही परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है।

**तेल से परमाणु ऊर्जा की तरफ बढ़ रहा सऊदी :** सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था लंबे समय से तेल पर निर्भर रही है। अब वह तेल के साथ परमाणु, सौर और पवन ऊर्जा जैसे दूसरे स्रोतों को भी बढ़ावा दे रहा है। सऊदी परमाणु बिजलीघर लगाने और देश में मिले यूरेनियम का इस्तेमाल करने की योजना पर काम कर रहा है। ऐसे में मदीना में यूरेनियम वाला खनिज मिलना उसके लिए अहम हो सकता है। अगर आगे की जांच में यहां से यूरेनियम निकालना फायदेमंद साबित हुआ, तो सऊदी परमाणु ऊर्जा के लिए अपनी जरूरत का कुछ हिस्सा देश में ही पूरा कर सकेगा। इससे दूसरे देशों से यूरेनियम खरीदने पर उसकी निर्भरता घट सकती है। हालांकि, खनिज मिलने के बाद सीधे परमाणु ईंधन तैयार नहीं होता। पहले यूरेनियम को निकालना और फिर उसे इस्तेमाल लायक बनाना पड़ता है। मदीना में मिले खनिज में भारी रेयर अर्थ मटेरियल भी पाए गए हैं।

इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन चक्कियों, रोबोट, ड्रोन और आधुनिक रक्षा उपकरणों में लगने वाले शक्तिशाली चुंबक बनाने में होता है। इन खनिजों की खनन और प्रोसेसिंग पर चीन का बड़ा दबदबा है। चीन इन खनिजों को निकालने के साथ उन्हें इस्तेमाल लायक बनाने और चुंबक बनाने में भी दुनिया में सबसे आगे है। ऐसे में सऊदी में इन संसाधनों की खोज अहम है। अगर सऊदी आगे चलकर इनका खनन और प्रोसेसिंग शुरू करता है, तो वह चीन पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे देशों के लिए एक नया स्रोत बन सकता है।

## ट्रंप को बड़ा झटका: मध्यावधि चुनाव से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति का बैन निरस्त

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेल मतपत्र प्रतिबंधों को फिलहाल खारिज कर दिया। इस निर्णय से राज्यों को अपनी पुरानी मेल मतपत्र प्रक्रियाओं को जारी रखने की अनुमति मिल गई है। यह फैसला मध्यावधि चुनावों में मतदान शुरू होने के बीच आया है। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए नवंबर के चुनावों से पहले इन प्रतिबंधों को लागू करना चाहता था।

**डाक मतपत्र के मामले में जजों की राय क्या :** जस्टिस सैमुअल एलिटो और जस्टिस क्लेरेंस थॉमस ने इस संक्षिप्त आदेश का विरोध किया। जस्टिस ब्रेट कवानुघ ने प्रतिबंधों को मध्यावधि चुनावों के लिए लागू न करने पर सहमति जताई। हालांकि, उन्होंने बाद में ट्रंप प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाने का संकेत दिया। यह मामला महत्वपूर्ण है क्योंकि देश का लगभग एक तिहाई हिस्सा मेल द्वारा मतदान करता है।



2020 में मिली हार का कारण डाक मतपत्र को मानते हैं ट्रंप

चुनाव अधिकारियों ने कहा कि मध्यावधि चुनावों से पहले पूर्ण बदलाव करना संभव नहीं था। अलाबामा, उत्तरी कैरोलिना और विस्कॉन्सिन ने पिछले सप्ताह ही मतदाताओं को मेल मतपत्र भेजना शुरू कर दिया था। उस समय भी नई प्रणाली सक्रिय नहीं थी। ट्रंप ने लंबे समय से मेल मतदान का विरोध किया है। उन्होंने 2020 के चुनाव में जो बाइडेन से अपनी हार के लिए इसे गलत तरीके से दोषी ठहराया था। हालांकि, वह खुद अक्सर इसी तरीके से मतदान करते रहे हैं, जिसमें इस साल भी शामिल है।

**ट्रंप प्रशासन की क्या थी योजना :** ट्रंप प्रशासन की योजना में राज्यों को एक समान लिफाफा शैली अपनानी थी। उन्हें योग्य मतदाताओं की सूची एक ऑनलाइन माध्यम पर जमा करनी होती। पोस्टल सर्विस उन राज्यों को मतपत्र देने से मना कर सकती थी जो नियमों का पालन नहीं करते। एक व्हिसलब्लोअर रिपोर्ट ने इस प्रणाली पर चिंता जताई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ऑनलाइन माध्यम ठीक से नहीं बना था। एक बार कोड त्रुटि से लाखों मेल मतपत्रों का पूरा समूह रद्द हो सकता था।

**प्रतिबंधों को क्यों चुनौती दी गई :** डेमोक्रेटिक राज्य अधिकारियों और मतदान अधिकार समूहों ने इन प्रतिबंधों को अदालत में चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति के पास चुनाव नियम तय करने का सांविधानिक अधिकार नहीं है। उनके अनुसार, ये नियम एक बड़े चुनाव की पूर्व संध्या पर मेल मतदान को लगभग समाप्त कर देंगे। निचली अदालतों ने ट्रंप की योजना को अवरुद्ध कर दिया था। इसमें राष्ट्रपति द्वारा नामित एक न्यायाधीश द्वारा जारी किया गया प्रारंभिक निषेधाज्ञा भी शामिल था।

**सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ :** ट्रंप प्रशासन ने निचली अदालतों के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। प्रशासन ने तर्क दिया कि पोस्टल सर्विस पर संघीय नियंत्रण उन्हें मेल मतपत्रों के लिए नियम तय करने की अनुमति देता है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का पालन करना संभव था। संघीय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक प्रारंभिक प्रक्रियात्मक निर्णय जीता था। हालांकि, जस्टिस ने योजना की वैधता पर स्पष्ट रूप से कोई फैसला नहीं सुनाया था।

# विदेश में भारतीय मिशनों ने साहित्यिक सभाओं और कविता पाठ के साथ हिंदी दिवस मनाया

**सियोल, एजेंसी।** दुनिया भर में भारतीय मिशनों ने सोमवार को हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर साहित्यिक सभाओं और कार्यक्रमों की मेजबानी की। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने हिंदी भाषा का जश्न मनाने वाला एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें आवास, शहरी मामलों और विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने भाग लिया। महावाणिज्य दूतावास ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर, ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंटरनेशनल हिंदी एसोसिएशन-ह्यूस्टन चैप्टर के सहयोग से हिंदी भाषा की समृद्धि, समावेशिता और जीवंतता का जश्न मनाते हुए एक सुंदर साहित्यिक मिलन की मेजबानी की।' उन्होंने आगे कहा, 'इस कार्यक्रम में मंत्री मनोहर लाल ने भाग लिया, जिनकी उपस्थिति और प्रेरणादायक शब्दों ने पूरे क्षेत्र में हिंदी प्रेमी समुदाय को उत्साहित और प्रेरित किया। ह्यूस्टन में महावाणिज्य दूतावास उन सभी हिंदी प्रेमियों, स्वयंसेवकों और साझेदार संगठनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके समर्पण ने इस उत्सव को वास्तव में विशेष बना दिया।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास ने सोमवार को अबू धाबी में भारतीय स्कूलों के सहयोग से हिंदी दिवस मनाया, जिसमें कविता पाठ और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। यूएई में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, 'दूतावास ने अबू धाबी और अल ऐन में भारतीय स्कूलों के सहयोग से 'हिंदी दिवस 2026' मनाया। इस कार्यक्रम में कविता पाठ, निबंध प्रतियोगिताएं और 'हिंदी क्विज' शामिल थे। शिक्षकों और छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिससे हिंदी की सुंदरता और रचनात्मकता का जश्न मनाया गया। '

बहरीन में भारतीय दूतावास ने भी कविता पाठ, नाटक, नृत्य प्रदर्शन और हिंदी क्विज में भागीदारी के माध्यम से हिंदी दिवस मनाया। दूतावास ने एक्स पर लिखा, 'बहरीन में भारतीय दूतावास में हिंदी दिवस मनाया गया, जिसमें दूतावास परिवार ने कविता पाठ, नाटक, नृत्य प्रदर्शन और हिंदी क्विज में भागीदारी के माध्यम से हिंदी की समृद्धि और प्रासंगिकता का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए, भाषा के स्थायी महत्व को उजागर किया। महामहिम राजदूत ने हिंदी में अपना संबोधन दिया और कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानित किया, हिंदी और इसकी समृद्ध भाषाई विरासत के उत्सव और प्रचार को प्रोत्साहित किया।' दूतावास ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को भी बढ़ावा दिया गया, जिसमें ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत के नेतृत्व और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

## भारत-बांग्लादेश रिश्तों में बदलाव की आहट, बांग्लादेश के मंत्री हुमायूं कबीर बोले- भारत संग नए अध्याय की जरूरत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने भारत के साथ अपने संबंधों को नए सिरे से आगे बढ़ाने की इच्छा जताई है। विदेश मामलों के राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि ढाका अब पुराने आकर्षण से आगे बढ़कर भारत के साथ सीधे द्विपक्षीय संवाद के जरिए नया रिश्ता बनाना चाहता है।

बांग्लादेश के विदेश मामलों के राज्य मंत्री ने भारत के साथ रिश्तों को लेकर अपनी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल का दौर दोनों देशों के लिए असहज रहा है और अब संबंधों को नए आधार पर आगे बढ़ाने की जरूरत है।

**भारत के साथ नए रिश्ते पर ढाका का जोर :** विदेश मंत्रालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुमायूं कबीर ने कहा कि बांग्लादेश भारत को एक पड़ोसी और अन्य देशों की तरह एक देश के रूप में देखता है। उनका कहना था कि अब ढाका भारत के साथ पुराने आकर्षण से आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ ऐसा नया रिश्ता बनाना चाहता है, जो सीधे द्विपक्षीय चर्चाओं और आपसी समझ पर आधारित हो। उनके मुताबिक, दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर सीधी बातचीत ही संबंधों को आगे ले जाने का बेहतर रास्ता है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुमायूं कबीर ने भारत के प्रति बांग्लादेश के पुराने रुख को लेकर तीखी टिप्पणी भी की। उन्होंने कहा कि भारत में नाश्ता, भारत में दोपहर का खाना और भारत में रात का खाना



हो रहा है, तो फिर अपना खाना कब खाएंगे? उन्होंने इस टिप्पणी के जरिए यह संकेत दिया कि बांग्लादेश को अपनी विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को अधिक महत्व देना चाहिए। उनका जोर इस बात पर रहा कि ढाका को अपनी जरूरतों के अनुसार स्वतंत्र रूप से नीतियां तय करनी चाहिए।

**बहुपक्षीय मंच नहीं, सीधी बातचीत पर जोर :** हुमायूं कबीर ने कहा कि जिस देश के साथ बांग्लादेश बेहतर संबंध बनाना चाहता है, उसके साथ शुरुआती गंभीर बातचीत द्विपक्षीय यात्रा और सीधे संवाद के माध्यम से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किनारे पर होने वाली मुलाकात को दोनों देशों के रिश्तों की पहली बड़ी शुरुआत नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टिप्पणी विशेष रूप से भारत के संदर्भ में है।

**सीमा विवादों को राजनयिक तरीके से सुलझाने की बात :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाल की घटनाओं को लेकर पूछे गए सवालों पर हुमायूं कबीर ने कहा कि सरकार इन संवेदनशील मुद्दों को राजनयिक माध्यमों से उठाएगी।

# होर्मुज के बाद सऊदी ने भी बंद की तेल की पाइपलाइन

**रियाद, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट जारी संघर्ष का असर अब वैश्विक तेल बाजार पर बढ़ता दिख रहा है। सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट ऑयल पाइपलाइन को ड्रोन हमले से हुए नुकसान के बाद अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया गया है। सऊदी अरब की यह पाइपलाइन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक रास्ता मानी जाती थी। इस पाइपलाइन के बंद होने से दुनिया की तेल सप्लाई को लेकर टेंशन बढ़ गई है।

मीडिया एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अगर पाइपलाइन जल्द शुरू नहीं होती है तो वैश्विक तेल सप्लाई का करीब 4 फीसदी हिस्सा इससे प्रभावित हो सकता है। सऊदी अरब की यह पाइपलाइन लगभग 1,200 किलोमीटर लंबी है। यह अरब प्रायद्वीप को पार करते हुए कच्चे तेल को लाल सागर के पास यानबू पोर्ट तक पहुंचाती है।

**दुनिया की 4 से 5 फीसदी तेल सप्लाई :** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने के बाद इस पाइपलाइन से करीब 40 से 50 लाख बैरल तेल रोजाना भेजा जा रहा था, जो दुनिया भर की कुल तेल सप्लाई का करीब 4 से 5 फीसदी हिस्सा है। यह रूट इसलिए भी जरूरी हो जता है क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जारी तनाव के कारण टैंकरों की आवाजाही लगभग ना के बराबर है। ऐसे में सऊदी अरब की यह पाइपलाइन एक अहम विकल्प बन



गई थी।

**यानबू में सिर्फ 5 से 7 दिन का स्टॉक :** पाइपलाइन बंद होने के बाद अब यानबू में रखे तेल के भंडार पर अतिरिक्त दबाव बन गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा स्टॉक के सहारे सऊदी अरब लगभग 5 से 7 दिन तक अपना निर्यात जारी रख सकता है। मिस्र के ऐन सुखना और सिदी केरीर बंदरगाहों पर मौजूद सऊदी अरब के अतिरिक्त भंडार से कुछ और समय तक मदद मिल सकती है, लेकिन यह स्थिति पाइपलाइन के लंबे समय तक बंद रहने की पूरी तरह भरपाई नहीं कर सकती। पाइपलाइन की मरम्मत में कितना समय लगेगा, इस पर अभी अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं। कुछ का कहना है कि इसमें कई सप्ताह लग सकते हैं, हालांकि यह संभावना भी जताई जा रही है कि सीमित मात्रा में पंपिंग अपेक्षाकृत जल्द दोबारा शुरू हो सकती है।

**सऊदी का तेल उत्पादन भी हुआ कम :** पाइपलाइन से जुड़ा यह संकट ऐसे वक्त में सामने आया है, जब सऊदी अरब पहले से ही अपने तेल उत्पादन में बड़ी कटौती कर चुका है। रॉयटर्स के अनुसार, अगस्त में देश का कच्चे तेल का उत्पादन लगभग 62 लाख बैरल प्रतिदिन रहा, जो फरवरी में दर्ज 1.09 करोड़ बैरल प्रतिदिन के स्तर से काफी कम है।उत्पादन में इस भारी गिरावट और निर्यात के वैकल्पिक मार्गों में आई रुकावट ने वैश्विक ऊर्जा बाजार की चिंताओं को और गहरा कर दिया है। इसके चलते ओपेक+ देशों की सप्लाई बढ़ाने की योजनाओं पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। रॉयटर्स के अनुसार, 14 सितंबर को ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर लगभग 107.81 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जबकि अमेरिकी ङ्घञ्जढ्ढ करीब 102.94 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड हो रहा था। अगर पाइपलाइन जल्द बहाल नहीं होती और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज तथा लाल सागर में भी तेल की सप्लाई बाधित रहती है।

# स्किन में निखार और कसाव लाता है विटामिन-सी



## आहार में इन चीजों को करें शामिल

विटामिन-सी त्वचा के लिए बहुत खास होता है। त्वचा की रंगत निखारने से लेकर दाग-धब्बों से छुटकारा दिलवाने और यहां तक कि चोट आदि के निशान को भी हल्का करने में यह काफी उपयोगी साबित होता है।




विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना इस विटामिन के फायदे हासिल करने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है। संतरा, किवी, टमाटर, हरा सेब, नीबू और केला आदि विटामिन-सी के अच्छे स्रोत हैं। इसके अलावा इस विटामिन को अपने ब्यूटी रूटीन में शामिल करने के लिए आप विटामिन-सी युक्त क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। एल-एस्कॉर्बिक एसिड के रूप में यह स्किन केयर प्रोडक्ट्स में पाया जाता है। इसके अलावा बाजार में विटामिन-सी वाला सीरम, पाउडर, लोशन, क्रीम और मास्क भी उपलब्ध है। विशेषज्ञ भी त्वचा से जुड़ी परेशानियों के निदान के लिए इसे इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। शुरुआत में हमेशा कम मात्रा में विटामिन-सी युक्त प्रोडक्ट्स का त्वचा पर इस्तेमाल करें, क्योंकि इस विटामिन को ग्रहण करने की त्वचा की क्षमता में धीरे-धीरे इजाफा होता है। विटामिन-सी का इस्तेमाल त्वचा पर सुबह या रात में करें। दोपहर में इसका इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि विटामिन-सी त्वचा को सूरज की किरणों के प्रति ज्यादा संवेदनशील बना देता है।

### कुछ सावधानी भी जरूरी

- इस विटामिन के इस्तेमाल के बाद कुछ लोगों की त्वचा पर दाने निकल आते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो त्वचा रोग विशेषज्ञ की सलाह लें।
- विटामिन-सी के इस्तेमाल से त्वचा थोड़ी संवेदनशील बन जाती है। बेहतर होगा कि आप पैच टेस्ट (त्वचा के थोड़े हिस्से में लगाकर देखने) लेने के बाद ही चेहरे पर इसका इस्तेमाल करें। अगर चेहरे पर जलन एवं खुजली हो या लाल धब्बे निकल आएं तो इस्तेमाल बंद कर दें ।
- क्रीम को ठंडी जगह में सूरज की रोशनी से दूर रखें।

### विटामिन सी के फायदे

- एक्ने (कील-मुहांसे) की समस्या से आप भी कभी-न-कभी जूझी होंगी। एक्ने तो देर-सवेर ठीक हो जाते हैं, पर चेहरे पर निशान छोड़ जाते हैं। विटामिन-सी त्वचा की नई कोशिकाओं की निर्माण प्रक्रिया को बढ़ावा देकर इन निशानों को हल्का करने में मदद करती है। विटामिन-सी मेलानिन की निर्माण प्रक्रिया को बाधित कर त्वचा के निशान जल्द ठीक करने में मददगार साबित होती है।
- पिग्मेंटेशन यानी झाइयां होने की ढेर सारी वजहें हैं। पर, विटामिन-सी लोशन का इनके ऊपर नियमित इस्तेमाल कर आप इन झाइयों से छुटकारा पा सकती हैं। विटामिन-सी भले ही झाइयों को पूरी तरह से खत्म न करे, पर यह उन्हें बहुत ही ज्यादा हल्का तो जरूर कर देगा।
- विटामिन-सी के नियमित उपयोग से त्वचा पर अनूठी चमक आती है। यह दाग-धब्बों को हटाकर और रंगत को निखारकर त्वचा को चमकदार बनाता है। विटामिन-सी में एंटीऑक्सिडेंट्स प्रचुर मात्रा में होता है। यह कॉलेजन का निर्माण बढ़ाकर त्वचा को लचीला बनाता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर झुर्रियां और बारीक रेखाएं भी कम दिखती हैं। विटामिन-सी सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलट किरणों से भी त्वचा की रक्षा करता है और सुरक्षा परत बनाता है।

# Workout का विकल्प नहीं हैं विटामिन सप्लीमेंट

थकान महसूस होने या कमजोरी लगने पर लोग अक्सर हेल्थ सप्लिमेंट्स ले लेते हैं। टीवी पर हेल्थ सप्लीमेंट्स के एड भरे पड़े हैं। मगर डॉक्टर अपना खानपान सुधारने या वर्कआउट करने की सलाह देते हैं। आपको लगता है कि जो विटामिन या मिनरल हम खा नहीं पाते हैं, उन्हें गोलियों के रूप में लेने में हर्ज ही क्या है और सबसे ज्यादा नुकसान करती है यह सोच कि फायदा नहीं करेगा तो कोई नुकसान भी नहीं होगा। हाल ही में हुए एक रिसर्च में आपकी इस परेशानी का हल निकालने की कोशिश की गई है।



डॉक्टर एरिन मिकोस ने बताया कि गोलियों के रूप में लिए जाने वाले ज्यादातर विटामिन न तो असमय मृत्यु के खतरों को कम करते हैं और न ही दिल की सेहत को बेहतर बनाते हैं। यह अध्ययन पिछले महीने में प्रकाशित किया गया था। यह अध्ययन दरअसल विटामिन, मिनरल और अन्य सप्लिमेंट्स का हमारे दिल की सेहत पर पड़ने वाले असर पर किया गया था।

शोधकर्ताओं का कहना है कि विटामिन सप्लीमेंट्स का दिल की सेहत या उम्र में इजाफा (lifespan) करने में कोई योगदान नहीं होता है। समझा जा रहा है कि इस शोध का अरबों डॉलर की सप्लीमेंट इंडस्ट्री पर व्यापक असर होगा। इस शोध पत्र में दिल की सेहत पर खानपान और सप्लिमेंट्स के प्रभाव का अध्ययन अलग-अलग रैंडम क्लीनिकल ट्रायल के जरिए किया गया। उनका कहना है कि इस रिसर्च के नतीजों से उस सोच पर मुहर लगी है, जिसके मुताबिक अच्छी डाइट का कोई विकल्प नहीं है। जब भी कोई अहम तत्व खाने के जरिए और सप्लिमेंट के रूप में लेने के बीच तुलना की गई है, तो खाने के जरिए लिए जाने वाले तत्वों ने हमेशा बाजी मारी है। लिंडर कहते हैं भोजन हमारे शरीर की विटामिन और मिनरल दोनों की जरूरतों को पूरा करते हैं, क्योंकि हमारी बॉडी उन्हें अवशेषित करने के लिए ही बनाई गई है।विशेषज्ञों का कहना है कि बिना स्पष्ट निर्देशों के लोग न सिर्फ अपने पैसे बरबाद करते हैं, बल्कि कई मामले ऐसे भी हुए हैं जब ये सप्लिमेंट्स सेहत पर भी भारी पड़े हैं। इस अध्ययन में यह तो कहा गया है कि ओमेगा 3 फैटी एसिड के सप्लिमेंट्स हार्ट अटैक रोकने में मदद करते हैं। दूसरी तरफ कैल्शियम और विटामिन डी साथ लेने से स्ट्रोक के बढ़ते खतरों के लिए सतर्क भी किया गया है। विशेषज्ञों का कहना कि दिल की सेहत दुरुस्त रखने के लिए ताजे फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाने चाहिए। इसके साथ ही स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए और रेगुलर एक्सरसाइज करना चाहिए।

## रेसिपी



### फिरनी

**सामग्री**

- दूध: 1 लीटर
- चावल: 100 ग्राम
- चीनी: 200 ग्राम
- इलायची पावडर: 2 चम्मच
- मलाई: 2 चम्मच
- मिक्स ड्राई फ्रूट: 1/2 कप
- थोड़ी सी केसर

**विधि**

चावल को धोकर 1 कप पानी में 30 मिनट के लिए भिगोकर रखें। फिर इसका पानी निथारें और चावल को दरदरा पीस लें। एक गहरा पैन लें, उसमें दूध उबालें। जब दूध उबलने लगे, तब उसमें चावल का पेस्ट और चीनी डालें। ऊपर से इलायची पाउडर डालें। इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। इसे बीच-बीच में चलाती रहें, जिससे यह आपस में चिपके नहीं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। केसर को 1 चम्मच दूध में घोल लें। केसर के घोल को फिरनी में डालें। इसे सूखे मेवों से गार्निश करें। अब आप फिरनी को फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें और सर्व करें।



### दम आलू

**सामग्री**

- आलू 4
- नमक: स्वाद के अनुसार
- घी या तेल
- बड़ा प्याज 1
- टमाटर का गूदा: 4 चम्मच
- गर्म पानी: 4 चम्मच

**विधि**

कश्मीरी दम आलू बनाने के लिए सबसे पहले आलुओं को छील लें, इसके बाद उसमें कांटे से छोटे-छोटे छेद कर दें। इसके बाद पानी में हल्का सा नमक डालकर इन्हें दो घंटे तक रख दें। दो घंटे बाद इन्हें निकालकर डीप फ्राई कर लें। इसके बाद दूसरे पैन में घी गर्म करें उसमें प्याज और सभी मसाले लौंग, तेजपत्ता, काली मिर्च के दाने, हरी इलाइची, भूरी इलाइची, टुकड़ा दालचीनी की लकड़ी अच्छी तरह भूनें। इसके बाद थोड़ा बड़ा कटा हुआ प्याज लहसुन की कलियां, चम्मच अदरक, काली मिर्च के दाने,1 चम्मच खसखस, 1चम्मच धनिया बीज, जीरा, सूखी लाल मिर्च, हल्दी पाउडर, एक चुटकी जायफल का मिक्सर बनाकर अच्छे से मसाले में मिलाकर भून लें। अब इसमें बारीक कटे हुए टमाटर, दही और नमक को अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इसमें फ्राई आलू मिलाकर अच्छे से पकने दें। गर्म मसाला और बारीक धनिया डालकर परोसें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

## काकुरो पहेली - 1840



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**

| 11 / 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 4 | | | | |

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 1839 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दारोगा (रमेश से)- जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से)- अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

□ □ □

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.

□ □ □

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

□ □ □

राम (मोहन से)- क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से)- तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 1840



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 1839

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म्मी | द | | छ | लि | या | | मे | ला |
| त्स | | डॉ | न | | बा | ग़ | द | री | |
| व | च | न | | वा | स | ना | | जं | ग |
| | र | | सौ | दा | | | आ | ग | |
| आ | स | ग | | | पा | की | जा | | ग |
| ग | | जा | नू | | ल | | द | ग | र |
| ध | र्मा | | त | र | की | ब | | | म |
| ना | | जी | न | त | | ना | च | | म |
| | | ने | | न | ज | र | | प्या | सा |
| खा | न | दो | स्त | | | स | नी | | ला |

## सूडोकु -1840

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1839 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 1840



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली - 1839 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झो | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## पूर्वोत्तर में भारतीय रेल का भूटान, नेपाल और बांग्लादेश से होगा सीधा संपर्क, सुरक्षा को लेकर एआई की उपयोग

एजेंसी

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर राज्यों में रेलवे तेजी से विकास कर रहा है। रेलवे लाइनें बिछाई जा रही हैं। नए स्टेशन बनाए जा रहे हैं। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से एआई का इस्तमाल भी शुरू किया जा रहा है। भारत की सीमा से जुड़े राष्ट्रों भूटान, नेपाल और बांग्लादेश में भी भारतीय रेल की पहुंच स्थापित हो रही है। पूर्वोत्तर रीजन में भारतीय रेल 70 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को मूर्त रूप देने में जुटा है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश के पत्रकारों का एक दल रविवार से पूर्वोत्तर भ्रमण पर है। सोमवार को पत्रकारों के इस दल ने मालीगांव स्थितभारतीय रेलवे के अंतर्गत पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) हेड क्वार्टर का भ्रमण किया। पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले 12 वर्षों में रेलवे के बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में विद्युतीकरण शून्य था, लेकिन अब यह शत-प्रतिशत पूरा होने के करीब है। रेलवे ने 2029 तक पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियों को मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ने और पड़ोसी देशों के साथ रेल संपर्क (कनेक्टिविटी) को मजबूत करने का बड़ा लक्ष्य रखा है।

## युवाओं को नशे से बचाने के लिए योगी सरकार का सख्त संदेश-'वीडियो सामने आते ही एक्शन'

**लखनऊ।** युवाओं और नाबालिगों को नशे की चपेट में आने से बचाने के लिए योगी सरकार लगातार सख्त कदम उठा रही है। सरकार की नीति केवल अवैध और जहरीली शराब पर अंकुश लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि कम उम्र के बच्चों तक शराब की पहुंच रोकने पर भी विशेष जोर है। लखनऊ में नाबालिग को शराब बेचने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही आबकारी विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर यह संदेश साफ कर दिया कि नियमों से खिलवाड़ किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगा। सोशल मीडिया एक्स और अन्य प्लेटफॉर्म पर वीडियो प्रसारित होने के बाद सरकार ने इस मामले का संज्ञान लिया और संबंधित के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी, लखनऊ ने 11 सितंबर को वीडियो की जांच कराई। जांच में वीडियो विकासनगर थाना क्षेत्र के शुभौली स्थित एक कम्पोजिट दुकान के सेल्समैन की एक व्यक्ति से कहासुनी का पाया गया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गोवंश संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण के साथ ही उनके बेहतर पालन-पोषण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीएम सहभागिता योजना के माध्यम से निराश्रित गोवंश को इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों को सुपुर्द कर उनका संरक्षण और देखभाल सुनिश्चित किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव श्री मुकेश मेश्राम ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 93,287 लाभार्थियों को 1,67,658 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश को सुरक्षित एवं बेहतर आश्रय उपलब्ध हुआ है। साथ ही ग्रामीण परिवारों को गोवंश के पालन-पोषण से जोड़कर उनकी आजीविका को मजबूत करने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर निराश्रित गोवंश की समस्या को कम करने के साथ-साथ गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को जनसहभागिता से प्रभावी बनाया जा रहा है। सीएम सहभागिता योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के तहत लाभार्थियों द्वारा सुपुर्द किए गए गोवंश की देखभाल, चारा-पानी एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली जाती है।

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने देखा सिरपुर की प्राचीन विरासत का वैभव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने जापान के मत्सुयामा स्थित एहिमे यूनिवर्सिटी के 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के लिए विशेष हेरिटेज टूर आयोजित किया। एनआईटी रायपुर द्वारा 12 से 14 सितंबर 2026 तक आयोजित अकादमिक एवं शोध सहयोग कार्यक्रम के तहत भारत आए जापानी दल ने 14 सितंबर को प्राचीन ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल ने सिरपुर में बौद्ध, हिंदू और जैन संस्कृति के अद्भुत समन्वय तथा प्राचीन स्थापत्य कला को करीब से जाना। स्थानीय विशेषज्ञ गाइड के माध्यम से दल को सिरपुर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, पुरातात्विक महत्व और धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी गई।

**● आईसीडब्ल्यूए की सिल्वर जुबली पर जयशंकर बोले-**

# भारत अब वैश्विक चुनौतियों पर आत्मविश्वास से रख रहा विचार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित विवेक ऑडिटोरियम में मंगलवार को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के तौर पर 'इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स' की सिल्वर जुबली (25वीं वर्षगांठ) का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री मौजूद रहे। इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स की सिल्वर जुबली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि आज यहां उपस्थित होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है क्योंकि हम इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) को राष्ट्रीय



महत्व की संस्था का दर्जा मिलने के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस दौरान जयशंकर ने आईसीडब्ल्यूए के अध्यक्ष के रूप में समारोह में उपस्थित होने के लिए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि 1943 में अपनी स्थापना के बाद से आईसीडब्ल्यूए अंतरराष्ट्रीय मामलों के अध्ययन और उनके प्रचार-प्रसार के लिए लगातार काम करता रहा है। वर्ष 2001 में संसद ने इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था का दर्जा दिया, जो दुनिया से जुड़े मुद्दों पर भारत की बौद्धिक भागीदारी में इसके विशेष योगदान की पहचान थी। उन्होंने कहा कि अब 25 साल बाद, यह वर्षगांठ सिर्फ उसकी यात्रा को याद करने का मौका नहीं है, बल्कि यह सोचने का भी अवसर है कि आने वाले वर्षों में आईसीडब्ल्यूए की क्या भूमिका हो सकती है। यह सवाल आज इसलिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि भारत बदल चुका है और दुनिया भी पहले जैसी नहीं रही। उन्होंने कहा कि आज भारत पहले की तुलना में दुनिया के कहीं अधिक देशों और क्षेत्रों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। हमारे राष्ट्रीय हित अब पहले से ज्यादा वैश्विक हो गए हैं। हमारी जिम्मेदारियां बढ़ी हैं और दुनिया की भारत से अपेक्षाएं भी उसी अनुपात में बढ़ी हैं। भारत अब वैश्विक चुनौतियों पर अपने विचार पहले की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने रख रहा है, खासकर उन मुद्दों पर जो पूरी मानवता को प्रभावित करते हैं। जैसे-जैसे दुनिया में भारत की भूमिका बढ़ रही है, वैसे-वैसे अंतरराष्ट्रीय मामलों को लेकर हमारी बौद्धिक समझ और भागीदारी को भी उसी गति से आगे बढ़ना होगा। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर जो पारंपरिक सोच और चर्चा लंबे समय से चलती रही है, वह काफी हद तक दूसरे देशों के अनुभवों और वहां विकसित हुए विचारों पर आधारित रही है।

## जैसलमेर के पोकरण में वायु सेना के ड्रोनथॉन-2026 का आगाज

**जैसलमेर।** भारतीय वायु सेना ने सोमवार को जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में ड्रोनथॉन-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित सहित रक्षा मंत्रालय, रक्षा मुख्यालय, भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।14 से 16 सितंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय ड्रोनथॉन में देश के मानवरहित प्रणाली क्षेत्र की 20 से अधिक प्रमुख रक्षा कंपनियां, स्टार्टअप, लघु एवं मध्यम उद्यम, घरेलू आपूर्तिकर्ता और नवप्रवर्तक हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य वास्तविक परिचालन परिस्थितियों में मानवरहित प्रणालियों की क्षमताओं और उनकी विश्वसनीयता का आकलन करना तथा उद्योग के साथ सीधे जुड़ाव को बढ़ावा देना है।

# अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर 'भारतीय युवा संसद' का 31 वाँ अधिवेशन आयोजित

**'लोकतंत्र संवाद से सम्पन्न होता है'**

एजेंसी

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सबके लिए न्याय, शांति, विकास और मानवाधिकारों के प्रति समर्पित होकर कार्य करना ही लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार है। लोकतंत्र का अर्थ ही है, विकास में सभी नागरिकों की समान भागीदारी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र संवाद से सम्पन्न होता है। संवाद से सुसंवाद और सुसंवाद से मैत्री के रास्ते निकलते हैं। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे युवा राष्ट्र बताते हुए कहा कि युवा ही भारत की शान है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में युवाओं को सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बागडे मंगलवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित 'भारतीय युवा संसद' कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करना है तो हमें न्याय नीति से चलना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अच्छी बातों को आत्मसात करें, यही जीवन भर काम आएगी। अच्छी बातों को ग्रहण करने से विवेक जागृत होता है। विवेक से ही समाज में प्रतिष्ठा बनती है। राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों ने 1921 में दिल्ली में 80 लाख व्यय कर हमारे पुराने संसद भवन का निर्माण प्रारंभ किया और छह साल में इसे पूरा किया। इससे पहले अंग्रेज राइटर हाउस, कलकत्ता से सारे आदेश निकलते थे। यह निर्माण सौ साल को ध्यान में रखते हुए किया गया। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुनियोजित रूप में विचार कर देश के लिए नए संसद भवन का निर्माण करवाया। संसद केवल निर्मित भवन नहीं लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। संविधान वहां का देवता है। यह भावना जिसके मन में रहेगी वह कभी संसद में असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं करेगा। उन्होंने युवाओं को संसदीय लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य करने पर जोर दिया। बागडे ने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास अर्जित करना जरूरी है। विश्वास के साथ लोकतंत्र में समझदारी होना जरूरी है। समझदारी ही सबसे बड़ा सद्गुण है। उन्होंने युवाओं को इन सबको आत्मसात करने का आह्वान किया। इससे पहले गुजरात सरकार में राज्य मंत्री रिवाबा जाडेजा ने लोकतंत्र में साझा समझ विकसित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश को युवा धन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी से देश तेजी से आगे बढ़ेगा।

# 'अयोध्या में इंटरनेशनल राम कथा म्यूजियम का काम तेज'

**● 20 गैलरियों के लिए टेंडर 10 अक्टूबर से : नृपेंद्र मिश्रा**

एजेंसी

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर होनी वाली बैठक और अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय, नए सीईओ जीतेंद्र मिश्रा के बारे में मीडिया से बात की। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि आज म्यूजियम पर भी चर्चा होगी। म्यूजियम का सबसे बड़ा काम अब शुरू होने वाला है। हर गैलरी के लिए 10 अक्टूबर से टेंडर जारी किए जाएंगे। कुल 20 गैलरी हैं, गैलरी 1, गैलरी 2, वगैरह। हर गैलरी की थीम तय हो चुकी है और कहानी (स्टोरीलाइन) भी फाइनल हो गई है। उन्होंने कहा कि हमारे डायरेक्टर संजीव कुमार सिंह ने पूरी कहानी तैयार करने में बहुत मेहनत की है। इसके आधार पर अब



इमर्सिव टेक्नोलॉजी, 3डी टेक्नोलॉजी और दूसरी तकनीकों का इस्तेमाल करके वीडियो बनाए जाएंगे। टेक्नोलॉजी के लिए टेंडर, जिसमें ज़रूरी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर शामिल हैं, 10 अक्टूबर तक जारी होने की उम्मीद है। टेंडर अक्टूबर के आखिर तक फाइनल होने की संभावना है, जिसके बाद गैलरी को पूरा करने में लगभग छह महीने लगेंगे। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में विकास तो जरूर होगा। राज्य सरकार विकास का काम कर रही है और दूसरी एजेंसियां ??भी इसमें योगदान दे रही हैं। जहां तक मंदिर परिसर की बात है, तो ट्रस्ट अब तय करेगा कि किस तरह का निर्माण किया जाना है। हालांकि, मेरा मानना है कि ये फैसले पूरी तरह से भक्तों की ज़रूरतों और सुविधा पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि अब हमारा मुख्य ध्यान इंटरनेशनल राम कथा म्यूजियम पर है। मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। मंदिर परिसर के अंदर और बाहर एक ऑडिटोरियम है, जिसका निर्माण अभी चल रहा है। इसके निर्माण में लगभग तीन से चार महीने की देरी हुई है।

# हिमाचल कांग्रेस के मीडिया विभाग में बड़ा फेरबदल

## 65 पदों पर नियुक्तियां; 5 सीनियर प्रवक्ता और 18 प्रवक्ता बनाए

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने मीडिया विभाग का पुनर्गठन करते हुए कुल 65 नई नियुक्तियां की हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने सोमवार देर शाम नई टीम की सूची जारी की। नई व्यवस्था के तहत 5 स्टेट सीनियर प्रवक्ता, 18 स्टेट प्रवक्ता के अलावा पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर, मीडिया पैनलिस्ट और रिसर्च कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। स्टेट सीनियर प्रवक्ताओं की सूची में विधायक भवानी पठानिया, विधायक केवल पठानिया, विधायक चंदर शेखर, विधायक अनुराधा राणा और विधायक विवेक शर्मा को शामिल किया गया है। वहीं, विधायक अनुराधा राणा को स्टेट सीनियर प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

**18 नेताओं को स्टेट प्रवक्ता की जिम्मेदारी**

कांग्रेस ने स्टेट प्रवक्ता के पद पर प्रदीप वर्मा, पुनीत माली, मुकेश शर्मा, संजीव गुलेरिया, रुपिंदर ठाकुर, संजीव सैनी, विकास कपूर, सुनील कुमार बरसैन, संजीव गांधी, अक्षय सिंह दढ़वाल, योगेश शर्मा, किरण गुलेरिया, पूजा कुमार सांडी, उषा तोमर, सुरेंद्र काकू, अनुज धीमान, प्यारे लाल और धीरेंद्र चौहान को नियुक्त किया है।

**पब्लिसिटी टीम में 9 नियुक्तियां**

स्टेट पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर पुष्पा कटोच, दिनेश आर्य, गगन रुक्टा, शशि कांत, विवेक सैनी, सतेंद्र पाल नेहरू, जितेंद्र सिंह राणा, अर्पित सिंह राठौर और आशुतोष चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्टेट मीडिया पैनलिस्ट के रूप में विवेक कटोच, नवनीत सूद, भूषण रोहता, इंजीनियर शगुन दत, उषा राठौर, विनय मेहता, संजीता चौहान, यासीन बट्ट, आरपी सिंह, शिवानी चौहान और बिंदी कल्याण को शामिल किया गया है।

**रिसर्च टीम को भी किया गया मजबूत**

कांग्रेस ने रिसर्च विंग में भी नई नियुक्तियां की हैं। स्टेट रिसर्च कोऑर्डिनेटर के तौर पर शैजा कटोच, वैशाली, अभिषेक नेगी, तिलक राज, अमनदीप गौतम, रोहित भोटा, डॉ. राजीव शर्मा, हरि दत्त शर्मा, विकास सिंह ठाकुर, डॉ. रोहित कुमार और साहिल शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा गौरव शर्मा का नाम भी स्टेट मीडिया विभाग से जुड़ी नियुक्तियों में शामिल है। नई मीडिया टीम का मुख्य फोकस कांग्रेस की नीतियों और प्रदेश सरकार के कामकाज को जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के साथ-साथ विपक्ष की ओर से लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देना होगा।

## किशाऊ डैम : केंद्र ने मानी हिमाचल की मांग, छह राज्यों के बीच होगा ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** करीब छह दशक से लंबित किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना को मंगलवार को बड़ी गति मिलने जा रही है। नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में परियोजना को लेकर छह राज्यों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे, जबकि राजस्थान और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी इस समझौते के प्रमुख हिस्सेदार हैं। कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी शिमला से दिल्ली रवाना हो चुके हैं और व्यक्तिगत रूप से इस समझौते में शामिल होंगे। हिमाचल सरकार के लिए इस समझौता ज्ञापन को महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार ने राज्य की प्रमुख मांग स्वीकार करते हुए परियोजना के जल घटक की लागत का 90 फीसदी हिस्सा वहन करने पर सहमति जताई है। इससे हिमाचल पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा। किशाऊ परियोजना टौंस नदी पर प्रस्तावित है। परियोजना से करीब 660 मेगावाट बिजली उत्पादन के साथ सिंचाई और पेयजल आपूर्ति की सुविधा विकसित की जानी है।

# प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और रक्षा मंत्री ने 'राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस' की दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने मंगलवार को भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हें नमन किया और देशवासियों को उनकी स्मृति में मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि, जिनकी इंजीनियरिंग की प्रतिभा और राष्ट्र-निर्माण की सोच आज भी प्रेरित करती है। आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले और देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित महान इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! उनकी स्मृति में मनाए जाने वाले 'इंजीनियर्स डे' (अभियंता दिवस) के अवसर पर राष्ट्र-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी इंजीनियरों को




हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं। ये वो लोग हैं जो बेहतर कल के लिए निर्माण करते हैं, जो चीज़ें बनाते हैं और समाधान देते हैं। ओम बिरला ने कहा कि डॉ. विश्वेश्वरैया ने अपनी असाधारण तकनीकी कुशलता, अनुशासन और दूरदर्शिता के माध्यम से भारत के जल संसाधनों, सिंचाई और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि ज्ञान, नवाचार और कर्तव्य-निष्ठा को राष्ट्रहित से जोड़ा जाए, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। आज का दिन देश के उन लाखों इंजीनियरों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो अपनी प्रतिभा और नवाचार के माध्यम से भारत के विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। आज, जब भारत मजबूत बुनियादी ढांचे, आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्रगति, आत्मनिर्भरता और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है, तो हमारे इंजीनियरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के इंजीनियरों की काबिलियत और लगन भारत की तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ा रही है, बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है और एक 'विकसित भारत' का निर्माण कर रही है एम. विश्वेश्वरैया का जीवन उत्कृष्टता, अनुशासन, इनोवेशन और जन-सेवा का एक बेहतरीन उदाहरण है। भारत के राष्ट्र-निर्माण के सफ़र में उनके असाधारण योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एम. विश्वेश्वरैया की अद्भुत दूरदर्शिता, अनुशासन और इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उनका जीवन याद दिलाता है कि इंजीनियरिंग का मतलब सिर्फ़ ढाँचे बनाना नहीं बल्कि एक मजबूत, लचीला और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण करना है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया और 'राष्ट्रीय अभियंता दिवस' पर देश की प्रगति के लिए प्रयासरत सभी इंजीनियरों को हार्दिक बधाई दी।

# राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ का निधन

## उदयपुर और पूरे मेवाड़ क्षेत्र में शोक की लहर

एजेंसी

**उदयपुर।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार की सदस्य राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ के निधन के बाद राजस्थान के उदयपुर और पूरे मेवाड़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार देर रात लंबी बीमारी के बाद 83 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु पर उदयपुर, मेवाड़ और मारवाड़ में शोक की लहर दौड़ गई है। भारत और विदेश के प्रशंसक, सामाजिक संगठन और राजनीतिक नेता उनके जीवन और विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। अपनी गर्मजोशी, गरिमा और जन कल्याण के प्रति समर्पण के लिए याद की जाने वाली राजमाता विजयराज कुमारी ने शिक्षा और सामाजिक सेवा, विशेष रूप से उदयपुर में, महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से एक ऐसे व्यक्तित्व का युग समाप्त हो गया जो शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान से घनिष्ठ रूप से जुड़ा रहा। राजमाता विजयराज कुमारी भारत के सबसे प्रतिष्ठित राजपरिवारों में से एक थीं। उनका



जन्म गुजरात के कच्छ के पूर्व राजपरिवार में हुआ था और वे कच्छ के महाराव फतेह सिंह की छोटी पुत्री और कच्छ के महाराव की पोती थीं। विवाह के बाद, वे मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार की सदस्य बनीं और स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ की पत्नी बनीं। वे डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की माता भी थीं, जो एक प्रख्यात समाजसेवी और शिक्षाविद हैं और मेवाड़ परिवार की वर्तमान पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

राजमाता विजयराज कुमारी ने अपने पूरे जीवन में पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ मेवाड़ की परंपराओं और लोक सेवा के चिरस्थायी मूल्यों को संरक्षित करने की गहरी प्रतिबद्धता को बखूबी निभाया। उनके स्नेहपूर्ण स्वभाव और दृढ़ जिम्मेदारी की भावना ने उन्हें शाही परिवार के भीतर और उदयपुर के लोगों के बीच सम्मान दिलाया। शिक्षा राजमाता विजयराज कुमारी के सार्वजनिक जीवन का एक अभिन्न अंग थी। उन्होंने ऊटी के प्रतिष्ठित कॉन्वेंट स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की, जिसने उन्हें आधुनिक दृष्टिकोण प्रदान किया और साथ ही उन्हें मजबूत मूल्यों से भी परिचित कराया। उदयपुर में बसने के बाद, उन्होंने शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों का समर्थन करने में गहरी रुचि ली। महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल (एमएमपीएस) के साथ उनका जुड़ाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो गया। 1980 के दशक के दौरान, उन्होंने संस्था के विकास और परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और इसे एक आधुनिक, अनुशासित और गुणवत्ता-केंद्रित शैक्षिक मॉडल की ओर निर्देशित करने में मदद की। संस्था में उनके योगदान का अमिट प्रभाव रहा, जिसके परिणामस्वरूप कई पीढ़ियों के छात्र उच्च शिक्षा और पेशेवर करियर की ओर अग्रसर हुए। जो लोग उन्हें करीब से जानते थे, उनके लिए राजमाता विजयराज कुमारी के लिए, शिक्षा केवल एक संस्था निर्माण प्रक्रिया नहीं थी।

# गणेश चतुर्थी पर खूनी विवाद, चेन्नई में युवक की मौत और डिंडीगुल में किसान की हत्या

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। चेन्नई के रामपुरम स्थित वेंकटेश्वरा नगर में गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हुई झड़प में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, डिंडीगुल जिले में गणेश प्रतिमा स्थापित करने को लेकर हुए विवाद के बाद एक किसान की हत्या कर दी गई। चेन्नई के रामापुरम स्थित वेंकटेश्वरा नगर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बीते सोमवार को गणेश प्रतिमा का जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान जुलूस को पूरे इलाके में ले जाने की मांग को लेकर दो पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों समूहों के बीच मारपीट हो गई। झड़प के दौरान श्रीनिवासन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान 15 सितंबर को उनकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव और शोक का माहौल है। रामापुरम पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आनंद नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। इसके अलावा, झड़प में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए भी जांच की जा रही है। इसी बीच डिंडीगुल जिले के कुजिलियमपाराई तालुक के रामगिरी के पास बोम्मनायक्कनपट्टी में भी गणेश चतुर्थी के दौरान विवाद के बाद एक किसान की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 47 वर्षीय बोम्मन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि 13 सितंबर को पैतृक गांव में गणेश प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बोम्मन का गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस उन्हें कुजिलियमपाराई थाने ले गई, जहां बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया। बातचीत समाप्त होने के बाद बोम्मन करवाड़ु नायक्कनूर स्थित अपनी तीसरी पत्नी के घर के लिए रवाना हुए, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे। बाद में पुलिस और उनके परिजनों को सूचना मिली कि मुष्टकिनत्तुपट्टी इलाके में बोम्मन मृत अवस्था में पड़े हैं और उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर खून के घाव हैं।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बोम्मन की हत्या किन परिस्थितियों में हुई और इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भर: पीएचएफ



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) के प्रमुख मोहिउद्दीन अहमद वानी ने कहा है कि अगले महीने होने वाली हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। मेन्स एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में होनी है। इसमें भारत, चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया के साथ ही पाकिस्तान को भी हिस्सा लेना है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में ओमान या बांग्लादेश को मौका दिया जा सकता है। दोनों टीमों को फिलहाल रिजर्व टीम के रूप में रखा गया है। पाकिस्तान के दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र 'डॉन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वानी ने कहा, 'पाकिस्तान टीम का दौरा सरकारी मंजूरी पर निर्भर करेगा। सरकार हमसे जो भी करने को कहेगी, हम वही करेंगे।'

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान अगले महीने टूर्नामेंट के लिए भारत आएगा। मल्टी-नेशनल टूर्नामेंट में कोई दिक्कत नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो सकती।

उन्होंने केंद्र सरकार की नीति का जिक्र करते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान मल्टीनेशनल इवेंट्स में हिस्सा ले सकते हैं।

# ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना मेरे लिए बड़ा पल, जिंदगी में इतना बड़ा स्टेडियम कभी नहीं देखा था: टिलेमैन्स



**नई दिल्ली ।** मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के नए मिडफील्डर यूरी टिलेमैन्स का कहना है कि ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना फुटबॉल के सबसे खास अनुभवों में से एक है। उन्होंने याद किया कि जब वह एस्टन विला के लिए खेलते थे और पहली बार विरोधी खिलाड़ी के रूप में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में उतरे थे, तो वहां का माहौल देखकर काफी प्रभावित हुए थे। जुलाई में, मिडफील्डर ने जून 2031 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। पिछले सीजन में उन्होंने एस्टन विला के लिए सात असिस्ट किए और अपने क्लब को यूईएफए यूरोपा लीग जीतने में मदद की, जिसमें उन्होंने एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ फाइनल में पहला गोल किया। उन्होंने जियोहॉटस्टार को बताया, 'मैनचेस्टर यूनाइटेड एक बहुत बड़ा क्लब है। ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार विरोधी टीम के तौर पर खेलना मेरे लिए एक बड़ा पल था। मैंने अपनी जिंदगी में इतना बड़ा स्टेडियम कभी नहीं देखा था। माहौल, भीड़, इसके बारे में सब कुछ कमाल का था। यह ऐसी जगह है जहां हर फुटबॉलर खेलने का सपना देखता है।'

बेल्जियम के स्टार मिडफील्डर यूरी टिलेमैन्स अब मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी के रूप में ओल्ड ट्रैफर्ड के माहौल का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। यूनाइटेड 2026-27 प्रीमियर लीग सीजन में मिश्रित शुरुआत के बाद लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। टीम ने लीग के अपने पहले चार मैचों में चार अंक जुटाए हैं। यूनाइटेड को हल सिटी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, इसके बाद टीम ने इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। वहीं, एवर्टन के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि मैनचेस्टर डर्बी में उसे मैनचेस्टर सिटी से 0-1 की हार मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व बार्सिलोना स्टार फिलिप कूटिन्हो दिसंबर तक सैंटोस एफसी से जुड़े



**सैंटोस ।** ब्राजीलियाई क्लब सैंटोस एफसी ने लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व प्लेमेकर फिलिप कूटिन्हो को 'फ्री ट्रांसफर' पर साइन किया है। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। 34 वर्षीय खिलाड़ी का यह कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक के लिए है। सैंटोस ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'अपनी बेहतरीन तकनीकी गुणवत्ता और दृष्टिकोण के साथ-साथ यूरोप और ब्राजीलियाई राष्ट्रीय टीम के साथ शानदार करियर वाला यह मिडफील्डर 2026 के अंत तक के कॉन्ट्रैक्ट के साथ टीम में शामिल हो रहे हैं।' फरवरी में मानसिक थकान का हवाला देते हुए 'वास्को दा गामा' से अलग होने के बाद कूटिन्हो किसी क्लब के साथ नहीं थे। कूटिन्हो के मुताबिक, उन्हें क्लब में लाने में उनके पुराने दोस्त नेमार ने अहम भूमिका निभाई है। दोनों ब्राजील के लिए यूथ और सीनियर दोनों स्तरों पर एक साथ खेल चुके हैं, जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2018 भी शामिल है।

### भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, सरकार ने टास्क फोर्स का किया गठन



**नई दिल्ली ।** भारत में फॉर्मूला वन और मोटर स्पोर्ट्स को फिर से जीवित करने और उसके विकास के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य भारत में मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का व्यापक मूल्यांकन करना है। साथ ही, टैक्स से जुड़े मुद्दों सहित उन सभी चुनौतियों की समीक्षा करना है, जो भारत में मोटर स्पोर्ट्स के रिवाइवल और विकास को प्रभावित कर रही हैं। टास्क फोर्स के लिए काम के दायरे यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस भी तय किए गए हैं। पहला, भारत में मोटरस्पोर्ट्स के सतत विकास के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों की पहचान करना और एक समग्र और समन्वित रोडमैप तैयार करना है। दूसरा, भारत के मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का विस्तृत मूल्यांकन करना और मोटरस्पोर्ट इवेंट्स के रिवाइवल और विकास से जुड़ी चुनौतियों की समीक्षा करना, जिसमें टैक्सेशन भी शामिल है।

### यूईएफए ने 2028 और 2029 चैंपियंस लीग फाइनल के वेन्यू किए तय

#### म्यूनिख और कैंप नोउ को मिली मेजबानी

**न्योन ।** यूईएफए ने 2028 और 2029 चैंपियंस लीग फाइनल के आयोजन स्थलों की पुष्टि कर दी है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना और बार्सिलोना का कैंप नोउ प्रतिष्ठित यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी करेंगे। 2028 का खिताबी मैच म्यूनिख फुटबॉल एरिना में खेला जाएगा, जबकि 2029 संस्करण बार्सिलोना के कैंप नोउ में होगा। म्यूनिख के स्टेडियम को प्रमुख चैंपियंस लीग आयोजनों की मेजबानी करने का काफी अनुभव है। इसने साल 2012 में और फिर 2025 में फाइनल का आयोजन किया, जबकि 2028 संस्करण इस आयोजन स्थल को यूरोप के शीर्ष क्लबों का स्वागत करने का एक और मौका देगा। बार्सिलोना के लिए 2029 का फाइनल चैंपियंस लीग के प्रतिष्ठित मुकाबले की कैंप नोउ में तीन दशक बाद वापसी का प्रतीक होगा।

### संजू-अभिषेक के बीच 88 रन की तूफानी साझेदारी

# जीता भारत

## सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त



**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी20 मैच 7 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाना है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी अफगान टीम ने खराब शुरुआत के बावजूद 8 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इस टीम को 1.3 ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) के रूप में शुरुआती झटका लगा। उस समय तक खाता भी नहीं खुला था। इसके बाद कप्तान इब्राहिम जादरान ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन जुटाकर अफगानिस्तान को संभालने की कोशिश की, लेकिन जादरान (37) के आउट होने के बाद टीम लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि 100 के स्कोर तक 6 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए।

यहां से मोहम्मद नबी (20) और राशिद खान (28) की अनुभवी जोड़ी ने मोर्चा संभाला। इन बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 28 गेंदों में 48 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

भारत के लिए नितीश रेड्डी ने 3 विकेट हासिल किए, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट निकाले। इनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट हाथ लगा।

इसके जवाब में, टीम इंडिया ने 14.5 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 38 गेंदों में 88 रन की साझेदारी की।

अभिषेक 19 गेंदों में 4 छक्कों और 2 चौकों के साथ 39 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद संजू ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 4 गेंदों में 11 रन की साझेदारी की।

भारत को 99 के स्कोर पर संजू सैमसन के रूप में दूसरा झटका लगा, जो 22 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 7 चौके शामिल रहे।

यहां से ईशान ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 24 रन जुटाए। अय्यर 11 गेंदों में इतने ही रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद ईशान ने तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 25 गेंदों में 40 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।



### दूसरा टी20

# कैटी मैक का तूफान

## भारतीय टीम को 30 रन से मात देकर ऑस्ट्रेलिया-ए की सीरीज में अजेय बढ़त



**न्यू चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए के खिलाफ मंगलवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए अनाधिकारिक टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को 30 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया-ए ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट से अपने नाम किया था। अब अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को खेला जाएगा। मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। कैटी मैक और रेचल ट्रेनामन की जोड़ी ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहले विकेट के लिए 9 ओवरों में 75 रन की साझेदारी हुई।

रेचल 25 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद कैटी ने चार्ली नॉट के साथ दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। चार्ली 20 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 26 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अनिका लीरॉयड ने कैटी के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन जुटाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।



कैटी 60 गेंदों में 83 रन बनाकर नाबाद रहीं। उनकी इस पारी में 11 चौके शामिल रहे, जबकि अनिका ने 16 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की तरफ से दोनों विकेट निकी प्रसाद के हाथ लगे।

इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। टीम को 9 के स्कोर पर दिनेश वृंदा (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा, जिसके बाद शिप्रा गिरी ने सुजाता के साथ दूसरे विकेट के लिए 16 रन की साझेदारी की, लेकिन 29 के स्कोर तक सुजाता (8) के साथ शिप्रा (13) भी पवेलिन लौट गईं।

भारतीय टीम में विकेटों का पतझड़ लग गया था। आलम ये रहा कि 54 रन तक 5 विकेट गिर गए थे। इसके बाद निकी प्रसाद ने मिन्नु मणि (16) के साथ छठे विकेट के लिए 53 रन और तनुजा कंवर (16) के साथ सातवें विकेट के लिए 35 रन जोड़े, लेकिन ये साझेदारियां जीत के लिए नाकाफी थीं। निकी 31 गेंदों में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 54 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# एशियन गेम्स 2026 में इन 5 खेलों में भारत जीत सकता है सर्वाधिक पदक

## एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा उम्मीदें

**नई दिल्ली ।** एशियन गेम्स 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में भारत के 503 खिलाड़ी मेडल के लिए जोर लगाते हुए नजर आएंगे। भारत इस बार कुल 35 खेलों में हिस्सा लेने वाला है। हालांकि, कुछ खेल ऐसे हैं, जिनमें देश को मेडल जीतने की पूरी संभावना है। आइए ऐसे ही पांच खेलों के बारे में आपको बताते हैं।




एथलेटिक्स: एशियन गेम्स के इतिहास में भारत ने सबसे ज्यादा मेडल एथलेटिक्स में हासिल किए हैं। इस खेल में भारत ने एशियन गेम्स के 19 संस्करण में अब तक कुल 85 गोल्ड, 102 सिल्वर और 96 ब्रॉन्ज समेत कुल 283 मेडल जीते हैं। नीरज चोपड़ा की गैरमौजूदगी के बावजूद, इस खेल में भारत को मुरली श्रीशंकर, गुलवीर सिंह, अविनाश साबले, तजिंदरपाल सिंह, पारुल चौधरी, राजेश रमेश और रोहित यादव से मेडल की उम्मीद होगी। निशानेबाजी: एथलेटिक्स के बाद एशियन गेम्स के इतिहास में भारत को सबसे ज्यादा कामयाबी इसी खेल में मिली है। भारतीय खिलाड़ी हर बार की तरह इस बार भी निशानेबाजी में देश को ज्यादा से ज्यादा मेडल दिलाने का प्रयास करेंगे। निशानेबाजी में भारत ने अब तक कुल 80 मेडल जीते हैं, जिसमें 16 गोल्ड, 30 सिल्वर और 34 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पिछले एशियन गेम्स में निशानेबाजी में भारत ने कुल 22 मेडल जीते थे। इस खेल में मनु भाकर को भारत की सबसे बड़ी उम्मीद माना जा रहा था।

### पहला वनडे

## रेनेशॉ का शतक, एलिस का पंजा, ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया

**हरारे ।** ऑस्ट्रेलिया ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मंगलवार को खेले गए पहले वनडे मैच में जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सीरीज के शेष मुकाबले 18 और 20 सितंबर को खेले जाने हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर



294 रन बनाए। इस टीम को 10 के स्कोर पर ट्रेविस हेड (4) के रूप में पहला झटका लग गया था, जिसके बाद कप्तान मिचेल मार्श ने कूपर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। मार्श 28 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों के साथ 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद जोश इंगलिस मैदान पर उतरे, लेकिन टीम के खाते में 4 रन से ज्यादा नहीं जोड़ सके। हालांकि, कूपर (51 रन) अर्धशतक लगाने में सफल रहे।
टीम को 107 के स्कोर पर चौथा झटका लग गया था।

### विमेंस टी20 रैंकिंग: 800 रेटिंग के साथ श्री चरणी ने

# टी20 फॉर्मेट में इतिहास रचा

## दीप्ति चार पायदान ऊपर चढ़ीं

**नई दिल्ली।** श्री चरणी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह मंगलवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में 800-रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गईं। यह उपलब्धि एशिया कप 2026 के फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मिली है। चरणी ने श्रीलंका के विरुद्ध खिताबी मुकाबले में सिर्फ 20 रन देकर 4 विकेट हासिल करते हुए पूरे टूर्नामेंट में कुल 12 विकेट चटकाए थे। अब चरणी की रेटिंग 804 है, जिससे शीर्ष पर उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। श्री चरणी यह आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज और कुल मिलाकर तीसरी गेंदबाज बन गई हैं। महिला टी20 में गेंदबाजों के लिए अब तक की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम है, जिन्होंने शीर्ष पर रहते हुए 806 रेटिंग हासिल की थी। श्री चरणी ने एक कैलेंडर ईयर में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का पूनम यादव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 800




रेटिंग हासिल करने वाली तीसरी गेंदबाज हैं; उनसे पहले पूर्व नंबर 1 सोफी एक्लेस्टोन 802 रेटिंग तक पहुंच चुकी थीं।

एक तरफ, चरणी शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं, तो दूसरी ओर स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा उनकी जगह के लिए एक मजबूत दावेदार के तौर पर उभरी हैं। दीप्ति ने एशिया कप फाइनल में 19 रन देकर 3 विकेट लिए और 14 विकेट के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। वह चार पायदान ऊपर चढ़कर 729 रेटिंग के साथ गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। हालांकि, हमवतन खिलाड़ी चरणी से काफी पीछे हैं।

फाइनल में मैच जिताऊ 68 रन की पारी खेलने के बाद शेफाली वर्मा टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके साथ ही, शेफाली टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑल-राउंडर्स की सूची में भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गईं।

# डेलनाज ईरानी ने सालों तक क्यों ठुकराए पारसी किरदार



**अभिनेत्री डेलनाज ईरानी को दर्शक लंबे समय से उनके मजेदार और यादगार किरदारों के लिए जानते हैं। छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक, उन्होंने कई ऐसे किरदार निभाए हैं जिनमें उनकी कॉमेडी और अभिनय का अलग अंदाज देखने को मिला। हालांकि, इस बार डेलनाज कुछ ऐसा लेकर आई हैं जो उनके लिए भी एक तरह की नई चुनौती है। नेटफ्लिक्स की हालिया सीरीज चुंबक में वह एक पारसी किरदार निभा रही हैं। लेकिन इस किरदार को स्वीकार करना उनके लिए इतना आसान नहीं था।**

डेलनाज ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने करियर में लंबे समय तक पारसी किरदारों से दूरी बनाए रखी। इसकी वजह पारसी समुदाय को पर्दे पर दिखाने का वह तरीका था, जिसमें अक्सर उनके बोलने के अंदाज, कपड़ों और हाव-भाव को जरूरत से ज्यादा बढ़ा दिया जाता है। ऐसे में जब उन्हें 'चुंबक' का प्रस्ताव मिला तो उन्हें पहली बार लगा कि इस किरदार को बिना किसी बनावटीपन के निभाया जा सकता है। डेलनाज ने कहा, मैंने अपने करियर में कई चर्चित कॉमेडी किरदार निभाए हैं, लेकिन चुंबक का किरदार मेरे लिए काफी अलग है। मैंने लंबे समय तक पारसी किरदार निभाने से जानबूझकर इनकार किया था। अपने पूरे करियर में मैंने सिर्फ एक पारसी किरदार निभाया था। यह किरदार साल 2004-2005 में जेडी और आतिश के शो बटलीवाला हाउस नंबर 43 में निभाया था। इसके बाद इतने सालों तक मैंने दोबारा इस तरह का किरदार नहीं किया।

डेलनाज ने कहा, जब भी मनोरंजन जगत में पारसी को दिखाया जाता है तो कई बार उसे जरूरत से ज्यादा मजाकिया और बनावटी अंदाज में पेश किया जाता है। किरदारों को एक खास तरह से बोलते हुए दिखाया जाता है, उनके पहनावे और हावभाव को भी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, जो हमेशा स्वाभाविक नहीं लगता। उन्होंने कहा, सीरीज चुंबक में तारापोरवाला परिवार को काफी सामान्य और सहज तरीके से दिखाया गया है। सीरीज में पांच अलग-अलग परिवारों की कहानी है और तारापोरवाला परिवार को ऐसे पारसी परिवार के रूप में दिखाया गया है, जैसे असल जिंदगी में पारसी बस्तियों में रहने वाले परिवार होते हैं। मुझे यही बात सबसे ज्यादा पसंद आई। मैं लंबे समय तक किसी ऐसे किरदार का हिस्सा नहीं बनना चाहती थीं, जिसमें किसी कम्यूनिटी को केवल हंसी-मजाक या एक खास छवि तक सीमित कर दिया जाए। मेरे लिए जरूरी था कि किरदार में इंसानी पहलू हो और दर्शक उससे जुड़ सकें। डेलनाज ने कहा, चुंबक का किरदार मेरे लिए खुद को एक अभिनेता के तौर पर चुनौती देने का मौका था। मैंने अपने ही अंदाज में खुद से कहा कि अब आगे बढ़कर यह किरदार करके देखना चाहिए और पता लगाना चाहिए कि क्या मैं एक सामान्य पारसी किरदार को सही तरीके से निभा सकती हूं। मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी अलग रहा क्योंकि मुझे अपने पुराने कॉमेडी किरदारों से हटकर एक ऐसी भूमिका में काम करने का मौका मिला, जिसमें हास्य के साथ किरदार की अपनी पहचान और परिवार का माहौल भी अहम है। बता दें कि चुंबक में डेलनाज गुलशन तारापोरवाला के किरदार में नजर आ रही हैं। गुलशन एक पारसी सास हैं, जिनका स्वभाव काफी हंसमुख, चुलबुला और मजेदार है। चुंबक में पांच परिवारों की अलग-अलग कहानियों को एक साथ पिरोया गया है। इसमें अलग-अलग तरह के रिश्ते, स्वभाव और पारिवारिक स्थितियां देखने को मिलती हैं। सीरीज का प्रीमियर 10 सितंबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर हुआ।






# गैंगस्टर का रोल निभाना चाहती हैं मालविका मोहनन

साउथ इंडस्ट्री की पॉपुलर अभिनेत्री मालविका मोहनन बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सरदार 2' की रिलीज के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे भविष्य में गैंगस्टर का रोल निभाना चाहेंगी। दरअसल, सोशल मीडिया पर सवाल जवाब के दौरान अभिनेत्री से एक फैन ने पूछा कि वो आगे किस तरह के रोल करना चाहती हैं, तो मालविका ने कहा, 'मैं गैंगस्टर का रोल करना चाहती हूं।' इसके साथ ही उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'सरदार 2' के को-स्टार कार्थी के बारे में भी बताया। एक और फैन ने पूछा कि खाने का शौकीन कौन है, तो एक्ट्रेस ने कहा, 'हम दोनों को ही खाना और स्नैकिंग बहुत पसंद है। मुझे तो कभी भी, कहीं भी स्नैक खाना अच्छा लगता है और प्रमोशन के दौरान मुझे लगा कि कार्थी सर भी मेरे जैसे ही हैं।' फिल्म 'सरदार 2' में अभिनेत्री मालविका मोहनन के साथ अभिनेता कार्थी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

पी.एस. मित्रन के निर्देशन में बनी फिल्म साल 2022 की हिट फिल्म 'सरदार' का सीक्वल है। साथ ही, यह फिल्म प्रीक्वल का भी काम करती है, जिसमें एजेंट सरदार (चंद्र बोस) के अतीत और उनके बेटे विजय प्रकाश की कहानी को आगे दिखाया जाएगा। डायरेक्टर पी एस मिथरन ने 'सरदार' में पानी के व्यवसायीकरण के मुद्दे को उठाया था। ये फिल्म बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। अब इस स्पाई थ्रिलर के दूसरे पार्ट में डायरेक्टर ने सेहत और हाइजीन से जुड़े मुद्दों को दिखाने की कोशिश की है। फिल्म में कार्थी एक बार फिर पिता (चंद्रबोस उर्फ सरदार) और पुत्र (इंस्पेक्टर विजय प्रकाश) की दोहरी भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी चंद्रबोस के अतीत के एक अधूरे मिशन और उससे जुड़े पुराने जख्मों से जुड़ी है, जो वर्तमान में एक नए और खतरनाक अंतरराष्ट्रीय खतरे के रूप में लौटती है। इस सीक्वल में एसजे सूर्या एक खूंखार और शक्तिशाली 'ब्लैक डैगर' की भूमिका निभा रहे हैं, जो कार्थी के सामने एक बड़ी चुनौती बनते हैं। फिल्म में मालविका मोहनन, आशिका रंगनाथ और रजिशा विजयन महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, फिल्म में योगी बाबू और अन्य जाने-माने कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।



# प्रीति जिंटा ने 'बंटवारा 1947' के फ्लॉप होने पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा ने लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी की थी। लेकिन उनकी कमबैक फिल्म 'बंटवारा 1947' बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल नहीं दिखा सकी, जिसकी मेकर्स और फैंस को उम्मीद थी। भारी-भरकम स्टारकास्ट, आमिर खान का प्रोडक्शन और राजकुमार संतोषी का निर्देशन होने के बावजूद फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन काफी निराशाजनक रहा। अब इस फिल्म के फ्लॉप होने पर खुद प्रीति जिंटा ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। मिड-डे को दिए इंटरव्यू में प्रीति जिंटा ने फिल्म के प्रदर्शन पर दिल खोलकर बात की और बताया कि एक अभिनेता के तौर पर आप सिर्फ अपनी मेहनत को कंट्रोल कर सकते हैं, फिल्म के नतीजे को नहीं।

प्रीति जिंटा ने कहा, सबसे पहली बात तो यह है कि मुझे अपनी फिल्म पर बहुत गर्व है। यह मेरे लिए एक बहुत ही भावुक कर देने वाला अनुभव रहा। एक एक्टर के तौर पर, मैं हमेशा अपनी उम्मीदों को संतुलित रखती हूं। जब मैं काम कर रही होती हूं, तो अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करती हूं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कर्म के सिद्धांत पर जोर दिया और कहा, मैं कर्म में विश्वास करती हूं। आप अपना काम पूरी ईमानदारी से करें और बाकी सब ईश्वर पर छोड़ दें। आगे क्या होगा, इस पर आपका कोई नियंत्रण नहीं होता। इसलिए आप हर फिल्म में जितनी हो सके मेहनत करते हैं; मैं अपना 1000 प्रतिशत देती हूँ और बाकी सब भगवान पर छोड़ देती हूं।

### फिल्म को क्यों मिला ठंडा रिस्पॉन्स?

फिल्म 'बंटवारा 1947' भारत और पाकिस्तान के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक भावुक और गंभीर ड्रामा है। यह कहानी मशहूर नाटककार असगर वजाहत के नाटक 'जिस लाहौर नई वेख्या, ओ जम्या ई नई' पर आधारित थी। फिल्म में सनी देओल और शबाना आजमी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। लाहौर में हवेली के मालिकाना हक और सांप्रदायिक तनाव के बीच बुनी गई यह कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रही। 'बंटवारा 1947' की निराशा को पीछे छोड़ते हुए प्रीति जिंटा अब अपनी अगली फिल्म 'वाइब' की रिलीज की तैयारी में जुट गई हैं। कुणाल खेमू द्वारा निर्देशित यह एक स्पाई-कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें प्रीति एक अलग और बेहद मजेदार अंदाज में नजर आने वाली हैं। फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# राकेश ओमप्रकाश मेहरा की नई लव स्टोरी में दिखेंगे विक्रांत



फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा इन दिनों अपनी सबसे बड़ी फिल्म 'कर्ण' की तैयारियों में बिजी हैं। इसकी शूटिंग शुरू करने से पहले राकेश ओमप्रकाश मेहरा एक छोटी फिल्म पूरी करना चाहते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक... 'राकेश ने विक्रांत को अपनी अगली फिल्म के लिए चुन लिया है। यह फिल्म एक छोटे शहर की प्रेम कहानी होगी। बताया जा रहा है कि मेहरा इस कहानी को काफी समय से अपने साथ लेकर चल रहे हैं और अब इसे परदे पर उतारना चाहते हैं।'

# फैंस को हमारी केमिस्ट्री पसंद है, इसलिए लेकर आए 'ना पूछदे' सॉन्ग

रियलिटी शोज के जरिए दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाले योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी अब एक नए अंदाज में साथ नजर आए हैं। 'स्प्लिट्सविला' और 'लॉक अप' के बाद सुर्खियां बटोर चुकी यह जोड़ी पहली बार एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ आई है। दोनों का नया रोमांटिक गाना 'ना पूछदे' रिलीज हो चुका है, जिसमें योगेश और आकांक्षा की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। खास बात यह है कि गाने में मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ ने आवाज दी है। 'ना पूछदे' को प्ले डीएमएफ और वर्जिन म्यूजिक इंडिया ने पेश किया है। गाने में योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी की जोड़ी बेहद रोमांटिक नजर आ रही है। दोनों कलाकारों का कहना है कि यह गाना उनके चाहने वालों के लिए है, जिन्होंने अब तक के सफर में उन्हें भरपूर प्यार दिया है।

गाने को लेकर आकांक्षा चौधरी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ''दर्शकों ने मुझे और योगेश को जो प्यार दिया है, उसके बदले हम भी अपने फैंस को कुछ खास देना चाहते थे। 'ना पूछदे' हमारे लिए ऐसा करने का एक शानदार मौका है। गाने की खूबसूरत लोकेशन ने इसके अनुभव को खास बनाया, वहीं नेहा कक्कड़ की आवाज ने इसमें एक अलग ही मिठास भर दी।'' आकांक्षा ने कहा, ''गाने को बनाते समय पूरी टीम ने काफी मेहनत की है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक जब 'ना पूछदे' को देखेंगे और सुनेंगे, तो वे भी उस प्यार और भावनाओं को महसूस कर पाएंगे, जो इस गाने को तैयार करने में शामिल रही हैं। यह म्यूजिक वीडियो दर्शकों से मिले प्यार के बदले हमारी तरफ से एक छोटा सा तोहफा है।''

वहीं, योगेश रावत ने भी अपने फैंस को सबसे बड़ी ताकत और उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, 'हमारे चाहने वालों ने हमें जिस तरह से सपोर्ट किया है, उसके लिए हम हमेशा आभारी रहेंगे। 'ना पूछदे' के जरिए हमने दर्शकों को अपनी केमिस्ट्री की झलक देने की कोशिश की है, जिसे लोग पसंद करते हैं।'' योगेश ने कहा, ''इस गाने को दर्शकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह हमारे लिए बेहद खास है। अपने पहले गाने में नेहा कक्कड़ की आवाज का होना इस अनुभव को यादगार बनाता है। नेहा की आवाज ने गाने की रोमांटिक भावनाओं को बहुत खूबसूरती से सामने रखा है।''






# साउथ सिनेमा में शाहिद कपूर की एंट्री

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और 'केजीएफ' व 'सालार' फेम डायरेक्टर प्रशांत नील की मच-अवेटेड फिल्म 'ड्रैगन ' पहले ही अपने बड़े स्केल और दमदार स्टारकास्ट को लेकर चर्चा में है। फिल्म में अनिल कपूर की एंट्री के बाद अब खबर है कि आलिया भट्ट और शाहिद कपूर भी इस एक्शन थ्रिलर का हिस्सा बन सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहिद फिल्म में एक नेगेटिव किरदार निभा सकते हैं, जबकि आलिया के रोल को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, इन दोनों नामों को लेकर मेकर्स की तरफ से अभी कोई ऑफिशियली स्टेटमेंट नहीं आई है। फिल्म की कहानी 1967 के दौर कि है और इसका बैकड्रॉप 'गोल्डन ट्रायंगल' और इंटरनेशनल अफीम ट्रेड से जुड़ा बताया जा रहा है। फिल्म में अनिल कपूर, रुक्मिणी वसंत और आशुतोष राणा जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब खबरें ये भी हैं कि आलिया भट्ट और शाहिद कपूर इस फिल्म से जुड़ने वाले हैं, हालांकि मेकर्स ने अभी इसपर ऑफिशियली कुछ नहीं कही है।

### 'ड्रैगन ' में दिख सकती है 'शानदार' जोड़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट और शाहिद कपूर 'ड्रैगन ' में लीड रोल निभाने के लिए टीम में शामिल हो गए हैं। दोनों कलाकारों की ये जोड़ी इससे पहले फिल्म 'शानदार' में साथ नजर आ चुकी है। हालांकि, इस खबर पर अभी तक फिल्म के मेकर्स की ओर से कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आया है।

### शाहिद बनेंगे विलेन

वहीं शाहिद कपूर को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा उनके किरदार की है। रिपोर्ट्स की मानें तो 'कबीर सिंह' स्टार फिल्म में नेगेटिव रोल निभा सकते हैं। इससे पहले अप्रैल में 'तेलुगु चित्रालु' की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि शाहिद इस प्रोजेक्ट को लेकर मेकर्स के संपर्क में हैं। अगर उनकी एंट्री पक्की होती है, तो ये तेलुगु सिनेमा में शाहिद कपूर की ऑफिशियल एंट्री होगी।

### जूनियर एनटीआर की सर्जरी के बाद रिकवरी जारी

फिलहाल जूनियर एनटीआर अपनी कंधे की सर्जरी के बाद रिकवर कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस, दोस्तों और परिवार का उनके सपोर्ट और दुआओं के लिए शुक्रिया भी अदा किया था। इस दौरान प्रशांत नील फिल्म के दूसरे हिस्सों और कलाकारों से जुड़े काम को आगे बढ़ा रहे हैं।



# तटीय दीव

## में पर्यटकों के लिए है बहुत कुछ

**यह** स्थान वर्ष 1961 से पहले पुर्तगाली शासन के अधीन था तथा गोवा और दमन के साथ ही इसे स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। ठंडी समुद्री हवा के झोकों तथा प्रदूषण रहित वातावरण के कारण यहां आकर सैलानियों को काफी राहत महसूस होती है।

लंबे विदेशी शासन के कारण दीव के भवनों, किलों, भाषा व संस्कृति तथा जीवनशैली पर पुर्तगाली सभ्यता का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। यहां गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी तथा पुर्तगाली भाषाएं बोली व समझी जाती हैं। यहां के निवासियों को फूलों से बेहद लगाव है इसलिए लगभग हर मकान में फूलों के पौधे आपको अवश्य देखने को मिलेंगे।



दीव का प्रमुख आकर्षण यहां का किला है जोकि लगभग 5.7 हेक्टेयर क्षेत्र में बना हुआ है और सागर के अंदर समाया हुआ प्रतीत होता है। इस किले का निर्माण वर्ष 1535-41 के बीच में गुजरात के सुलतान बहादुरशाह व पुर्तगालियों द्वारा किया गया था। किले के बीच में पुर्तगाली योद्धा डाम नूनो डी कुन्हा की कांसे की मूर्ति भी बनी हुई है। यहां एक प्रकाश स्तंभ भी बना हुआ है जहां से पूरे दीव का नजारा दिखता है। प्रकाश स्तंभ से आवाज देने पर उसकी प्रतिध्वनि भी सुनाई देती है।



पानीकोट का दुर्ग पत्थर की विशाल शिलाओं से बना हुआ है। यह दुर्ग एक समुद्री जहाज के आकार का नजर आता है। इस सुंदर दुर्ग तक पहुंचने के लिए नाव अथवा मोटरबोट की सहायता लेनी पड़ती है क्योंकि यह खाड़ी के मुहाने पर तट से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दुर्ग के बीचोंबीच एक गिरजाघर व प्रकाश स्तंभ भी है।



आप सेंट पाल चर्च भी देखने जा सकते हैं। वर्ष 1610 में बनी यह चर्च धार्मिक और ऐतिहासिक, दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आप दीव घूमने आए ही हैं तो नगोआ बीच जरूर जाएं। इस बीच को भारत के सुंदरतम तटों में से एक माना जाता है। इसका आकार घोड़े की नाल के समान है, जिस पर सुनहरी रेत बिखरी हुई है। इसकी लंबाई दो किलोमीटर है तथा रहने के लिए यहां तंबू लगाने की सुविधा भी है।

सनसेट प्वाइंट सागर तट की गरजती लहरों के बीच एक पहाड़ी पर स्थित है। यहां पर एक उद्यान और ओपन एअर थियेटर बनाया गया है तथा स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए कमरों की भी व्यवस्था है।

दीव के अन्य दर्शनीय स्थलों की बात करें तो केवड़ी में स्थित संगीत फुहारे, सेंट थामस चर्च, नवलखा पार्श्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, जामा मस्जिद, दीव संग्रहालय, गोमती माता सागर तट, घोघला सागर तट व मांडवी नगर आदि प्रमुख हैं। दीव में एक विचित्र आकार का ताड़ का पेड़ होता है जिसमें ऊपर एक के स्थान पर दो तने होते हैं, यह पेड़ अंग्रेजी के वाई आकार का दिखता है, इसको होक्का ताड़ भी कहते हैं।

दीव के हवाई अड्डे पर जेट एअर की मुंबई से प्रतिदिन की उड़ाने हैं। यदि यहां रेल मार्ग से आना चाहें तो आपको निकटतम रेलवे स्टेशन वेरावल पड़ेगा। जहां से आपको दीव तक के लिए बस सेवा उपलब्ध हो जाएगी।



# चीन में कीजिए बाघ की सवारी

**बीजिंग। बाघ को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। लेकिन चीन के एक चिड़ियाघर में पर्यटकों को बाघ की सवारी कराई जा रही है। पर्यटक भी बेखौफ होकर इसका लुत्फ ले रहे हैं। इसका खर्चा मात्र 30 युआन (करीब दो सौ रुपए) है। झेजियांग राज्य के वेनझोऊ चिड़ियाघर में पर्यटकों को बाघ की सवारी करवाई जा रही है।**

यही नहीं बाघ पर बैठकर वह अपनी फोटो भी खींचा सकते हैं। हालाँकि कई लोग इसकी आलोचना भी कर रहे हैं। वेनझोऊ मेट्रोपोलिटन न्यूज के अनुसार यहां प्रतिदिन बाघ का शो किया जाता है। करीब बीस मिनट के शो के बाद पर्यटकों को बाघ को छूने के लिए बुलाया जाता है।

चिड़ियाघर के तीन कर्मचारी इस दौरान बाघ पर नियंत्रण रखते हैं। एक कर्मचारी पर्यटक को बाघ पर बैठाकर फोटो खींचता है। इसके एवज में वहाँ मौजूद एक महिला शुल्क वसूलती है। महिला ने बताया यह बाघ पालतू हैं और उसके दाँत और नुकीले नाखून निकाल दिए गए हैं।

वहीं एक पर्यटक लाओ शिबो ने इस पर नाराजगी जाहिर की । उसने कहा यह काफी खतरनाक है। यह जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करने जैसा है।

चिड़ियाघर को पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फोटो खिंचाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। चिड़ियाघर के प्रवक्ता ने बताया कि हमने इसके लिए प्रशिक्षित लोगों को रखा है। हम उन्हें इसके लिए भुगतान करते हैं।



# घर बैठे घूमें रूस और यूरोप

ट्रांस साइबेरियन रेलवे की विश्व प्रसिद्ध छह दिनी रेल यात्रा का लुत्फ अब अपने कम्प्यूटर पर लिया जा सकता है। यह यात्रा रूस की राजधानी मॉस्को से शुरू होकर व्लादिवोस्तक के प्रशांत महासागर के तट पर समाप्त होती है।

गूगल रशिया और रशियन रेलवे के संयुक्त प्रयासों से एक नई वेबसाइट के जरिए ट्रांस साइबेरियन रेलवे की वर्चुअल जर्नी लॉन्च की गई है।

गूगल पर छह दिन की वीडियो फुटेज लॉन्च की गई है, जो मॉस्को से व्लादिवोस्तक की लगभग छह हजार मील की यात्रा कवर करती है। 6590 रूबल यानि 9836 रुपए प्रति व्यक्ति टिकट वाली यह यात्रा इंटरनेट पर मुफ्त में की जा सकती है।

छह दिनों के इस फुटेज को अगस्त 2009 में तैयार किया गया। इस छह दिन की यात्रा को फिल्माने में कुल 30 दिन लगे। चूंकि इसे केवल दिन की रोशनी में ही रेल की खिड़की से फिल्माया गया है।

### यूरोप-एशिया के खूबसूरत नजारे

इस यात्रा के दौरान ट्रांस साइबेरियन रेलवे से दिखने वाल सारे नजारे गुजरते हैं। शीशे सी चमकती खूबसूरत बैकाल झील, वोल्गा नदी, बरगुजीन के पर्वत, तमाम गाँवों के नजारे, बादलों से ढकी पर्वत श्रृंखलाएँ, धुंध में लिपटी वादियाँ और भी ढेरों खूबसूरत नजारे।

लियो तोलस्तोय, रूसी लोकगीत यात्रा में रेल की मधुर ध्वनि का साथ भी चुन सकते हैं और रूसी लोकधुनों का भी आनंद ले सकते हैं। इनसे ऊबे तो लियो तोलस्तोय की क्लासिक रचना 1400 पन्नों की 'वार एण्ड पीस' को भी सुन सकते हैं। साथ ही निकोलाय गोगोल की 'डेड सोल' भी उपलब्ध है। रास्तों को समझने में वर्चुअल गाइड डीजे येलेना भी मदद करेगी।

आँकड़ों में ट्रांस साइबेरियन रेलवे 5753 मील मॉस्को से व्लादिवोस्तक

2 महाद्वीप यूरोप और एशिया

7 टाइम जोन

6 दिन बिना रूके यात्रा

87 रूसी शहर

150 घंटे की वीडियो फुटेज वर्चुअल यात्रियों के लिए

